

प्रेरणास्त्रोतः स्व. डॉ. एलसी वालिया

राष्ट्रीय हिंदी दैनिक

# लोक प्रेरणा

लोहारू से प्रकाशित

RNI No.HARHIN/2022/90426 | वर्ष : 03, अंक: 10 पृष्ठ: 08, मूल्य: रू. 2.00 | शुक्रवार, 20 जून 2025 | lokparerna@gmail.com | +91-9255149495


## भारत दे सकता है यूके की अर्थव्यवस्था को रफ्तार : पीयूष गोयल

**नई दिल्ली।** केंद्रीय वाणिज्य एवं उद्योग मंत्री पीयूष गोयल ने कहा है कि भारत ब्रिटेन की अर्थव्यवस्था को तेजी से बढ़ने में मदद कर सकता है। भारतीय यूके जाकर वहां की अर्थव्यवस्था में मूल्य जोड़ते हैं। मुक्त व्यापार समझौते से दोनों देशों के रिश्ते और मजबूत होंगे। गोयल ने लंदन में इंडिया ग्लोबल फोरम (आईजीएफ) में यह बात कही। उन्होंने कहा कि हम इस अनिश्चित विश्व में जो अस्थिरता, अनिश्चितता, चुनौतियों और संकटों से भरा हुआ है, ब्रिटेन की अर्थव्यवस्था को तेजी से बढ़ने में मदद कर सकते हैं। इस समय दुनिया संकटों और चुनौतियों से भरी है। फिर भी भारत स्थिरता, तेज विकास के दौर में है। यहां के लोग अपने शांत स्वभाव के कारण पूरे विश्वभर में जाने जाते हैं। उन्होंने कहा कि चार करोड़ भारतीय विश्व के अलग-अलग देशों में रहते हैं, जो अपनी प्रतिभा और कौशल के लिए पहचाने जाते हैं। इंडिया ग्लोबल फोरम में बोलते हुए गोयल ने यूके-भारत मुक्त व्यापार समझौते (एफटीए) पर भी टिप्पणी की। उन्होंने कहा कि इसे मुफ्त में दिए जाने वाला कहना अनुचित है। भारतीय लोग जब यहां आते हैं तो वे यूके की अर्थव्यवस्था में मूल्य जोड़ते हैं। एफटीए के लागू होने की समयसीमा के बारे में उन्होंने कहा, ह्यह्यमेरा मानना है कि ब्रिटेन की संसद द्वारा उनकी प्रक्रियाएं पूरी करने के बाद बहुत जल्द इसे एक लागू करने योग्य समझौते का रूप दे दिया जाएगा।

# आने वाले समय में अंग्रेजी बोलने में शर्म आएगी: शाह

## पीएम नरेंद्र मोदी और कार्नी ने किया उच्चायुक्तों की नियुक्ति का एलान

**लोक प्रेरणा**

**नई दिल्ली।** राष्ट्र की पहचान उसकी अपनी भाषा से होती है। भारतीय भाषाओं के महत्व पर जोर देते हुए केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह ने यह टिप्पणी की। उन्होंने कहा कि भारत की भाषाई विरासत को दोबारा प्राप्त करने और देशी भाषाओं पर गर्व के साथ दुनिया का नेतृत्व करने का समय आ गया है।

**देश को समझने के लिए विदेशी भाषा पर्याप्त नहीं**

शाह ने कहा कि इस देश में अंग्रेजी बोलने वालों को जल्द ही शर्म आएगी। ऐसे समाज का निर्माण दूर नहीं है, केवल दृढ़ निश्चयी लोग ही बदलाव ला सकते हैं। मेरा मानना है कि हमारे देश की भाषाएं हमारी संस्कृति के रत्न हैं। अपनी भाषाओं के बिना हम सच्चे भारतीय नहीं हैं। अपने देश, अपनी संस्कृति, अपने इतिहास और अपने धर्म को समझने के लिए कोई भी विदेशी भाषा पर्याप्त नहीं हो सकती है।



**प्रधानमंत्री के पंच प्रण**

उन्होंने प्रधानमंत्री मोदी के पंच प्रण कै जिक्र किया। विकसित भारत के लक्ष्य को प्राप्त करना, गुलामी की हर सोच से मुक्ति पाना, विरासत पर गर्व करना, एकता और एकजुटता, प्रत्येक नागरिक में कर्तव्य की भावना जगना। उन्होंने कहा कि ये पांच प्रतिज्ञाएं देश के नागरिकों का संकल्प बन गई हैं। 2047 के विकसित भारत की यात्रा में हमारी भाषाएं प्रमुख भूमिका निभाएंगी।

**प्रशासनिक प्रशिक्षण मॉडल में सहानुभूति को करना होगा शामिल**

गृह मंत्री पूर्व आईएएस आशुतोष अग्निहोत्री की लिखी गई पुस्तक मैं बूंद स्वयं, खुद सागर हूं, के विमोचन में गुरुवार को शामिल हुए। उन्होंने प्रशासनिक अधिकारियों के प्रशिक्षण मॉडल में सहानुभूति लाने पर जोर दिया। शाह ने कहा कि यह मॉडल ब्रिटिश काल से प्रेरित है, इसलिए यहां सहानुभूति की कोई जगह नहीं है। मेरा मानना है कि कोई शासक अगर सहानुभूति के बिना शासन करता है, तो वह अपने वास्तविक उद्देश्य को प्राप्त नहीं कर सकता है।

### उद्यमिता को बढ़ावा देने के लिए हाथ मिलाया

**नई दिल्ली।** उद्योग एवं आंतरिक व्यापार संवर्धन विभाग (डीपीआईआईटी) ने अग्रणी डिजिटल प्लेटफॉर्म योरस्टोरी मीडिया प्राइवेट लिमिटेड के साथ में एक रणनीतिक समझौता ज्ञापन (एमओयू) पर हस्ताक्षर किए हैं। इस पहल का उद्देश्य समावेशी उद्यमिता को बढ़ावा देना और पूरे भारत में गतिशील स्टार्टअप का समर्थन करना है। वाणिज्य एवं उद्योग मंत्रालय ने गुरुवार को एक बयान में बताया कर्? इस समझौता ज्ञापन पर औपचारिक रूप से डीपीआईआईटी के उप सचिव राजेश कुमार और योरस्टोरी एवं द भारत प्रोजेक्ट की संस्थापक एवं मुख?य कार्यपालक अधिकारी (सीईओ) श्रद्धा शर्मा ने दोनों संगठनों के वरिष्ठ अधिकारियों की उपस्थिति में हस्ताक्षर किए। इस अवसर पर डीपीआईआईटी के संयुक्त सचिव संजीव सिंह ने उद्यमियों की अगली पीढ़ी को आगे बढ़ाने में समावेशी प्लेटफार्मों के महत्व पर जोर दिया। उन्होंने कहा कि साझेदारी नेटवर्क, ज्ञान और सफलता की कहानियों तक पहुंच का विस्तार करेगी।

## प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी तीन देशों की सफल यात्रा के बाद स्वदेश लौटे

**लोक प्रेरणा**

**नई दिल्ली।** प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी साइप्रस, कनाडा और क्रोएशिया की अपनी तीन देशों की यात्रा पूरी करने के बाद गुरुवार को स्वदेश लौट आए। यह यात्रा रणनीतिक साझेदारी को मजबूत करने, द्विपक्षीय संबंधों को नया आयाम देने और वैश्विक मंच पर भारत की भूमिका को और सुदृढ़ करने के उद्देश्य से की गई थी। प्रधानमंत्री के स्वागत के लिए दिल्ली हवाई अड्डे पर मंत्रिमंडल के सदस्य, वरिष्ठ अधिकारी और भाजपा कार्यकर्ता मौजूद थे। यात्रा की पहली कड़ी में प्रधानमंत्री मोदी साइप्रस पहुंचे, जहां उन्होंने



राष्ट्रपति निकोस क्रिस्टोडुलाइड्स से मुलाकात की। दोनों देशों ने ऊर्जा, आईटी और निवेश के क्षेत्र में सहयोग बढ़ाने पर सहमति जताई। भारत और साइप्रस के बीच दोहरे कराधान से बचाव समेत तीन समझौतों पर हस्ताक्षर हुए। कनाडा यात्रा के दौरान प्रधानमंत्री मोदी ने अपने कनाडाई समकक्ष मार्क कार्नी से मुलाकात की और आपसी व्यापार, शिक्षा एवं सुरक्षा के मुद्दों पर व्यापक चर्चा की। इसके अलावा प्रधानमंत्री मोदी ने टोरंटो में बसे भारतीय समुदाय को संबोधित करते हुए कहा कि भारत की प्रगति में प्रवासी भारतीयों की भूमिका अहम है।

### तकनीकी खराबी के कारण इंडिगो की फ्लाइट वापस लौटी

**नई दिल्ली।** इंडिगो एयरलाइन की नई दिल्ली से लेह जाने वाली उड़ान संख्या 6ई 2006 तकनीकी खराबी के कारण गुरुवार सुबह दो घंटे से अधिक समय तक हवा में रही और उसके बाद उसे आईजीआई हवाई अड्डे पर उतारना पड़ा। एयरलाइन के प्रवक्ता ने बताया कि दिल्ली से लेह के लिए 19 जून को उड़ान भरने वाली फ्लाइट (6ई-2006) तकनीकी समस्या के कारण अपने मूल स्थान पर लौट आई है। प्रवक्ता ने यह भी कहा कि परिचालन पुनः शुरू करने से पहले विमान का आवश्यक रखरखाव किया जा रहा है। यात्रियों को लेह ले जाने के लिए एक वैकल्पिक विमान की व्यवस्था की गई है।

## जेंडर बजट केवल आंकड़े नहीं, विकास का दृष्टिकोण: अन्नपूर्णा

**लोक प्रेरणा**

**नई दिल्ली।** केन्द्रीय महिला एवं बाल विकास मंत्री अन्नपूर्णा देवी ने कहा कि वित्त वर्ष 2025-26 के 4.49 लाख करोड़ रुपये के जेंडर बजट और 273 से अधिक योजनाओं में महिला हितधारकों की प्राथमिकता—यह साबित करता है कि अब बजट केवल आंकड़े नहीं, विकास का दृष्टिकोण है। यह बदलाव महिलाओं को लाभार्थी से नेतृत्वकर्ता बना रहा है। जेंडर बजटिंग पर राष्ट्रीय परामर्श में मंत्रालयों, राज्यों, सहयोगी संस्थानों और विशेषज्ञों की सहभागिता ने महिला नेतृत्व में विकास के साझा संकल्प को सशक्त किया। यह संवाद, समावेशी नीति निर्माण की दिशा में अहम कदम रहा। अन्नपूर्णा देवी गुरुवार को विज्ञान भवन में आयोजित जेंडर बजटिंग पर राष्ट्रीय परामर्श में मौजूद विशेषज्ञों को संबोधित कर रही थीं। पिछले एक दशक में भारत ने ऐसे भविष्य की नींव रखी है जहां महिलाएं अब सिर्फ भागीदार नहीं हैं बल्कि- वे नेता, नवप्रवर्तक, संरक्षक और उद्यमी हैं।

अंतरिक्ष मिशन से लेकर जमीनी स्तर के शासन तक नारी शक्ति पहले से कहीं अधिक दृढ़ संकल्प के साथ आगे बढ़ रही है। भारत की महिलाओं ने अपने दृढ़-संकल्प से, विकसित भारत निर्माण में नित नए आयाम स्थापित किए हैं ' वे चुनौतियों को अवसर में बदल रही हैं।

### सेल ने आईएनएस 'अणार्ला' का उत्पादन करने के लिए आपूर्ति की स्टील

**नई दिल्लीः** सार्वजनिक क्षेत्र की सबसे बड़ी इस्पात उत्पादक कंपनी स्टील अथॉरिटी ऑफ इंडिया लिमिटेड (सेल) ने रक्षा के क्षेत्र में देश की आत्मनिर्भरता और आयात प्रतिस्थापन की दिशा में एक और कदम बढ़ाया है। देश की महारत्न कंपनी सेल ने देश के पहले एंटी-सबमरीन वारफेयर शैलो वाटर क्राफ्ट 'अणार्ला' के लिए विशेष इस्पात की जरूरत को सफलतापूर्वक पूरा किया है। भारतीय नौसेना में शामिल किया गया।

## योग दिवस को भव्य तरीके से मनाएगी सरकार, योग साधना में दिल्ली के लोगों के साथ मुख्यमंत्री भी होंगी सहभागी

**लोक प्रेरणा**

**नई दिल्ली।** दिल्ली सरकार 21 जून को अंतरराष्ट्रीय योग दिवस को बहुत भव्य तरीके से मनाने की तैयारी कर रही है। मुख्यमंत्री रेखा गुप्ता ने गुरुवार को एक्स पोस्ट में कहा कि योग दिवस पर हम सब मिलकर राजधानी दिल्ली में एक नई परंपरा की शुरूआत करेंगे। दिल्ली के 11 प्रतिष्ठित स्थलों पर वे उनके कैबिनेट सहयोगी और दिल्ली के सांसद, विधायक दिल्ली के लोगों के साथ योग साधना में सहभागी बनेंगे। मुख्यमंत्री ने बताया कि यह आयोजन केवल योग का उत्सव



नहीं, बल्कि जनभागीदारी और जनशक्ति का प्रतीक बनेगा, जहां सरकार और समाज मिलकर एक स्वस्थ, सशक्त और जागरूक दिल्ली के संकल्प को साकार करेंगे। उन्होंने सभी से आग्रह किया कि 21 जून को अपनी भागीदारी से इस योग महापर्व को ऐतिहासिक जन-उत्सव बनाएं और एक भारत, स्वस्थ भारत के संकल्प को और मजबूत करें। इसके पहले 7 जून को शिक्षा मंत्री आशीष सूद ने एक बयान में कहा था कि अंतरराष्ट्रीय योग दिवस की 11वीं वार्षिकी के अवसर पर सरकार दिल्ली में 11 स्थानों पर योग दिवस का आयोजन करने जा रही है। दिल्ली सरकार पहली बार भारत सरकार के साथ मिलकर आधिकारिक तौर पर दिल्ली में अंतरराष्ट्रीय योग दिवस का आयोजन कर रही है।

## राजपूताना राइफल्स के जवानों के लिए एफओबी निर्माण की योजना बनाए सरकार: दिल्ली हाई कोर्ट

**लोक प्रेरणा**

**नई दिल्ली।** दिल्ली हाई कोर्ट की जस्टिस प्रतिभा सिंह की अध्यक्षता वाली वेकेशन बेंच ने राजपूताना राइफल्स के जवानों के लिए फुट ओवरब्रिज के निर्माण के लिए दिल्ली सरकार और कैंटोमेंट बोर्ड को योजना पेश करने का निर्देश दिया है। दरअसल, हाई कोर्ट एक खबर का स्वतः संज्ञान लेकर इस मामले की सुनवाई कर रहा है। खबर में कहा गया था कि राजपूताना राइफल्स के जवान रोजाना सुबह परेड में शामिल होने के लिए गंदे नाले से गुजरते हैं। कई जगह ये नाला कमर तक गहरा भरा




होता है। बुधवार को कोर्ट ने निर्देश दिया कि इस नाले में पानी नहीं भरना चाहिए, ताकि सैनिकों की आवाजाही में कोई समस्या नहीं हो। हाई कोर्ट ने दिल्ली सरकार के पीडब्ल्यूडी विभाग, दिल्ली कैंटोमेंट बोर्ड और दिल्ली ट्रैफिक पुलिस को निर्देश दिया कि वो इस मामले के जल्द समाधान के लिए एक संयुक्त बैठक करें, ताकि सैनिक रोजाना परेड करने जा सकें। कोर्ट ने दिल्ली कैंटोमेंट बोर्ड को निर्देश दिया कि वो सेना की दूसरी एजेंसियों की सेवा लेने के लिए स्वतंत्र है।

कोर्ट ने कहा कि इस फुट ओवरब्रिज के निर्माण की लागत, डिजाइन और उसकी समय सीमा संबंधित रिपोर्ट कोर्ट में दाखिल की जाए। कोर्ट ने कहा कि फुट ओवरब्रिज का लागत खर्च पीडब्ल्यूडी वहन करेगा। कोर्ट ने कहा कि पीडब्ल्यू की ओर से इस फुट ओवरब्रिज के निर्माण की स्वीकृति काफी पहले ही दी गई थी, लेकिन अब तक इसका निर्माण नहीं किया गया।

## रूस ने यूक्रेन के 81 यूएवी रोके या मार गिराए

**मास्को।** रूस की वायुरक्षा प्रणालियों ने रात भर में देश के 11 स्थानों में 81 यूक्रेनी मानवरहित हवाई वाहनों (यूएवी) को रोका या नष्ट कर दिया। रूस के रक्षा मंत्रालय ने आज यह जानकारी दी। यूक्रेन ने रात लगभग नौ बजे से सुबह तक कई स्थानों पर यूएवी हमले का प्रयास किया। रूस की सरकारी समाचार एजेंसी तास की खबर के अनुसार, रूस के रक्षा मंत्रालय ने कहा, "18 जून को रात 9:20 बजे मास्को समय (जीएमटी +3) से लेकर 19 जून को सुबह 6:40



बजे तक 81 यूक्रेनी फिक्स्ड-विंग यूएवी को वायुरक्षा इकाइयों ने रोका या नष्ट कर दिया। ब्रांस्क क्षेत्र में 19, कुर्स्क क्षेत्र में 17, स्मोलेंस्क क्षेत्र में 13, वोल्गोग्राड क्षेत्र में सात, ओर्योल क्षेत्र में छह, रोस्तोव क्षेत्र में पांच, क्रीमिया गणराज्य में पांच, बेलगोरोड में तीन, अस्त्राखान क्षेत्रों में तीन, रियाजान क्षेत्र में दो और मास्को क्षेत्र में एक यूएवी को या रोक दिया गया या मार गिराया गया।

ब्रांस्क क्षेत्र के गवर्नर अलेक्जेंडर बोगोमाज ने कहा कि सीमावर्ती रूसी क्षेत्र में 19 फिक्स्ड-विंग यूएवी नष्ट होने के बाद कोई चोट या क्षति नहीं हुई। न ही रियाजान क्षेत्र के गवर्नर पावेल मालकोव ने ड्रोन हमले के बाद किसी नुकसान की सूचना दी।

### कर्नाटक में रिलीज होगी 'ठग लाइफ' फिल्म

**नई दिल्ली।** सुप्रीम कोर्ट की सख्ती के बाद कर्नाटक में फिल्म 'ठग लाइफ' की रिलीज का रास्ता साफ हो गया है। जस्टिस उज्जवल भुइयां की अध्यक्षता वाली बेंच ने आज कर्नाटक सरकार को निर्देश दिया है कि अभिनेता कमल हासन की तमिल भाषा की फिल्म ठग लाइफ को कर्नाटक में रिलीज नहीं करने देने वालों पर सख्ती से निपटे। कर्नाटक सरकार ने सुप्रीम कोर्ट में हलफनामा दाखिल करके भरोसा दिलाया कि फिल्म की रिलीज में बाधा बनने वालों पर कार्रवाई की जाएगी।

### मद्रास हाई कोर्ट की ओर से एडीजीपी जयराम की गिरफ्तारी के आदेश पर सख्त एतराज जताया था

## एडीजीपी की गिरफ्तारी मामले की जांच सुप्रीम कोर्ट ने सीबीसीआईडी को सौंपी

**लोक प्रेरणा**

**नई दिल्ली।** सुप्रीम कोर्ट ने मद्रास हाई कोर्ट के उस आदेश को निरस्त कर दिया है, जिसमें अपहरण के एक मामले में तमिलनाडु के एडीजीपी एचएम जयराम को गिरफ्तार करने का आदेश दिया गया था। सुप्रीम कोर्ट ने 18 जून को भी मद्रास हाई कोर्ट की ओर से एडीजीपी जयराम की गिरफ्तारी के आदेश पर सख्त एतराज जताया था। जस्टिस उज्जवल भुईयां की अध्यक्षता वाली वेकेशन बेंच ने आज इस मामले की जांच सीबीसीआईडी को सौंप दी है।

गुरुवार को सुनवाई के दौरान तमिलनाडु सरकार के वकील सिद्धार्थ दवे ने कहा कि इस मामले की जांच पूरी होने तक एडीजीपी



जयराम को निलंबित रखना चाहती है। उसके बाद सुप्रीम कोर्ट ने इस मामले की जांच सीबीसीआईडी को सौंपने का आदेश दिया। सुप्रीम कोर्ट ने मद्रास हाई कोर्ट के चीफ जस्टिस को निर्देश दिया कि वो एडीजीपी जयराम से जुड़े मामले की सुनवाई दूसरी बेंच को ट्रांसफर करें।

दरअसल, तमिलनाडु पुलिस के मुताबिक वनराजा नामक व्यक्ति की बेटी ने 22 वर्षीय युवक से परिवार की सहमति के बिना प्रेम विवाह किया था। वनराजा ने पूर्व महिला कांस्टेबल महेश्वरी से बेटी को वापस लाने में मदद मांगी थी। महेश्वरी ने कथित रुप से एडीजीपी जयराम से संपर्क किया था, जिन्होंने विधायक पीजे मूर्ति को इसमें शामिल किया। तमिलनाडु पुलिस के मुताबिक जब युवक का पता नहीं चला तो आरोपितों ने उसके छोटे भाई को अगवा कर लिया। तमिलनाडु पुलिस के मुताबिक दबाव बढ़ने पर युवक के छोटे भाई को एडीजीपी जयराम की आधिकारिक कार में छोड़ा गया, जिसे एक पुलिस कांस्टेबल चला रहा था।

मद्रास हाई कोर्ट ने अपहरण के एक मामले में तमिलनाडु के एडीजीपी एचएम जयराम को गिरफ्तार करने का आदेश दिया था। हालांकि, तमिलनाडु सरकार का कहना है कि जयराम को औपचारिक रुप से गिरफ्तार नहीं किया गया था, बल्कि उन्हें हिरासत में लेने के बाद उन्हें छोड़ दिया गया था।

# डसॉल्ट एविएशन भारत में बनाएगी फाल्कन-2000 बिजनेस जेट

**लोक प्रेरणा**

**नई दिल्ली।** फ्रांसीसी कंपनी डसॉल्ट एविएशन अब वैश्विक बाजार के लिए भारत में फाल्कन-2000 बिजनेस जेट बनाएगी। इसके लिए पेरिस एयर शो में कंपनी ने रिलायंस इंफ्रास्ट्रक्चर लिमिटेड की सहायक कंपनी रिलायंस एयरोस्ट्रक्चर लिमिटेड (आरएएल) के साथ एक समझौता किया है। इस समझौते के बाद भारत संयुक्त राज्य अमेरिका, फ्रांस, कनाडा और ब्राजील के बाद अगली पीढ़ी के बिजनेस जेट बनाने वाले देशों के कुलीन क्लब में शामिल हो गया है। यह पहली बार है कि जब डसॉल्ट एविएशन फ्रांस के बाहर फाल्कन-2000 जेट का निर्माण करेगा, जिससे भारत रणनीतिक वैश्विक विमानन केंद्र के रूप में स्थापित होगा। बिजनेस एग्जीक्यूटिव जेट्स के लिए पहली असेंबली लाइन डसॉल्ट रिलायंस एयरोस्पेस लिमिटेड (डीआरएएल) महाराष्ट्र के नागपुर में स्थापित की जाएगी। यहां जेट का पूर्ण ढांचा और विंग असेंबली संचालन के हस्तांतरण के साथ-साथ प्रमुख सुविधा उन्नयन होगा। जहां से 2028 तक फाल्कन 2000 की पहली उड़ान



का मार्ग प्रशस्त होगा। डसॉल्ट एविएशन के अध्यक्ष और सीईओ एरिक ट्रैपियर ने कहा कि यह नया समझौता भारत की 'मेक इन इंडिया' प्रतिबद्धताओं को पूरा करने और वैश्विक एयरोस्पेस आपूर्ति शृंखला में भारत को एक प्रमुख भागीदार के रूप में मान्यता दिलाएगा। यह साझेदारी भारत की एयरोस्पेस विनिर्माण क्षमताओं को आगे बढ़ाने में एक महत्वपूर्ण कदम है, जबकि रणनीतिक रूप से वैश्विक विमानन आपूर्ति शृंखला में एकीकृत है। डसॉल्ट एविएशन फाल्कन 8 और फाल्कन 6 के फ्रंट सेक्शन की असेंबली के अलावा फाल्कन-2000 के पंखों और पूरे धड़ की असेंबली भी डीआरएएल? को सौंपेगा। रिलायंस समूह के संस्थापक अध्यक्ष अनिल डी. अंबानी ने कहा? कि यह? समझौता 'आत्मनिर्भर भारत' और 'विश्व के लिए भारत में निर्माण' के दृष्टिकोण के प्रति हमारी प्रतिबद्धता को दशार्ता है। भारत में फाल्कन बिजनेस जेट के निर्माण के लिए डसॉल्ट एविएशन के साथ हमारी साझेदारी देश, विमानन उद्योग और रिलायंस समूह के लिए एक निर्णायक क्षण है। इससे भारत को वैश्विक एयरोस्पेस मूल्य शृंखला में एक प्रमुख शक्ति के रूप में स्थापित करने में मदद मिलेगी।? इस ऐतिहासिक पहल से भारत हाई-एंड बिजनेस जेट निर्माण के लिए एक रणनीतिक केंद्र के रूप में उभरेगा। नई फाइनल असेंबली लाइन भारत और अन्य अंतरराष्ट्रीय बाजारों में बढ़ती मांग को पूरा करेगी।

डसॉल्ट एविएशन और रिलायंस एयरोस्ट्रक्चर के बीच संयुक्त उद्यम? डीआरएएल की स्थापना 2017 में हुई थी। उसी ?के बाद नागपुर के मिहान में एक अत्याधुनिक विनिर्माण सुविधा की स्थापना के साथ परिचालन शुरू हुआ। 2019 में अपना पहला फाल्कन?-2000 फ्रंट सेक्शन देने के बाद से डीआरएएल ने फाल्कन?-2000 के लिए 100 से अधिक प्रमुख उप-खंडों को इकट्ठा किया है।? डीआरएएल? को अपने विस्तारित परिचालन का समर्थन करने के लिए अगले दशक में कई सौ इंजीनियरों और तकनीशियनों की भर्ती करने की उम्मीद है।-------

## एचडीएफसी इर्गो ने हरियाणा में किसानों के लिए प्रधान मंत्री फसल बीमा योजना लागू की

**लोक प्रेरणा**

**महेंद्रगढ़।** भारत की अग्रणी जनरल इंश्योरेंस कंपनी, एचडीएफसी इर्गो जनरल इंश्योरेंस कंपनी को हरियाणा सरकार ने खरीफ, 2025 सीजन के लिए हिसार, सोनीपत, गुरुग्राम, करनाल, अंबाला, जींद और महेंदरगढ़ जिलों में ऋणी और गैर-ऋणी किसानों के लिए प्रधान मंत्री फसल बीमा योजना (पीएमएफबीवाई) लागू करने के लिए अधिकृत किया है।पीएमएफबीवाई योजना में किसानों को सूखा, बाढ़, अकाल, भूस्खलन, चक्रवात, तूफान, ओलावृष्टि, सैलाब, कीट, बीमारियों आदि जैसे कई बाहरी खतरों के कारण फसल को होने वाले नुकसान से बीमा की सुरक्षा मिलती है। फसल के नुकसान का आकलन करने के लिए, राज्य सरकार इस योजना के लिए अधिसूचित क्षेत्रों में अधिसूचित फसलों पर फसल कटाई प्रयोग (सीसीई) की योजना बनाकर उसका संचालन करेगी। यदि संचालित किए गए सीसीई में पैदावार के आँकड़े कम पाए जाते हैं, तो माना जाएगा कि किसान को फसल का नुकसान हुआ है, और इस नुकसान के लिए किसान को क्लेम दिया जाएगा। इस योजना में फसल चक्र के हर चरण के लिए बीमा कवर मिलेगा, जिसमें कटाई-पूर्व, कटाई और कटाई के बाद के जोखिम शामिल हैं। पीएमएफबीवाई योजना के अंतर्गत आने वाले सभी उत्पाद हरियाणा सरकार के कृषि विभाग से अनुमोदित हैं। हिसार, सोनीपत, गुरुग्राम, करनाल, अंबाला, जींद और महेंदरगढ़ जिलों के किसान अपने जिले में स्थित बैंक, कॉमन सर्विस सेंटर (सीएससी) या फिर अधिकृत एचडीएफसी इर्गो एजेंट से संपर्क करके ऊपर सूचीबद्ध फसलों के लिए पीएमएफबीवाई योजना के अंतर्गत बीमा कवर प्राप्त कर सकते हैं। इंश्योरेंस कवर प्राप्त करने के लिए वैध अवधि का विवरण कृषि विभाग की वेबसाइट पर उपलब्ध है। किसान इस योजना का लाभ पाने के लिए किसान ऐप पर लॉगऑन करके या वेबसाइट पर जाकर सेल्फ-एनरोलमेंट करा सकते हैं।

## प्रेम विज और केके शारदा स्कूल के सलाहकार नियुक्त



**लोक प्रेरणा**

**चंडीगढ़।** ग्रामीण क्षेत्र की शिक्षा को समर्पित महर्षि दयानंद पब्लिक स्कूल, एमडीएवी भवन, दरिया, चंडीगढ़ ने संवाद साहित्य मंच के अध्यक्ष, पंजाब सरकार की बहु चर्चित पत्रिका जागृति के पूर्व संपादक, चंडीगढ़ साहित्य अकादमी के पूर्व सचिव एवं विभिन्न संस्थाओं से जुड़े सुप्रसिद्ध साहित्यकार प्रेम विज और आचार्यकुल के अध्यक्ष, खादी सेवा संघ के चेयरमैन, स्वतंत्रता सेनानी उत्तराधिकारी के अध्यक्ष, सैनिक कल्याण बोर्ड के सदस्य केके शारदा को स्कूल का सलाहकार नियुक्त किया है। डॉ.विनोद शर्मा ने कहा कि इन बुद्धिजीवियों से विद्यालय को एक नई गति मिलेगी। उन्होंने कहा कि स्कूल हमेशा गुणवत्ता से परिपूर्ण शिक्षा प्रदान कर रहा है। ऐसे में उच्च व्यक्तित्व के धनी हस्तियों को स्कूल के साथ जोड़कर प्रसन्नता अनुभव करता है। स्कूल द्वारा लिए जाने वाले अहम फैसलों में उनकी महत्वपूर्ण भूमिका रहेगी।

## 21 जून को लोहारू में उपमंडल स्तरीय अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस में भिवानी के विधायक घनश्याम सर्राफ होंगे मुख्य अतिथि

**लोक प्रेरणा**

**लोहारू।** अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस के अवसर पर 21 जून को चौधरी देवीलाल खेल स्टेडियम में योग दिवस कार्यक्रम आयोजित होगा। लोहारू के योग दिवस कार्यक्रम में भिवानी के विधायक घनश्याम सर्राफ बतौर मुख्य अतिथि शिरकत करेंगे। 20 जून शुक्रवार को सुबह छ बजे चौधरी देवीलाल खेल स्टेडियम में योग दिवस की फाइनल रिहर्सल होगी। एसडीएम मनोज दलाल तथा विभिन्न विभागों के अधिकारी व कर्मचारी योग दिवस कार्यक्रम में उपस्थित रहेंगे। अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस कार्यक्रम की तैयारी पूरे जोरों से चल रही हैं। सरकार के निदेर्शानुसार जिला, उपमंडल व ब्लॉक स्तर पर भी योग दिवस कार्यक्रम आयोजित किए जाएंगे। इसके साथ-साथ सभी खेल परिसरों में भी योगासन-प्राणायाम कार्यक्रम आयोजित होंगे। एसडीएम मनोज दलाल ने प्रमुख धार्मिक संस्थाओं में भी अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस पर 21 जून को अपने-अपने मंदिर व धार्मिक स्थलों में योग दिवस कार्यक्रमों का आयोजन करने का आह्वान किया है और लोगों को योग जीवन में धारण करने तथा नशे से दूर रहने की शपथ भी दिलाएं।

## कल्पतरु लिमिटेड का आरंभिक सार्वजनिक निर्गम 24 जून, 2025 को खुलेगा




**लोक प्रेरणा**

**गुरुग्राम।** महाराष्ट्र के मुंबई महानगर क्षेत्र की एक प्रमुख रियल एस्टेट डेवलपर और टटफ के सभी माइक्रो-मार्केट्स में मौजूद कल्पतरु लिमिटेड (कंपनी) का आरंभिक सार्वजनिक निर्गम मंगलवार, 24 जून, 2025 को खुलेगा।

एंकर निवेशक बोली तिथि, बोली/इश्यू आरंभ तिथि से एक कार्य दिवस पहले, यानी सोमवार, 23 जून, 2025 को होगी। बोली/इश्यू समाप्ति तिथि गुरुवार, 26 जून, 2025 को होगी।

इश्यू का प्राइस बैंड रु387 से रु414 प्रति इक्विटी शेयर तय किया गया है। न्यूनतम 36 इक्विटी शेयरों और इसके गुणक में बोलियां लगाई जा सकती हैं।

यह इश्यू नए इक्विटी शेयरों के निर्गम का है, जिसका कुल मूल्य रु15,900 मिलियन (रु1,590 करोड़) तक है (नया इश्यू)।

कंपनी इस निर्गम से प्राप्त शुद्ध आय का उपयोग कंपनी व उसकी सहायक कंपनियों द्वारा लिए गए कुछ उधारों के आंशिक या पूर्ण पुनर्भुगतान/पूर्व भुगतान तथा सामान्य कॉर्पोरेट प्रयोजनों के लिए करना चाहती है।

यह इश्यू, सिक्योरिटीज कॉन्ट्रैक्ट्स (रेगुलेशन) रूल्स, 1957 के नियम 19(2)(बी) के अनुसार, संशोधित (एससीआरआर) सेबी आईसीडीआर रेगुलेशन के रेगुलेशन 31 के साथ और सेबी आईसीडीआर रेगुलेशन के रेगुलेशन 6(2) के अनुपालन में बुक बिल्डिंग प्रोसेस के जरिए किया जा रहा है। इसमें नेट इश्यू का कम से कम 75% हिस्सा आनुपातिक आधार पर योग्य संस्थागत खरीदारों (क्यूआईबी, और ऐसा हिस्सा, क्यूआईबी पोर्शन") को आवंटन के लिए उपलब्ध होगा, बशर्ते कि हमारी कंपनी बीआरएलएम के परामर्श से विवेकाधीन आधार पर एंकर निवेशकों को क्यूआईबी पोर्शन का 60% तक आवंटित कर सकती है (एंकर निवेशक पोर्शन)। एंकर निवेशक पोर्शन का एक तिहाई हिस्सा घरेलू म्यूचुअल फंड्स के लिए आरक्षित रहेगा एंकर निवेशक हिस्से में कम सब्सक्रिप्शन या गैर-आवंटन की स्थिति में, शेष इक्विटी शेयरों को क्यूआईबी हिस्से (एंकर निवेशक हिस्से के अलावा) (नेट क्यूआईबी हिस्सा) में जोड़ा जाएगा। इसके अलावा, नेट क्यूआईबी हिस्से का 5% हिस्सा केवल म्यूचुअल फंड को आनुपातिक आधार पर आवंटन के लिए उपलब्ध होगा, और नेट क्यूआईबी हिस्से का शेष हिस्सा म्यूचुअल फंड सहित सभी क्यूआईबी बोलीदाताओं को आनुपातिक आधार पर आवंटन के लिए उपलब्ध होगा, बशर्ते कि वैध बोलियां इश्यू मूल्य पर या उससे ऊपर प्राप्त हों।

# किसान युवा क्लब ने शुरू की आर्गेनिक मॉडल गांव विकसित करने की कवायद, तीन चरणों में पूरा होगा अभियान

### आर्गेनिक फॉर्म बनाकर गांवों को आर्गेनिक मॉडल गांव के रूप में किया जाएगा विकसित : राकेश बेनिवाल

**अमित वालिया, सतनाली**



आर्गेनिक खेती के माध्यम से किसानों की आर्थिक स्थिति मजबूत बनाने के साथ साथ लोगों का स्वास्थ्य भी बेहतर बनाने की दिशा में किसान युवा क्लब द्वारा आर्गेनिक खेती को लेकर विशेष जागरूकता कार्यक्रम चलाए जा रहे है, जिसका उद्देश्य आर्गेनिक उत्पादों को बढ़ावा देना है। इसी कड़ी में अब किसान युवा क्लब ने एक कदम और आगे बढ़ाते हुए आर्गेनिक मॉडल गांव बनाने की योजना बनाई है, जिसके तहत विभिन्न जिलों से चार-गांवा गांवों को गोद लेकर वहां पर आर्गेनिक खेती करने के लिए किसानों को जागरूक किया जाएगा। इस बारे में जानकारी देते हुए किसान युवा क्लब के संस्थापक राकेश बेनिवाल, सुधीर तंवर, विनीत पिलानिया व अधिवक्ता बबीता यादव ने बताया कि आर्गेनिक खेती को बढ़ावा देने के लिए पांच जिलों भिवानी, महेंद्रगढ़, दादरी, हिसार, रेवाड़ी से चार-चार गांवों को गोद लेकर आर्गेनिक खेती को बढ़ावा देने के लिए किसानों व उपभोक्ताओं को जागरूक किया जाएगा, ताकि आर्गेनिक मॉडल गांव के स्वप्न को पूरा किया जा सकें। उन्होंने बताया कि यह अभियान तीन चरणों में पूरा होगा, जिसके प्रथम चरण में गांवों का चयन किया जाएगा, दूसरे चरण में ट्रेनिंग व जागरूकता कार्यक्रम आयोजित किए जाएंगे, जिसमें मिट्टी की गुणवत्ता, आर्गेनिक खाद तैयार करना, प्राकृतिक कीट नियंत्रण उपायों और बाजार तक पहुंच जैसे विषयों पर प्रशिक्षण दिया जाएगा। इसके अलावा मॉडल फार्म की भी स्थापना की जाएगी ताकि अन्य किसान व्यावहारिक रूप से आर्गेनिक खेती की विधियों को देख और समझ सकें तथा तीसरे चरण में आर्गेनिक खेती के माध्यम से आर्गेनिक मॉडल गांव विकसित किए जाएंगे। उन्होंने बताया कि इस अभियान के दौरान किसानों को आर्गेनिक खेती करने व उपभोक्ताओं को आर्गेनिक उत्पादों को अपनाने के बीच की कड़ी किसान युवा क्लब करेगा तथा किसान युवा क्लब सरकार की मदद से आर्गेनिक खेती करने वाले किसानों को हर जरूरत मुहैया करवाई जाएगी। जिसमें ब्रांडिंग, मार्केटिंग सहित अन्य आवश्यकताओं का पूरा ध्यान रखा जाएगा, ताकि गोद लिए गए प्रत्येक गांव के खेत को आर्गेनिक फॉर्म बनाकर उन गांवों को आर्गेनिक मॉडल गांव के रूप में विकसित किया जा सके। किसान युवा क्लब के संस्थापक राकेश बेनिवाल, सुधीर तंवर, विनीत पिलानिया व अधिवक्ता बबीता यादव ने बतया कि केवाईसी का उद्देश्य रासायनिक खाद और कीटनाशकों पर निर्भरता को कम कर किसानों को स्वावलंबी व प्रकृति के अनुकूल खेती के लिए प्रेरित करने का है, ताकि किसानों की आर्थिक स्थिति मजबूत करने के साथ ही लोगों का स्वास्थ्य भी बेहतर बनाया जा सके। गौरतलब होगा कि किसान युवा क्लब की इस पहल से उम्मीद की जा रही है कि अन्य किसान भी प्रेरित होकर आर्गेनिक खेती की ओर बढ़ेंगे और हरियाणा को एक ग्रीन एग्रीकल्चर स्टेट के रूप में स्थापित किया जा सकेगा।

# पॉवरिंग द आफ्टरमार्केट थीम के तहत एएसी 2025 का हुआ आयोजन

### देशभर के ऑटो इंडस्ट्री लीडर्स, टेक्नोलॉजी एक्सपर्ट्स, स्टार्टअप प्रतिनिधि और नीति-निमार्ताओं ने लिया कॉन्क्लेव में हिस्सा

**जतिन/राजा**




**गुरूग्राम।** भारत के ऑटोमोटिव आफ्टरमार्केट क्षेत्र को नई दिशा देने और इससे जुड़े अवसरों व चुनौतियों पर गहन विचार-विमर्श के उद्देश्य से ड्राइविंग इनोवेशन, पावरिंग द आफ्टरमार्केट थीम के तहत एक विशेष ऑटोमोटिव आफ्टरमार्केट कॉन्क्लेव (एएसी 2025) के दूसरे संस्करण का आयोजन गुरूग्राम के होटल क्राउन प्लाजा में किया गया। एएसी 2025 के दूसरे संस्करण की मेजबानी भारतीय उद्योग परिसंघ (सीआईआई) द्वारा की गई। इस कॉन्क्लेव में देशभर के ऑटो इंडस्ट्री लीडर्स, टेक्नोलॉजी एक्सपर्ट्स, स्टार्टअप प्रतिनिधि और नीति-निमार्ताओं ने हिस्सा लिया। एएसी 2025 के दूसरे संस्करण का उद्देश्य भारत के तेजी से बढ़ते आफ्टरमार्केट सेक्टर में नवाचार को बढ़ावा देना, डिजिटल परिवर्तन को अपनाना और सतत विकास के मॉडल तैयार करना रहा। वक्ताओं ने इस बात पर बल दिया कि कैसे इलेक्ट्रिक व्हीकल्स, डिजिटल डायग्नोस्टिक्स, आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस और ग्राहक व्यवहार में बदलाव आफ्टरमार्केट की परिभाषा को ही बदल रहे हैं। कॉन्क्लेव में भारत के ऑटोमोटिव आफ्टरमार्केट के भविष्य को आकार देने वाले अवसरों और चुनौतियों का पता लगाने के लिए ओईएम, कंपोनेंट निमार्ताओं, नीति निमार्ताओं और प्रौद्योगिकी प्रदाताओं के वरिष्ठ नेताओं को आमंत्रित किया गया।

ऑटोमोटिव आफ्टरमार्केट कॉन्क्लेव में पहुंचने पर सभी गणमान्यों का सीआईआई गुरूग्राम जोन के चेयरमैन विनोद बापना ने स्वागत करते हुए कहा कि ऑटोमोटिव आफ्टरमार्केट अब सिर्फ स्पेयर पार्ट्स और मरम्मत तक सीमित नहीं रहा, बल्कि यह नवाचार, तकनीक और सतत विकास की ओर बढ़ रहा है। उन्होंने कहा कि ऐसे आयोजनों से ना केवल उद्योग की दिशा तय होती है, बल्कि युवा उद्यमियों और स्टार्टअप्स को भी अपने आइडिया पेश करने का मौका मिलता है। इस मौके पर उपस्थित लोगों को संबोधित करते हुए एएसी 2025 चेयरमैन एवं मारुति सुजुकी इंडिया लिमिटेड के पार्ट्स, एक्सेसरीज और लॉजिस्टिक्स के कार्यकारी अधिकारी एसडी छाबड़ा ने कहा कि विकास का अगला चरण डिजिटल प्लेटफॉर्म, मानकीकरण और ग्राहक विश्वास को अपनाने में निहित है।

छाबड़ा ने कहा कि भारत की बढ़ती अर्थव्यवस्था, जो अब नाममात्र जीडीपी के हिसाब से वैश्विक स्तर पर चौथे स्थान पर है, आफ्टरमार्केट के लिए एक मजबूत आधार प्रदान करती है, खासकर बढ़ती आय के स्तर, शहरीकरण और इलेक्ट्रिक वाहनों के उदय के साथ। उन्होंने कहा कि भारत के ऑटो कंपोनेंट आफ्टरमार्केट के 2030 तक 6 प्रतिशत बढकर 16 बिलियन अमेरिकी डॉलर तक पहुंचने का अनुमान है, जिसका मुख्य कारण यात्री वाहन और वाणिज्यिक वाहन खंडों में वृद्धि है। बीएस-6 वाहनों, टर्बोचार्ज्ड इंजन, हाइब्रिड सिस्टम और एडवांस्ड ड्राइवर असिस्टेंस सिस्टम की बढ़ती मौजूदगी विशेष डायग्नोस्टिक्स, सटीक पार्ट्स और कुशल सर्विसिंग क्षमताओं की मजबूत मांग पैदा कर रही है। इस मौके पर सीआईआई हरियाणा के अध्यक्ष एवं संदेन विकास (इंडिया) प्राइवेट लिमिटेड के प्रबंध निदेशक अभिमन्यु सर्राफ ने आफ्टरमार्केट को भारत के ऑटोमोटिव और आर्थिक इंजन का एक प्रमुख स्तंभ बताया। उन्होंने स्वतंत्र आफ्टरमार्केट, मजबूत कौशल कार्यक्रमों और अधिक आपूर्ति श्रृंखला लचीलेपन के लिए मजबूत समर्थन का आह्वान किया। होंडा मोटरसाइकिल एंड स्कूटर इंडिया लिमिटेड के वरिष्ठ निदेशक विनय ढींगरा ने बताया कि आफ्टरमार्केट क्षेत्र निर्णायक परिवर्तन देख रहा है, जो प्रतिक्रियात्मक मरम्मत से पूवार्नुमानित, तकनीक-संचालित सेवा वितरण की ओर बढ़ रहा है।

इसमें बीएमडब्ल्यू इंडिया, होंडा कार्स इंडिया, किआ इंडिया, यूएनओ मिंडा, ईवाई, एडोब, गूगल इंडिया और बीपीसीएल सहित कई प्रमुख कंपनियों ने भी हिस्सा लिया।

# वॉलमार्ट वृद्धि ने 2028 तक 1,00,000 अतिरिक्त एमएसएमई के विकास को गति देने के लिए की साझेदारी

**लोक प्रेरणा**




**पानीपत।** वॉलमार्ट के सप्लायर डेवलपमेंट प्रोग्राम वॉलमार्ट वृद्धि ने अगले तीन साल में भारत में 1,00,000 अतिरिक्त एमएसएमई को सशक्त करने के लिए आइडियाज टु इम्पैक्ट (आई2आई) फाउंडेशन के साथ साझेदारी की है। ग्लोबल सप्लाई चेन में वॉलमार्ट की विशेषज्ञता की ताकत और भारत में फ्लिपकार्ट की ई-कॉमर्स क्षमताओं को साथ लाते हुए शुरू किया गया वॉलमार्ट वृद्धि प्रोग्राम ज्यादा से ज्यादा एमएसएमई को राष्ट्रीय एवं अंतरराष्ट्रीय दोनों बाजारों में पहुंच बढ़ाने में मदद करेगा। 2019 में अपनी लॉन्चिंग के बाद से वॉलमार्ट वृद्धि ने अब तक 70,000 से अधिक एमएसएमई को डिजिटल कॉमर्स तक पहुंच व पर्सनलाइज्ड मेंटरशिप प्रदान करते हुए और रणनीतिक साझेदारी के माध्यम से प्रशिक्षित किया है। बिजनेस मैनेजमेंट के महत्वपूर्ण बिंदुओं जैसे फाइनेंस, मार्केटिंग, वर्कफोर्स मैनेजमेंट और पर्यावरण संरक्षण के मामले में एमएसएमई को प्रशिक्षित करने के लिए डिजिटल टूल्स का प्रयोग करते हुए यह प्रोग्राम उद्यमियों को सफल एवं सतत बिजनेस मॉडल स्थापित करने में सक्षम बनाता है। वॉलमार्ट वृद्धि से प्रशिक्षित उद्यमों ने इसके माध्यम से सालाना करीब 55 प्रतिशत की वृद्धि दर्ज की है। इसका हिस्सा बनने वाले एमएसएमई को वॉलमार्ट, फ्लिपकार्ट और प्रोग्राम को क्रियान्वित करने वाले पार्टनर आइडियाज टु इम्पैक्ट फाउंडेशन द्वारा तैयार एप्रोच के जरिये सुगम पहुंच, विस्तार एवं प्रोग्राम मैनेजमेंट विशेषज्ञता से फायदा मिलता है। वॉलमार्ट के सीनियर वाइस प्रेसिडेंट, सप्लायर डेवलपमेंट जेसन फ्रेमस्टैड ने कहा, कई सूक्ष्म उद्यमों को विकास के लिए जरूरी जानकारी, टूल्स एवं बाजार तक पहुंच के मामले में मुश्किलों का सामना करना पड़ता है। प्रोग्राम के जरिये महत्वपूर्ण बिजनेस स्किल एवं बाजार तक पहुंच के माध्यम से सशक्तीकरण ने इन उद्यमियों को अपने कारोबार को सतत तरीके से आगे बढ़ाने और भारत के आर्थिक विकास में योगदान देने में सक्षम बनने में मदद की है। फ्लिपकार्ट ग्रुप के एसवीपी एवं चीफ कॉरपोरेट अफेयर्स ऑफिसर रजनीश कुमार ने कहा, फ्लिपकार्ट में डिजिटल कॉमर्स तक पहुंच को लोकतांत्रिक बनाते हुए और विकास के व्यापक अवसर प्रदान कराते हुए एमएसएमई को सशक्त करना हमारी अथक प्रतिबद्धता है। वॉलमार्ट वृद्धि जैसे रणनीतिक गठजोड़ के माध्यम से हम साथ मिलकर उद्यमियों को उनकी महत्वाकांक्षाओं को पूरा करने और भारत की डिजिटल इकोनॉमी में योगदान देने में सक्षम बना रहे हैं। फोटोः06

# सरकार की जनहितकारी योजनाओं का क्रियान्वयन सही ढंग से कर जरूरतमंद तक लाभ पहुंचाना सुनिश्चित करें अधिकारी: एसडीएम मनोज दलाल

लोक प्रेरणा

लोहारू। एसडीएम मनोज दलाल ने कहा कि अधिकारी सरकार की जनहितकारी योजनाओं का क्रियान्वयन सही ढंग से करें ताकि जरूरतमंद व्यक्ति को उनका फायदा मिल सके। उन्होंने कहा कि समाधान शिविर में अपनी समस्याओं को लेकर आने वाले प्रत्येक प्रार्थी की समस्याओं का समाधान किया जाए, यदि कोई समस्या किसी जांच या दस्तावेज पर आधारित है, तो उसका भी निर्धारित समय में निपटान करवाना सुनिश्चित किया जाए।

एसडीएम मनोज दलाल वीरवार को स्थानीय लघु सचिवालय के सभागार में आयोजित समाधान शिविर की अध्यक्षता करते हुए विभिन्न विभाग के अधिकारियों को आवश्यक निर्देश दे रहे थे। समाधान शिविर में आई शिकायतों पर जल्द समाधान के लिए एसडीएम ने संबंधित अधिकारियों को निर्देश दिए। समाधान शिविर में आमजन ने एसडीएम के समक्ष बिजली विभाग, नगरपालिका, पंचायती राज, स्वास्थ्य, सिंचाई विभाग व बैंकों से संबंधित अपनी समस्याएं रखी। एसडीएम ने कहा कि हरियाणा सरकार के निदेर्शानुसार जनता की समस्याओं का त्वरित समाधान करने के उद्देश्य से प्रत्येक सोमवार व वीरवार को सुबह 10 बजे से 12 बजे तक समाधान शिविर आयोजित किए जा रहे हैं। समाधान शिविर में विभिन्न विभागों के अधिकारी लोगों की समस्याओं को प्राथमिकता के आधार पर समाधान करने का काम कर रहे हैं। उन्होंने बताया कि मुख्यमंत्री द्वारा जिलों व उपमंडल में लगाए जा रहे समाधान शिविरों की नियमित तौर पर मॉनिटरिंग भी की जा रही है ताकि लोगों को अधिक से अधिक लाभ मिले। उन्होंने उपमंडलवासियों से अपील की है कि वे समाधान शिविर का अधिक से अधिक लाभ उठाएं। इस अवसर पर विभिन्न विभागों के अधिकारी मौजूद रहे।

## Carlsberg और Water.org गंगा नदी किनारे क्षेत्र के लोगों को साफ पानी देने के उद्देश्य से साथ आए



**लोक प्रेरणा**

**धारुहेड़ा।** भारत में Carlsberg Group ने आज Water.org के साथ एक नई साझेदारी की घोषणा की है, जिसका उद्देश्य गंगा नदी किनारे के क्षेत्रों जैसे हरियाणा, राजस्थान, उत्तर प्रदेश और बिहार में लोगों को सुरक्षित पानी और स्वच्छता सुविधाएं उपलब्ध कराना है। यह सहयोग Carlsberg की पानी के प्रति जिम्मेदारी और सेवा भावना को मजबूत करता है, जिसमें वह क्षेत्रीय समुदायों को सशक्त बनाने के लिए लम्बे समय तक चलने वाले और असरदार समाधानों में निवेश कर रहा है। इस पहल के जरिए, Carlsberg Group और Water.org गंगा नदी किनारे क्षेत्र में 24.7 करोड़ लीटर पानी की सुविधा उपलब्ध कराएंगे, जिससे उन इलाकों के लोगों को मदद मिलेगी जहाँ सुरक्षित पानी की सबसे ज्यादा जरूरत है। यह साझेदारी मार्च 2028 तक 1,12,000 से ज्यादा लोगों को सुरक्षित पानी या स्वच्छता की सुविधाएं देने का लक्ष्य रखती है। सिर्फ पानी उपलब्ध कराने के अलावा, यह साझेदारी लोगों में जागरूकता फैलाने का भी काम करेगी ताकि लंबे समय तक उनकी आदतों में सकारात्मक बदलाव आ सके और स्थानीय स्तर पर इसका असर दिखे। यह साझेदारी Carlsberg Group के उस महत्वपूर्ण लक्ष्य की दिशा में एक अहम कदम है, जिसके तहत वह 2030 तक उन क्षेत्रों में अपनी ब्रुअरी और पेय उत्पाद इकाइयों में उपयोग किए गए 100% पानी की भरपाई करना चाहता है, जहां पानी की कमी का खतरा अधिक है। Carlsberg Group के मैनेजिंग डायरेक्टर निलेश पटेल ने कहा, "हम Carlsberg India में मानते हैं कि पानी सिर्फ एक संसाधन नहीं, बल्कि लोगों के लिए जीवनरेखा है। Carlsberg के साथ हमारी साझेदारी यह दिखाती है कि हम सस्टेनेबल वाटर मैनेजमेंट और लोगों की भलाई के लिए प्रतिबद्ध हैं। सुरक्षित पानी या स्वच्छता तक पहुंच दिलाकर हम परिवारों को सेहतमंद जीवन जीने, मुश्किलों का सामना करने की ताकत बढ़ाने और बेहतर भविष्य बनाने में मदद कर रहे हैं। पानी में निवेश करना दरअसल लोगों में, सस्टेनेबिलिटी और दीर्घकालिक प्रगति में निवेश करना है।"Water.org के सीईओ और को-फाउंडर गैरी व्हाइट ने कहा, Carlsberg के साथ यह साझेदारी हमारे आजमाए हुए समाधान के प्रभाव को और बढ़ाने में मदद करती है, यानी एक ऐसा समाधान जिससे लाखों लोगों को अपने लिए सुरक्षित पानी और स्वच्छता की सुविधा पाने के लिए खुद आगे आकर वित्तीय सहायता की ताकत मिली है।" उन्होंने आगे कहा, "एक अहम साझेदार नेटवर्क का हिस्सा बनकर, Carlsberg भारत में इस काम को तेजी से आगे बढ़ा रहा है, जहाँ जरूरतमंद परिवारों के लिए सुरक्षित पानी या स्वच्छता प्राप्त कराने में सशक्त बना सकती है, जिससे सेहत बेहतर होती है, समय बचता है और भविष्य उज्ज्वल बनता है।"

## अमेजन के प्रोपेल ग्लोबल बिजनेस एक्सेलरेटर सीजन 4 के विजेता घोषित




**लोक प्रेरणा**

**रोहतक,।** अमेजन इंडिया ने आज ऑरिक, आईएसएके फ्रेगरेंसेज और फिक्स माय कर्ल्स को अमेजन के प्रोपेल ग्लोबल बिजनेस एक्सेलरेटर सीजन 4 का विजेता घोषित किया। इस प्रोग्राम को डायरेक्ट टू कंज्यूमर (डी2सी) क्षेत्र में उभरते भारतीय ब्रांड को सहायता प्रदान करने के लिए तैयार किया गया है, ताकि वे ईकॉमर्स निर्यात का उपयोग कर दुनिया भर के ग्राहकों तक पहुंच सकें। दीपक अग्रवाल द्वारा स्थापित ऑरिक, विदुषी विजयवर्गीय द्वारा स्थापित आईएसएके फ्रेगरेंस और अंशिता मेहरोत्रा के फिक्स माई कर्ल्स को संयुक्त रूप से अपनी अंतर्राष्ट्रीय स्तर पर वृद्धि दर्ज करने की महत्वाकांक्षाओं का समर्थन करने के लिए अमेजन से 100,000 डॉलर इक्विटी मुक्त अनुदान दिया गया। अमेजन इंडिया ने कार्यक्रम की सफलता के आधार पर, प्रोपेल एस5 के लॉन्च की भी घोषणा की। इस कार्यक्रम में भाग लेने से जुड़ी आवेदन प्रक्रिया फिलहाल खुली है। आवेदन करने की अंतिम तारीख 15 जुलाई, 2025 है। प्रोपेल एस5 100 उच्च-संभावना वाले डी2सी ब्रांडों का समर्थन करेगा। अमेजन ने प्रोपेल ग्लोबल बिजनेस एक्सेलेरेटर एस5 के अंग के रूप में, एक समर्पित मेंटरशिप बोर्ड बनाया है जिसमें अमेजन के शीर्ष अधिकारी, वीसी भागीदार और अनुभवी उद्योग विशेषज्ञ शामिल हैं। यह बोर्ड उभरते हुए डी2सी ब्रांडों के साथ मिलकर काम करेगा, व्यक्तिगत संसाधन, व्यक्तिगत मेंटरशिप और सफल ई-कॉमर्स निर्यात व्यवसाय के निर्माण के लिए वैश्विक मांग के रुझान और रणनीतियों को कवर करने वाली कार्यशाला प्रदान करेगा। अमेजन ग्लोबल सेलिंग इंडिया के प्रमुख, श्रीनिधि कलवापुडी ने कहा, मैं प्रोपेल ग्लोबल बिजनेस एक्सेलेरेटर सीजन 4 के सभी विजेताओं और फाइनलिस्ट को बधाई देना चाहता हूं। प्रोपेल की शुरूआत उभरती कंपनियों को विश्व स्तर पर मान्यता प्राप्त ब्रांड बनाने में मदद करने के विजन के साथ हुई थी; चार साल में, हमने मिनिमलिस्ट, सिरोना, शूमी, पीएलआईएक्स, बटरफ्लाई एडु, कॉन्फेक्ट सहित 120 से अधिक भारतीय डी2सी ब्रांडों का समर्थन किया है। प्रोपेल एस5 के साथ, हम इस साल वैश्विक स्तर पर लॉन्च होने वाले 100 भारतीय डी2सी ब्रांडों का समर्थन करने की योजना बना रहे हैं, जो 2030 तक भारत से 80 अरब डॉलर का ई-कॉमर्स निर्यात संभव करने के प्रति हमारी प्रतिबद्धता का एक महत्वपूर्ण हिस्सा है।

## कमर में बहुत तेज दर्द होना सायटिका की निशानी

**लोक प्रेरणा**

**झज्जर।** कमर के निचले हिस्से से दोनों पैरों तक जाने वाली सायटिक नसों पर दबाव पड़ने के कारण पैरों में बहुत तेज दर्द उठता है, जिसे सायटिका का दर्द कहा जाता है। सायटिका का दर्द तब होता है, जब हर्निएटेड डिस्क, हड्डियों के बढ़ने, या स्टेनोसिस के कारण नसें दब जाती हैं। यह दर्द बहुत तेजी से उठता है, जलन कर सकता है या बिजली के झटके की तरह हो सकता है। यह दर्द आमतौर से शरीर के केवल एक हिस्से में होता है। डॉ. पुनीत कांत अरोड़ा, कंसल्टेंट - न्यूरोसर्जन, मणिपाल हॉस्पिटल, गुरुग्राम ने कहा, ह्यह्यसायटिका, रीढ़ की हड्डी के बीच में जो खाली स्थान होता है, उसके संकरा हो जाने के कारण होता है। यह लंबे समय तक बैठे रहने या खराब शारीरिक मुद्रा के कारण भी हो सकता है। यह स्थिति गंभीर होने पर सर्जरी की जरूरत पड़ सकती है, जिसके लिए लैमिनेक्टोमी, स्पाईनल फ्यूजन और माईक्रोडिसेक्टोमी जैसी मिनिमली इन्वेजिव और पूरी तरह से सुरक्षित सर्जरी उपलब्ध हैं। उचित पेन मैनेजमेंट और समय पर इलाज की मदद से मरीजों को आराम मिल जाता है और वो लंबे समय तक स्वस्थ जीवन व्यतीत करते हैं।

# दिल्ली में 23 आईएएस ऑफीसरों का फेरबदल, किसको कहां की मिली जिम्मेदारी

**लोक प्रेरणा**
**नई दिल्ली।** दिल्ली में दिल्ली सरकार ने प्रशासनिक स्तर पर बड़ा फेरबदल करते हुए 23 आईएएस अधिकारियों के तबादले और नए प्रभार सौंपे हैं। हालाँकि इनमें कुछ ऐसे अधिकारी भी हैं, जिनके पास वर्तमान में कोई जिम्मेदारी नहीं थी। दो हजार बैच की वरिष्ठ अधिकारी दिलराज कौर को सामान्य प्रशासन विभाग की प्रमुख सचिव के तौर पर तैनात किया गया।

इसके साथ ही उन्हें सामाजिक कल्याण और एससी,एसटी,ओबीसी, कल्याण विभाग का अतिरिक्त प्रभार भी सौंपा गया है। वहीं, दो हजार तीन बैच की अधिकारी नंदिनी पालीवाल,जो वर्तमान में उच्च शिक्षा सचिव हैं,अब व्यापार एवं कर आयुक्त की भूमिका निभाएंगी, उनकी जगह शिक्षा विभाग की जिम्मेदारी पंडुरंग के पोल को दी गई है। वर्तमान में संभागीय आयुक्त के पद पर कार्यरत नीरज सेमवाल को भूमि एवं भवन विभाग के सचिव का अतिरिक्त प्रभार, परिवहन आयुक्त निहारिका राय को दिल्ली परिवहन निगम (डीटीसी) की चेयरमैन की अतिरिक्त जिम्मेदारी, 2012 बैच के अधिकारी प्रिंस धवन को डीटीसी के




प्रबंध निदेशक (एमडी) व परिवहन विभाग में विशेष आयुक्त का प्रभार और रश्मि सिंह को महिला एवं बाल विकास विभाग की सचिव नियुक्त किया गया है। कृष्ण कुमार को विशेष सचिव, लोक निर्माण विभाग से हटाकर अब आपदा प्रबंधन का (सीईओ) बनाया गया है। 2011 बैच के अधिकारी रवि धवन, जो अब तक बिजली विभाग के विशेष सचिव और दिल्ली जल बोर्ड में सदस्य प्रशासन के पद पर कार्यरत थे,अब केवल जल बोर्ड में ही बने रहेंगे।

बिजली विभाग की जिम्मेदारी अब रवि दधिक को दी गई है।सौम्या सौरभ को उत्तर-पश्चिम जिले का उपायुक्त नियुक्त किया गया है. वे अंकिता आनंद की जगह लेंगी, जिन्हें महिला एवं बाल विकास विभाग में विशेष सचिव के रूप में ट्रांसफर किया गया है। दक्षिण जिले की उपायुक्त रहीं मेकला चैतन्य प्रसाद को अब दक्षिण-पश्चिम जिले का उपायुक्त बनाया गया है, जबकि लक्ष्य सिंघल उन्हें दक्षिण जिले में स्थानांतरित कर पदभार संभालेंगे। इसके अलावा, 2015 बैच के (आईएएस) अधिकारी डॉ.अनिल अग्रवाल को फॉरेंसिक साइंस लेबोरेटरी का प्रमुख निदेशक नियुक्त किया गया है। यह फेरबदल राजधानी की प्रशासनिक संरचना को और अधिक प्रभावी और संगठित बनाने की दिशा में उठाया गया कदम माना जा रहा है।

## दिल्ली की मुख्यमंत्री रेखा गुप्ता ने आयुर्वेदिक किचन (सोमा) का किया शुभारंभ



**लोक प्रेरणा**
**नई दिल्ली।** राजधानी की मुख्यमंत्री रेखा गुप्ता ने बुधवार को शालीमार बाग के महर्षि आयुर्वेद अस्पताल में नवनिर्मित इन-हाउस आयुर्वेदिक किचन (सोमा) का शुभारंभ किया। यह जानकारी मुख्यमंत्री ने एक्स पर साझा की। मुख्यमंत्री रेखा गुप्ता ने कहा कि यह पहल न केवल दिल्ली को आयुर्वेद और समग्र स्वास्थ्य संस्कृति से जोड़ने की दिशा में एक महत्वपूर्ण कदम है, बल्कि प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के निवारक स्वास्थ्य सेवा के विजन को भी साकार करती है।

गुप्ता ने कहा कि स्वस्थ, समृद्ध और आत्मनिर्भर भारत के निर्माण में ऐसे प्रयास निश्चित ही मील का पत्थर सिद्ध होंगे। हालाँकि इससे पहले बुधवार को मुख्यमंत्री ने स्वाधीनता संग्राम की अमर प्रतीक झांसी की रानी लक्ष्मीबाई की पुण्यतिथि पर नमन किया। मुख्यमंत्री ने एक्स पोस्ट में कहा कि मात्र 23 वर्ष की आयु में मातृभूमि के लिए शौर्यपूर्वक बलिदान देने वाली यह वीरांगना नारी आत्मबल, आत्मगौरव और अदम्य साहस की जीवंत प्रेरणा हैं। आज जब देश की बेटियां हर क्षेत्र में नेतृत्व कर रही हैं, तब रानी लक्ष्मीबाई का जीवन हमें यह स्मरण कराता है कि नारी सिर्फ श्रद्धा की नहीं बल्कि संघर्ष और नेतृत्व की भी मूर्ति है। मुख्यमंत्री रेखा गुप्ता ने कहा कि रानी लक्ष्मीबाई की स्मृति में हम सब यह संकल्प लें कि हर बेटी को निर्भय, शिक्षित, सक्षम और आत्मनिर्भर बनाएं। यही सच्ची श्रद्धांजलि होगी।

# गोपालपुर गैंगरेप केस : ओडिशा सरकार पर भड़कीं प्रियंका गांधी

## कहा- महिलाओं के खिलाफ बढ़ती हिंसा निंदनीय

**नई दिल्ली।** कांग्रेस महासचिव और सांसद प्रियंका गांधी वाड्रा ने ओडिशा के गंजम जिले के गोपालपुर बीच पर एक युवती के साथ हुई गैंगरेप की घटना की निंदा की। उन्होंने ओडिशा सरकार पर सवाल उठाए और कहा कि राज्य में दिन-प्रतिदिन महिलाओं के प्रति हिंसा बढ़ती जा रही है।
कांग्रेस सांसद प्रियंका गांधी वाड्रा ने बुधवार को सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म एक्स पर लिखा, "गोपालपुर, ओडिशा में 10 लोगों ने एक छात्रा के साथ जिस तरह बर्बरता की, उसकी निंदा करने के लिए कड़े से कड़े शब्द भी पर्याप्त नहीं हैं। ओडिशा में दिन-प्रतिदिन महिलाओं के प्रति हिंसा बढ़ती जा रही है। जिस राज्य में मुख्यमंत्री खुद स्वीकार करते हों कि पिछले पांच वर्षों में करीब 44,000 महिलाएं और बच्चे गायब हो चुके हैं, वहां महिलाओं की सुरक्षा को प्राथमिकता न देना भी अपने आप में महिलाओं के प्रति जुल्म है।"
दरअसल, युवती बीते रविवार को अपने एक दोस्त के साथ गोपालपुर बीच पर गई थी। इस दौरान कुछ लोगों ने उसके साथ गैंगरेप किया। यही नहीं, आरोपियों ने उसके दोस्त को बांध दिया और फिर युवती के साथ गैंगरेप की घटना को अंजाम दिया। ओडिशा के पूर्व मुख्यमंत्री नवीन पटनायक ने भी इस घटना की निंदा की। उन्होंने एक्स पर लिखा, "ओडिशा के प्रमुख पर्यटन स्थल गोपालपुर बीच पर सामूहिक बलात्कार की खबर बेहद चौंकाने



वाली है और इसने सभी को झकझोर कर रख दिया है। इसकी कड़ी निंदा की जाती है। पर्यटन स्थलों पर महिलाओं की सुरक्षा पर सवालिया निशान लग गया है। महिलाओं के खिलाफ हर दिन बढ़ रहे अत्याचारों को रोकने के लिए सरकार को सतर्क रहना चाहिए। राज्य में महिलाओं की सुरक्षा सुनिश्चित करने के लिए सरकार को सख्त कदम उठाने चाहिए।" इसके अलावा, कांग्रेस नेता सुप्रिया श्रीनेत ने एक्स पर लिखा था, "यह खौफनाक है। ओडिशा में गोपालपुर बीच पर कॉलेज की लड़की के साथ 10 हैवानों ने गैंगरेप किया। लड़की अपने दोस्त के साथ थी। दरिंदों ने दोस्त को मारा पीटा और बांध दिया और फिर उसके सामने ही लड़की का गैंगरेप किया। राज्य में भाजपा सरकार की नाक के नीचे बेटियों का जीना दुश्वार हो गया है।"

## 19वां इंडियन फैशन ज्वेलरी एंड एसेसरीज शो 2025 का आयोजन 4 से 6 जुलाई तक

**नई दिल्ली।** फैशन ज्वेलरी और एसेसरीज के क्षेत्र में एक प्रमुख स्रोत प्रदर्शनी आईएफजेएएस 2025 का आयोजन 4 से 6 जुलाई 2025 के बीच इंडिया एक्सपो सेंटर एंड मार्ट, ग्रेटर नोएडा में किया जाएगा। यह प्रदर्शनी भारत की फैशन ज्वेलरी और एसेसरीज के क्षेत्र में ताकत को दर्शाने वाला एक महत्वपूर्ण मंच है, जिसका प्रतिभागी और आगंतुक बेसब्री से इंतजार कर रहे हैं। डॉ. नीरज खन्ना, अध्यक्ष, ईपीसीएच ने जानकारी दी कि जे. पी. सिंह को आईएफजेएएस 2025 के अध्यक्ष के रूप में नामित किया गया है। जे. पी. सिंह, मुरादाबाद के एक प्रतिष्ठित निमार्ता और निर्यातक हैं, जो 2002 से हस्तनिर्मित धातु शिल्प और लाइफस्टाइल उत्पादों के क्षेत्र में सक्रिय योगदान दे रहे हैं। वह वर्तमान में एक्सपोर्टर्स एसोसिएशन झ्र वयईईएस, मुरादाबाद के अध्यक्ष हैं और क्षेत्रीय हस्तशिल्प विरासत के प्रचार-प्रसार में महत्वपूर्ण भूमिका निभा रहे हैं। सामाजिक कार्यों के प्रति भी उनकी गहरी प्रतिबद्धता है झ्र वह मुरादाबाद चैरिटेबल ट्रस्ट, खालसा कॉलेज गवर्निंग काउंसिल और इंडियन एकेडमी ऑफ फाइन आर्ट्स के ट्रस्टी हैं। डॉ. खन्ना ने आगे कहा कि श्री सिंह का अनुभव इस महत्वपूर्ण आयोजन को सफलतापूर्वक आयोजित करने में अहम भूमिका निभाएगा।
आईएफजेएएस 2025 के अध्यक्ष के रूप में नामित किए जाने पर जे. पी. सिंह ने कहा कि यह आयोजन लगभग 200 प्रदर्शकों को एक ही छत के नीचे एकत्र करेगा, जो फैशन ज्वेलरी, सेमी-प्रेशियस एसेसरीज, बेल्ट्स, हैंडबैग्स, पर्स, वॉलेट्स, हेयर एसेसरीज, स्कार्फ, स्टोल्स, शॉल्स और कढ़ाई वाले फैशन उत्पादों जैसी विविध और जीवंत श्रेणियों में नवीन उत्पाद लॉन्च, विशेष डिजाइन अभिव्यक्तियाँ और सजावटी संग्रह प्रस्तुत करेंगे। यह प्रदर्शनी भारत की समृद्ध शिल्प परंपरा को दशार्ते हुए क्राफ्ट क्लस्टर्स और डिजाइन नवाचारों को भी उजागर करेगी।

## आजादपुर मंडी में चाकू की नोक पर वारदात को अंजाम देने वाले संदिग्ध व्यक्ति को पुलिस ने दबोचा

**लोक प्रेरणा**
**नई दिल्ली।** उत्तर पश्चिम जिले की थाना महिंद्रा पार्क पुलिस टीम ने आजादपुर प्याज मंडी से एक ऐसे बदमाश को दबोचा है जो आए दिन मंडी में चाकू दिखाकर लोगों से स्कूटी मोबाइल फोन और नगदी की लूटपाट करने के बाद नौ दो ग्यारह हो जाता था। संदिग्ध की पहचान (24 वर्षीय) रेहान उर्फ बड़ी निवासी जहांगीरपुरी के रूप में हुई है। आजादपुर मंडी में बढ़ते घटनाक्रम को देखते हुए एसीपी रामबीर सिंह लांबा के आदेश अनुसार थाना प्रभारी विजय सनवाल की देखरेख थाना महिंद्रा पार्क इलाके के कदम कदम पर पुलिस की पेट्रोलिंग गश्त अलर्ट है। वहीं मंडी के चौकी इंचार्ज एसआई सचिन की टीम की पेट्रोलिंग गश्त लगातार जारी है,ताकि मंडी परिसर में कोई बदमाश वारदात को अंजाम न दे सके। उत्तर पश्चिम जिले के डीसीपी भीष्म सिंह ने बताया कि आजादपुर मंडी में एएसआई मन्नालाल हेड कांस्टेबल राहुल और कॉन्स्टेबल विजेंदर आजादपुर मंडी ए ब्लॉक प्याज शेड मोड़ के पास गश्त कर रहे थे,तभी उन्होंने एक स्कूटी सवार संदिग्ध व्यक्ति को देखा। जैसे ही संदिग्ध की नजर पुलिस पर पड़ी तो वह यू टर्न लेकर भागने लगा, तुरंत मंडी की मुस्तैद पुलिस टीम ने उसका पीछा किया और कुछ ही दूरी पर उसे स्कूटी समेत दबोच लिया।



पुलिस को तलाशी लेने पर एक बटन चलित चाकू और चोरी की स्कूटी मिली है,स्कूटी की एफआईआर मौर्या एनक्लेव थाने में दर्ज है। आरोपी ने कबूल किया कि वह मंडी में किसी बड़ी वारदात को अंजाम देने के लिए मंडी में घुसा था लेकिन उससे पहले ही पुलिस के हत्थे चढ़ गया। आरोपित पर पहले के 12 मामले दर्ज हैं,फिलहाल संदिग्ध से पुलिस की पूछताछ लगातार जारी है।

## अमेरिका के रिएक्शन के बाद पता चलेगी पीएम मोदी और ट्रंप के बीच हुई वार्ता की सच्चाई : राशिद अल्वी



**नई दिल्ली।** कांग्रेस के वरिष्ठ नेता राशिद अल्वी ने अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप के साथ प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की बातचीत पर संदेह जताते हुए कहा कि अमेरिका की प्रतिक्रिया के बाद सच्चाई का पता चलेगा। विदेश मंत्रालय के अनुसार, ट्रंप से बातचीत में पीएम मोदी ने दो टूक शब्दों में कहा कि भारत ने कभी भी तीसरे पक्ष की मध्यस्थता स्वीकार नहीं की है और भविष्य में भी ऐसी मध्यस्थता को स्वीकार नहीं करेगा।

बातचीत के दौरान दोनों विश्व नेताओं के बीच वार्ता की सराहना की, लेकिन यह भी कहा कि अमेरिका की तरफ से प्रतिक्रिया आने के बाद ही सच्चाई का पता चल पाएगा। उन्होंने कहा, "यह बहुत अच्छी बात है कि दोनों नेताओं ने बातचीत की है। कनाडा में राष्ट्रपति ट्रंप पीएम मोदी से मिले भी नहीं, बिना मिले ही वापस अपने देश चले गए।"
उन्होंने कटाक्ष करते हुए कहा कि प्रधानमंत्री मोदी और ट्रंप की बातचीत के बाद अमेरिका की तरफ से अभी तक कोई प्रतिक्रिया नहीं आई है। हमें इंतजार रहेगा कि अमेरिका इस बातचीत पर क्या कहता है। उन्होंने कहा कि पीएम मोदी और ट्रंप के बीच बातचीत की जानकारी भारत के गृह सचिव ने दी है। गृह सचिव ने पहले भी कहा था कि भारत ने पाकिस्तान पर हमला करने से पहले बता दिया था, लेकिन बाद में उन्होंने यू-टर्न ले लिया। गृह सचिव के बयान पर पूरी तरह से भरोसा नहीं किया जा सकता। दूसरी तरफ, उन्होंने इस बात पर दुख जताया कि कनाडा के सांसदों ने जी-7 शिखर सम्मेलन के लिए पीएम मोदी को आमंत्रित करने का विरोध किया है। उन्होंने कहा कि यह बेइज्जती प्रधानमंत्री की नहीं, बल्कि भारत की है। प्रधानमंत्री मोदी इस बात को कैसे स्पष्ट करेंगे कि सीजफायर अमेरिका के दबाव में नहीं किया गया है।
उन्होंने सीजफायर लागू करने के सवाल पर कहा कि सीजफायर को लेकर राजनीतिक स्तर पर कोई बात नहीं हुई है। आप कह रहे हैं कि पाकिस्तान के डीजीएमओ के फोन के बाद सीजफायर लागू करने का फैसला दोनों देशों ने लिया है। देश की जनता को धोखा दिया जा रहा है, उन्हें अंधेरे में रख रहे हैं।
उन्होंने 'ऑपरेशन सिंदूर' के जारी रहने पर सवाल उठाया है। उन्होंने कहा कि हाफिज सईद और अजहर मसूद जिंदा है, इन सबका आका अमेरिका के राष्ट्रपति के साथ लंच कर रहा है, यह कैसा आपका 'ऑपरेशन सिंदूर' है अगर ऑपरेशन जारी है तो आगे बढ़ें।

## नौसेना में पहला एंटी-सबमरीन शैलो वॉटर क्राफ्ट युद्धपोत 'अनार्ला' शामिल




**लोक प्रेरणा**
**नई दिल्ली ।** भारतीय नौसेना में पहला एंटी-सबमरीन वॉरफेयर शैलो वॉटर क्राफ्ट आईएनएस अनार्ला बुधवार को औपचारिक रूप से शामिल हो गया। चीफ ऑफ डिफेंस स्टाफ (सीडीएस) जनरल अनिल चौहान की मौजूदगी में विशाखापत्तनम के नेवल डॉकयार्ड में इसे भारतीय नौसेना में शामिल किया गया।
सीडीएस जनरल अनिल चौहान ने इस ऐतिहासिक समारोह की अध्यक्षता की। नौसेना के मुताबिक यह युद्धपोत अंडरवॉटर अकॉस्टिक कम्युनिकेशन सिस्टम व लो-फ्रीक्वेंसी वैरिएबल डेप्थ सोनार युक्त है। इस युद्धपोत में लाइटवेट टॉरपीडो, रॉकेट, एंटी-टॉरपीडो डिकॉय और माइन बिछाने के सिस्टम जैसे अत्याधुनिक हथियार लगे हैं।
आईएनएस अनार्ला 77 मीटर लंबा व 1,490 टन से अधिक वजन वाला युद्धपोत है। इसे डीजल इंजन-वॉटरजेट संयोजन द्वारा संचालित किया जाता है, जो इसे अपनी श्रेणी का सबसे बड़ा भारतीय नौसैनिक युद्धपोत बनाता है। इस अवसर पर चीफ ऑफ डिफेंस स्टाफ जनरल अनिल चौहान ने भारतीय नौसेना के ह्लखरीदार नौसेनाह्व से ह्लनिमार्ता नौसेनाह्व बनने की ऐतिहासिक यात्रा को रेखांकित किया।
उन्होंने बताया कि आज बड़ी संख्या में युद्धपोत और सहायक पोत भारत में ही निमार्णाधीन हैं। इससे भारत एक सशक्त पोत निर्माण राष्ट्र के रूप में उभर रहा है।

# ग्रेटर नोएडा वेस्ट के लाखों लोग आज भी मेट्रो के सपने को ही जी रहे

**ग्रेटर नोएडाः।** एक ओर जहां दिल्ली-एनसीआर के बाकी हिस्सों में मेट्रो की रफ्तार जिंदगी को आसान बना रही है, वहीं ग्रेटर नोएडा वेस्ट के लाखों लोग आज भी मेट्रो के सपने को ही जी रहे हैं. मेट्रो प्रोजेक्ट की फाइल पिछले दस सालों से अलग-अलग दफ्तरों में घूम रही हैं, लेकिन अभी तक धरातल पर एक ईंट भी नहीं रखी गई है।
छह महीने से यहां अटकी है फाइल
शुरूआत में जब इस इलाके में बिल्डर्स ने प्रोजेक्ट लॉन्च किए थे तब उन्होंने भोले-भाले बायर्स को यह सपना दिखाया कि जल्द ही मेट्रो यहां तक पहुंच जाएगी. इसी भरोसे हजारों परिवारों ने अपना सब कुछ लगाकर फ्लैट खरीदे, लेकिन आज दस साल बाद भी वो मेट्रो सिर्फ उनके दिमाग और ब्रोशर में ही दौड़ रही है. प्रोजेक्ट की डीपीआर को नोएडा अथॉरिटी ने पहले ही हरी झंडी दे दी थी।
इसके बाद यह फाइल उत्तर प्रदेश सरकार से भी पास हो गई. मगर, अब यह फाइल शहरी विकास मंत्रालय भारत सरकार के पास जाकर अटक गई है. जिसे आज करीब छह महीने हो गए है।
ग्रेनो वेस्ट निवासियों के सवाल
इसका मुद्दा स्थानीय सांसद डॉक्टर महेश शर्मा संसद में भी उठा चुके हैं. बावजूद इसके कोई ठोस अपडेट सामने नहीं आया है. जब भी इस मुद्दे पर नोएडा अथॉरिटी के आला अधिकारियों से बात होती है, तो वही घिसा-पिटा जवाब मिलता है. डीपीआर केंद्र में है, जैसे ही अप्रूवल मिलेगा, आगे की प्रक्रिया शुरू की जाएगी. मगर ग्रेटर नोएडा वेस्ट के निवासियों का सवाल यह है कि यह अप्रूवल आखिर कब मिलेगा! मिलेगा भी नहीं।
करीब 8 लाख की आबादी है यहां
आपको बता दें कि वर्तमान में ग्रेटर नोएडा वेस्ट की आबादी करीब 8 लाख तक पहुंच चुकी है. इतने बड़े क्षेत्र के लिए आज भी कोई पब्लिक ट्रांसपोर्ट नहीं है. न मेट्रो है, न डीटीसी या यूपी रोडवेज की नियमित बस सेवा. लोगों के पास केवल प्राइवेट गाड़ियां, ऑटो या महंगी कैब ही विकल्प हैं. जहां ऑटो वाले मनमाना किराया बदलते हैं. और उन्हें इसमें सफर करना मजबूरी है जिनके पास खुद का कोई साधन नहीं है

# क्लासरूम कंस्ट्रक्शन घोटाला : दिल्ली में 37 ठिकानों पर ईडी की कार्रवाई

## क्लासरूम कंस्ट्रक्शन घोटाला : दिल्ली में 37 ठिकानों पर एऊ की कार्रवाई

**नई दिल्ली ।** प्रवर्तन निदेशालय (ईडी) ने बुधवार को दिल्ली के क्लासरूम कंस्ट्रक्शन घोटाला मामले में शामिल ठेकेदारों और निजी संस्थाओं से जुड़े 37 स्थानों पर छापेमारी की। बीते दिनों क्लासरूम कंस्ट्रक्शन मामले में एसीबी ने एफआईआर दर्ज की थी। ईडी की कार्रवाई उसी एफआईआर से संबंधित है।
जानकारी के अनुसार, क्लासरूम कंस्ट्रक्शन घोटाला मामले में ईडी की टीम दिल्ली के राजेंद्र नगर में स्थित बब्बर एंड बब्बर आर्किटेक्ट्स समेत 37 ठिकानों पर छापेमारी कर रही है। यह मामला दिल्ली सरकार के पूर्व मंत्रियों और निजी ठेकेदारों के खिलाफ दिल्ली के विभिन्न स्कूलों



में अतिरिक्त कक्षाओं के निर्माण में कथित अनियमितताओं से जुड़ा है। बता दें कि उपराज्यपाल विनय कुमार सक्सेना से मंजूरी मिलने के बाद एसीबी ने इस मामले में एफआईआर दर्ज करते हुए जांच शुरू की थी। एसीबी ने 30 अप्रैल को मनीष सिसोदिया और सत्येंद्र जैन के खिलाफ एफआईआर दर्ज की थी।
यह मामला करीब 2000 करोड़ रुपए के कथित घोटाले से जुड़ा है। उन पर करीब 12,748 क्लासरूम और इमारतों के निर्माण में अनियमितता बरतने का आरोप है।
एसीबी के मुताबिक, क्लासरूम के निर्माण की लागत को असामान्य रूप से बढ़ाया गया। साथ ही जांच में यह भी पता चला कि क्लासरूम्स को सेमी-परमानेंट स्ट्रक्चर के रूप में बनाया गया। इसके अलावा, जिन ठेकेदारों को इसका ठेका मिला था, उनके संबंध ह्यआपह्व पार्टी से जुड़े थे। इससे पहले, भ्रष्टाचार निरोधक शाखा (एसीबी) ने बताया कि आम आदमी पार्टी के नेता मनीष सिसोदिया और सत्येंद्र जैन को सरकारी स्कूलों में 12,748 कक्षाओं के निर्माण में कथित 2,000 करोड़ रुपए के भ्रष्टाचार के मामले में समन जारी किया है। उन दोनों पर बीते 30 अप्रैल को एफआईआर दर्ज की गई थी।
आरोप है कि मनीष सिसोदिया और सत्येंद्र जैन ने अपने पद का दुरुपयोग करते हुए मनमाने तरीके से क्लासरूम की लागत और साइज बढ़ाकर इसका फायदा लिया। दोनों पर सरकारी नियमों का पालन नहीं करने का आरोप लगा। क्लासरूम बनाने की लागत 24.86 लाख रुपए बताई गई, जबकि दिल्ली में इसी तरह के निर्माण की लागत पर 5 लाख रुपए का खर्च आता है।

## दिल्ली की सीएम रेखा गुप्ता ने महर्षि आयुर्वेदिक हॉस्पिटल में 'सोमा किचन' का उद्घाटन किया



**नई दिल्ली ।** दिल्ली की मुख्यमंत्री रेखा गुप्ता ने शालीमार बाग स्थित महर्षि आयुर्वेद हॉस्पिटल में 'सोमा किचन' का उद्घाटन किया। रेखा गुप्ता का कहना है कि ये पहल न सिर्फ दिल्ली को आयुर्वेद और स्वास्थ्य संस्कृति से जोड़ने की दिशा में एक महत्वपूर्ण कदम है, बल्कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के ह्यप्रिवेंटिव हेल्थकेयरह्व के विजन को भी साकार करती है।
रेखा गुप्ता ने कहा कि स्वस्थ, समृद्ध और आत्मनिर्भर भारत के निर्माण में ऐसे प्रयास निश्चित ही मील का पत्थर सिद्ध होंगे।
महर्षि आयुर्वेदिक हॉस्पिटल के डायरेक्टर लक्ष्मण श्रीवास्तव ने बताया कि ये किचन पूरी तरह सात्विक भोजन पर आधारित है, जहां न तो प्याज और लहसुन का प्रयोग होता है और न ही मैदा या रिफाइंड ऑयल का इस्तेमाल किया जाता है।
लक्ष्मण श्रीवास्तव ने बताया कि आजकल के रेस्टोरेंट्स में अक्सर पुराना और मिलावटी खाना परोसा जाता है, लेकिन ह्यसोमा किचनह्व में 'नो मैदा कॉन्सेप्ट' को अपनाते हुए शुद्ध, पौष्टिक और ताजा भोजन तैयार किया जाता है। यह भोजन आयुर्वेद की पारंपरिक पद्धतियों को ध्यान में रखकर बनाया गया है। लक्ष्मण श्रीवास्तव ने कहा, "आयुर्वेद में खाने की जो पद्धति है, उसको ध्यान में रखते हुए सोमा किचन में खाना बनाया जा रहा है, क्योंकि आयुर्वेद हमारी बहुत पुरानी पद्धति है। हमारे दिमाग में जब भी आयुर्वेद का नाम आता है तो हम सिर्फ खिचड़ी के बारे में सोचते हैं, लेकिन इसी चीज को बदलने के लिए हम लोगों के लिए अलग-अलग तरीके का स्वादिष्ट भोजन बना रहे हैं, जो पूरी तरीके से सात्विक है और मिलेट बेस है। सोमा किचन इस सोच को बदलने की दिशा में एक प्रयास है।"

# मोदी-ट्रंप की बातचीत पर नौकरशाह नहीं, पीएम को खुद जवाब देना चाहिए : अधीर रंजन चौधरी

**लोक प्रेरणा**
**नई दिल्ली।** प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी और अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप के बीच टेलीफोन पर हुई बातचीत को लेकर विपक्षी दल हमलावर है। कांग्रेस नेता अधीर रंजन चौधरी ने बुधवार को कहा कि नौकरशाह को नहीं, पीएम मोदी को स्वयं इस पर जवाब देना चाहिए।
विदेश सचिव विक्रम मिस्री के बयान पर कांग्रेस नेता अधीर रंजन चौधरी ने कहा, "अमेरिका दुनिया का सबसे ताकतवर देश माना जाता है और उनके राष्ट्रपति ने एक बार नहीं, बल्कि 11 बार खुलेआम कहा है कि उन्होंने दोनों पक्षों (भारत-पाकिस्तान) को युद्ध रोकने के लिए राजी किया, उन्होंने मध्यस्थता की, नहीं तो बहुत बड़ा युद्ध छिड़ जाता। ट्रंप के इस बयान पर हमारे प्रधानमंत्री ने अभी तक कुछ नहीं कहा है। इस पर भारत सरकार के 'बाबू' (अधिकारी) इस तरह के बयान क्यों दे रहे हैं जब अमेरिका के राष्ट्रपति खुद बयान देते हैं, कोई नौकरशाह या सचिव नहीं, तो हमारे प्रधानमंत्री के लिए उचित होगा कि वह इसका जवाब दें और सीधे तौर पर इसे खारिज करें। अमेरिका के किसी बाबू ने नहीं बल्कि राष्ट्रपति ने मध्यस्थता की बात को खुद कहा है, मुनासिब होता कि इस पर पीएम मोदी को पलटवार करते हुए जवाब देते।"



भाजपा के इस आरोप के बारे में पूछे जाने पर कि कांग्रेस पार्टी को देश के प्रधानमंत्री पर नहीं, अमेरिका और पाकिस्तान की बातों पर भरोसा है, अधीर रंजन चौधरी ने समाचार एजेंसी आईएएनएस से कहा कि हमें देश की बहादुर सेना और देश की जनता पर भरोसा है। हमने अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप के बयान पर स्पष्टीकरण मांगा है और इस पर पीएम मोदी को जवाब देना चाहिए।
उल्लेखनीय है कि कनाडा में आयोजित जी-7 शिखर सम्मेलन के दौरान पीएम मोदी और ट्रंप से मुलाकात होनी थी, लेकिन राष्ट्रपति ट्रंप को जल्दी वापस अमेरिका लौटना पड़ा, जिसके कारण ये मुलाकात नहीं हो पाई। इसके बाद राष्ट्रपति ट्रंप के आग्रह पर दोनों के बीच फोन पर बातचीत हुई है। इस दौरान प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने भारत-पाकिस्तान सीजफायर को लेकर कहा है कि अमेरिका की कोई भूमिका नहीं थी। अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप के साथ फोन पर हुई बातचीत में पीएम मोदी ने कहा कि भारत ने कभी भी तीसरे पक्ष की मध्यस्थता को स्वीकार नहीं किया है और भविष्य में भी ऐसी मध्यस्थता को स्वीकार नहीं करेगा। विदेश सचिव विक्रम मिस्री ने मीडिया को इस बातचीत की जानकारी दी।

# सिर्फ चिप्स और बाहर की चीजों से ही पेट भरता है बच्चा, तो ऐसे छुड़वाएं



**बच्चे बाहर का खाना ज्यादा पसंद करते हैं. ऐसे में अगर आपके बच्चे को भी जंक फूड खाने की आदत है, तो इससे उन्हें आगे चलकर सेहत से जुड़ी परेशानी हो सकती है. इसलिए उनकी इस आदत कोछुड़ानाबहुत जरूरी है. आप इन टिप्स की मदद से बच्चों को घर का खाना खाने की आदत डाल सकते हैं.**

बाहर का चटपटा और मसालेदार खाना भला किसे नहीं पसंद होता है. बड़े तो फिर में बाहर के खाने से सेहत को होने वाले नुकसान को ध्यान में रखते हुए लिमिटेड जंक फूड खाते हैं. लेकिन वहीं बच्चों की बात करें, तो उन्हें इस तरह से समझा पाना मुश्किल है. उन्हें अगर बाहर का खाना खाने की आदत लग गई, तो वह हर दूसरे दिन मार्केट से पिज्जा, बर्गर, समोसे, चिप्स और कई तरह की चीजें खाने की जिद करते हैं.लेकिन बहुत ज्यादा या हर दूसरे दिन बाहर का खाना खाने से सेहत को धीरे-धीरे नुकसान पहुंच सकता है. जंक फूड में कैलोरी, फैट और शुगर ज्यादा होती है. इससे शरीर में एक्स्ट्रा फैट जमा हो सकता है, जो मोटापे का कारण बन सकता है. इसके अलावा इससे इंफेक्शन और कई तरह की बीमारियां होने का खतरा बढ़ जाता है. इसलिए बच्चों को हमेशा घर का बना हेल्दी खाना ही खिलाना चाहिए, बस कभी-कभी बाहर का खिलाना सही रहेगा. ऐसे में अगर आपको बच्चे बाहर का खाना और जंक फूड खाने की जिद करता है, तो आप उसकी इस आदतों को इन टिप्स की मदद से दूर कर सकते हैं.

घर पर जंक फूड कम करें

सबसे पहले पेरेंट्स को घर पर बाहर का खाना लाना कम करना चाहिए, क्योंकि बच्चे बड़ों द्वारा की जा रही आदतों को ही फॉलो करते हैं. अगर आप भी बाहर का खाना या जंक फूड ज्यादा खाते हैं, तो बच्चे भी इसी आदत को अपनाएंगे. इसलिए बच्चों के सामना जंक फूड खाना अवॉइड करें.

हेल्दी फूड्स खाएं

बच्चों के सामने खुद भी मौसमी सब्जियों, फल, नट्स और घर पर बना खाना खाएं. इससे उन्हें भी घर का खाना खाने की आदत डालें. साथ ही खाने में नमक, मिर्च और बाकी मसाले का उपयोग सीमित मात्रा में करें. जिससे बच्चे को शुरू से ही कम तीखा और ऑयली खाने की आदत डालें.

खाने को मजेदार बनाएं

बाहर का खाना ज्यादा ऑयली और मसालेदार या फिर मजेदार होता है. इसलिए उन्हें यह ज्यादा पसंद होता है. इसलिए कोशिश करें कि हेल्दी फूड को अलग-अलग तरह से उन्हें बनाकर दें. जैसे कि बच्चे स्प्राउट्स खाना पसंद नहीं करेंगे, तो उसका चीला बनाकर बच्चे को खीरा सकते हैं. खाने से जुड़ी कुछ कहानियां बच्चे को सुनाएं. जो सब्जी बच्चा खाना पसंद नहीं करता है, उसे इंटरेस्टिंग बनाकर खिलाने का प्रयास करें. आप सैंडविच में उसे डाल सकते हैं.

घर पर बनाएं

अगर बच्चा को पिज्जा और बर्गर जैसी चीजें खाना पसंद है, तो आप यह सब चीजें हेल्दी चीजों का उपयोग कर घर पर बना सकते हैं. पिज़्ज़ा, सेंडविच और बर्गर में हेल्दी सब्जियां मिलाकर बच्चे को दें.

चीट डे निर्धारित करें

इसके साथ ही बच्चे के लिए चीट डे निर्धारित करें. 10 से 15 दिन में एकबार उन्हें बाहर का खाना खाने के लिए दें. फूड की क्वालिटी का ध्यान जरूर रखें.

# न्यायपालिका को अपना घर भी ठीक करना चाहिए



भारतीय सेना की कर्नल सोफिया कुरैशी के खिलाफ अपमानजनक टिप्पणी करने वाले मध्यप्रदेश के मंत्री विजय शाह के मामले में तो सुप्रीम कोर्ट का रवैया बेहद ही हैरतअंगेज और अफसोसनाक रहा। मध्यप्रदेश हाई कोर्ट ने इस मामले में सख्त रवैया अपनाते हुए पुलिस को शाह के खिलाफ सख्त धाराओं में एफआईआर दर्ज करने का निर्देश दिया था जिसकी देश भर में सराहना हुई थीबीसवीं सदी के मशहूर जर्मन कवि-नाटककार बर्तोल्त ब्रेख्त ने कहा है कि %हमें छोटे-छोटे न्याय दिए जाते हैं ताकि बड़े अन्याय छिपाए जा सकें।% हमारे देश में भी ऐसा ही हो रहा है। पिछले कुछ वर्षों से देश की अन्य संवैधानिक संस्थाओं की तरह हमारी न्यायपालिका भी संक्रमण के दौर से गुजर रही है। न सिर्फ उसकी कार्यशैली और फैसलों पर सवाल उठ रहे हैं, बल्कि उसकी हनक भी लगातार कम हो रही है। यह बात सर्वोच्च और उच्च अदालतों के कई पूर्व और वर्तमान न्यायाधीश भी कई मौकों पर कह चुके हैं। इस सिलसिले में कोई सात साल पहले सुप्रीम कोर्ट के चार वरिष्ठ जजों की ऐतिहासिक प्रेस कांफ्रेन्स उल्लेखनीय है।साल 2018 के जनवरी महीने में सुप्रीम कोर्ट के चार जजों ने एक प्रेस कांफ्रेंस के माध्यम से शीर्ष अदालत में प्रशासनिक गड़बड़ियों को उजागर करते हुए कहा था कि- ये गड़बड़ियां न्यायपालिका को नुकसान पहुंचा रही हैं और देश के लोकतंत्र को नष्ट कर सकती हैं। इन चार जजों का मीडिया के सामने आकर ऐसा कहना आजाद भारत के इतिहास में अपनी तरह की पहली घटना थी। उस घटनाक्रम की एक हैरान करने वाली बात यह भी थी कि चार जजों ने जो कुछ कहा था, उस पर सफाई या उनकी बातों का खंडन सुप्रीम कोर्ट के तत्कालीन प्रधान न्यायाधीश दीपक मिश्रा की ओर से नहीं आया था बल्कि भारतीय जनता पार्टी के प्रवक्ता और राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ से जुड़े संगठन के नेता प्रधान न्यायाधीश के बचाव में आगे आए थे।बहरहाल इस पूरे घटनाक्रम के बाद सुप्रीम कोर्ट की प्रशासनिक कार्यप्रणाली में कोई सुधार हुआ हो या न हुआ हो, लेकिन देश की न्याय व्यवस्था में तो कोई सुधार हर्गिज नहीं आया। हालांकि तब से लेकर अब तक सुप्रीम कोर्ट और हाई कोर्टों ने कुछ फैसले बहुत अच्छे दिए, जिनसे लोगों को लगा कि अभी सब कुछ खत्म नहीं हुआ है। अलबत्ता सत्ता प्रतिष्ठान को वे फैसले रास नहीं आए और इसी वजह से सत्तापक्ष की ओर से सुप्रीम कोर्ट को कई तरह की नसीहतें भी दी गईं। फिर भी लोक महत्व के कई फैसले बेहद निराशाजनक रहे, जिन्हें किसी भी दृष्टि से तार्किक या निष्पक्ष नहीं कहा जा सकता। इसी दौरान सुप्रीम कोर्ट और हाई कोर्टों के कुछ जजों का व्यक्तिगत आचरण भी बेहद आपत्तिजनक रहा, जिससे न्यायपालिका की विश्वसनीयता पर सवाल उठे।

ज्यादा पुरानी बात न करें तो हाल के दिनों में ही सुप्रीम कोर्ट के कुछ अजीबोगरीब फैसले आए हैं, जो पहलगाम कांड और उसके बाद भारत-पाकिस्तान के बीच हुए सैन्य टकराव के शोर में दब गए और लोगों का उन पर ध्यान नहीं गया। इनमें से कुछ फैसले शीर्ष अदालत की निष्पक्षता पर सवाल खड़ा करते हैं तो कुछ फैसले ऐसे हैं जो शीर्ष अदालत ने अपने अधिकार क्षेत्र के बाहर जाकर दिए हैं।

सबसे महत्वपूर्ण मामला इलाहाबाद हाई कोर्ट के जज शेखर यादव का है। विश्व हिंदू परिषद के एक कार्यक्रम में भाषण देते हुए जस्टिस यादव ने मुसलमानों को कठमुल्ला बताते हुए कहा था कि देश बहुसंख्यकों की इच्छा के मुताबिक ही चलना चाहिए। इस मामले में सुप्रीम कोर्ट ने जस्टिस यादव से सफाई मांगी थी और तत्कालीन प्रधान न्यायाधीश संजीव खन्ना उनके खिलाफ इन-हाउस जांच के लिए कमेटी गठित करने वाले थे लेकिन राज्यसभा सचिवालय ने सुप्रीम कोर्ट को पत्र लिख कर जस्टिस यादव के खिलाफ जांच रुकवा दी। मामला रफा-दफा हो गया। जस्टिस यादव को उनके पद से हटाने के लिए राज्यसभा के 55 सदस्यों के हस्ताक्षर वाला प्रस्ताव भी सदन के सभापति के पास गया था लेकिन उसमें भी कुछ नहीं हुआ।

एक अन्य मामला अवमानना का है जिसमें सुप्रीम कोर्ट ने स्पष्ट रूप से दोहरा रवैया अपनाया है। एक यूट्यूबर अजय शुक्ल ने अपने यूट्यूब प्लेटफॉर्म पर सुप्रीम कोर्ट से हाल ही में रिटायर हुई जस्टिस बेला एम. त्रिवेदी की कार्यशैली और उनके दिए कुछ फैसलों को लेकर आलोचनात्मक टिप्पणियां की थीं, जिसे सुप्रीम कोर्ट ने अपमानजनक मानते हुए उनका स्वत- संज्ञान लिया और सुप्रीम कोर्ट की रजिस्टरी को निर्देश दिया कि वह यूट्यूबर शुक्ल के खिलाफ अवमानना की कार्रवाई शुरू करे। जबकि इसी वाकये से कुछ दिनों पहले भाजपा के वरिष्ठ सांसद निशिकांत दुबे ने तत्कालीन प्रधान न्यायाधीश संजीव खन्ना का नाम लेकर कहा था कि उनकी वजह से देश में गृह युद्ध छिड़ा हुआ है। देश के इतिहास में यह पहला मौका था जब सुप्रीम कोर्ट के मुखिया पर किसी ने इतना गंभीर आरोप लगाया था लेकिन उसके खिलाफ अदालत ने अवमानना का मामला शुरू नहीं किया, बल्कि अदालत के सामने जब यह मामला आया तो उसे खुद जस्टिस संजीव खन्ना ने यह कहते हुए खारिज कर दिया कि %न्यायपालिका ऐसी छुई मुई नहीं है कि जो ऐसी टिप्पणियों से बिखर जाएगी।%

इन मामलों के अलावा सुप्रीम कोर्ट के आदेश पर तमिलनाडु के दो मंत्रियों के इस्तीफे का मामला भी कम हैरान करने वाला नहीं रहा। तमिलनाडु के बिजली और आबकारी मंत्री सेंथिल बालाजी और वन मंत्री के. पोनमुडी के मामले में सुप्रीम कोर्ट ने एक तरह से धमकी दी थी कि अगर उन्होंने मंत्रिपरिषद से इस्तीफा नहीं दिया तो उनकी जमानत रद्द कर उन्हें जेल भेज दिया जाएगा। सवाल है कि कोई भी अदालत किसी मंत्री को यह कैसे कह सकती है कि वह मंत्री पद छोड़े नहीं तो जमानत रद्द करके उसे जेल भेज दिया जाएगा? क्या यह कार्यपालिका के काम में न्यायपालिका का असंवैधानिक हस्तक्षेप नहीं है? किसी आरोपी या दागी व्यक्ति को मंत्रिमंडल में रखने का फैसला नैतिकता की कसौटी पर हो सकता है कि सही नहीं हो लेकिन अगर कानूनी और संवैधानिक रूप से सही है तो उसमें अदालत का दखल क्यों होना चाहिए?गौरतलब है कि सेंथिल बालाजी और पोनमुडी धन शोधन और आय से अधिक संपत्ति के मामलों में लंबे समय तक जेल में रहने के बाद जमानत पर रिहा हुए थे और फिर से मंत्री बनाए गए थे, क्योंकि अगर कोई व्यक्ति विधायक है और उसे अयोग्य नहीं ठहराया गया है तो वह भारत के संविधान के मुताबिक मंत्री, मुख्यमंत्री या प्रधानमंत्री बन सकता है। जैसे पिछले साल धन शोधन के मामले में जेल से छूटने के बाद हेमंत सोरेन फिर से झारखंड के मुख्यमंत्री बने थे और अरविंद केजरीवाल तो जेल में रहते हुए भी मुख्यमंत्री बने रहे।भारतीय सेना की कर्नल सोफिया कुरैशी के खिलाफ अपमानजनक टिप्पणी करने वाले मध्यप्रदेश के मंत्री विजय शाह के मामले में तो सुप्रीम कोर्ट का रवैया बेहद ही हैरतअंगेज और अफसोसनाक रहा। मध्यप्रदेश हाई कोर्ट ने इस मामले में सख्त रवैया अपनाते हुए पुलिस को शाह के खिलाफ सख्त धाराओं में एफआईआर दर्ज करने का निर्देश दिया था जिसकी देश भर में सराहना हुई थी लेकिन सुप्रीम कोर्ट ने हाई कोर्ट के आदेश पर दो महीने का रहस्यमय स्थगन देकर देश को निराश ही किया।

हाल के वर्षों में हेट स्पीच यानी नफरत फैलाने वाले भाषणों को लेकर भी शीर्ष अदालत और हाई कोर्टों का रवैया बेहद विचित्र रहा है। जेएनयू के दो छात्र खालिद उमर और शरजील इमाम हेट स्पीच के मामले में करीब पांच साल से जेल में हैं। सुप्रीम कोर्ट कई बार कह चुका है कि %जमानत नियम है और जेल अपवाद% लेकिन सुप्रीम कोर्ट की यह व्यवस्था इन दोनों पर लागू नहीं हो रही है। इसके विपरीत कई केंद्रीय मंत्री और सत्ताधारी पार्टी के सांसद आए दिन हेट स्पीच देते रहते हैं पर उनके खिलाफ एफआईआर दर्ज कराने की अपील तक अदालतों में नहीं सुनी जाती।ऐसा नहीं है कि न्यायपालिका में जारी गड़बड़ियों से आम आदमी बेखबर हो।

पारंपरिक मीडिया भले अपने निहित स्वार्थों की खातिर इन गड़बड़ियों से मुंह फेरे हुए हो, परन्तु वैकल्पिक और सोशल मीडिया के विभिन्न प्लेटफॉर्म्स के विस्तार के चलते हर आदमी न्यायपालिका में व्याप्त भ्रष्टाचार और विसंगतियों से भरी न्याय व्यवस्था से बाखबर है। यह और बात है कि ये गड़बड़ियां अवमानना के डंडे के डर की वजह से कभी भी व्यापक तौर पर सार्वजनिक बहस का मुद्दा नहीं बन पातीं। वक्त का तकाजा है कि न्यायपालिका खुद अपने गिरेबान में झांके और अपनी विश्वसनीयता बहाल करे। अपनी तमाम विसंगतियों और गड़बड़ियों के बावजूद न्यायपालिका ही आज भी हमारे लोकतंत्र का सबसे असरदार स्तंभ है और हर तरफ से लाचार-हताश देशवासियों की उम्मीद का आखिरी आसरा भी। यह स्तंभ भी अगर पूरी तरह ढह गया तो फिर बचा-खुचा लहूलुहान लोकतंत्र भी धर्मांधता, कॉरपोरेट की लूट और व्यक्तिपूजा के पैरों तले पूरी तरह कुचल कर दम तोड़ देगा।

## संपादकीय

# युद्ध के साए में दिखावे का जी-7

कनाडा के कनानास्किस में जी-7 की बैठक में हिस्सा लेने के लिए प्रधानमंत्री मोदी पहुंच चुके हैं, हालांकि उन के पहुंचने से पहले ही अमेरिकी राष्ट्रपति ट्रंप वहां से रवाना हो चुके थे। ये बात श्री मोदी के लिए राहत की है क्योंकि अब भारत-पाकिस्तान के बीच युद्धविराम के दावे को लेकर ट्रंप से कोई चर्चा नहीं होगी। ट्रंप इस बात को कम से कम 14 बार कह चुके हैं। ऐसे में अगर श्री मोदी ट्रंप से मिलते और इस बारे में सवाल नहीं करते तब देश में उनकी काफी आलोचना होती। तो इसलिए एक तरह से उन के लिए ये राहत ही है कि वे ट्रंप के साथ किसी अप्रिय स्थिति में उलझने से बच गए।

उधर ट्रंप के जल्दी निकल जाने पर भी विवाद खड़ा हो ही गया है। फ्रांस के राष्ट्रपति इमैनुएल मैक्रों ने कहा था कि मध्य पूर्व में युद्ध विराम सुनिश्चित करने के लिए ट्रंप वापस गए हैं, जो सकारात्मक पहल है। लेकिन ट्रंप ने सोशल मीडिया पर दिए अपने जवाब में मैक्रो को गलत बताते हुए लिखा, %प्रचार चाहने वाले इमैनुएल मैक्रो ने गलती से कहा कि मैं कनाडा में जी-7 शिखर सम्मेलन छोड़कर वापस वाशिंगटन डीसी जा रहा हूं ताकि इजरायल-ईरान के बीच %युद्ध विराम% पर काम कर सकूं। गलत! उन्हें नहीं पता कि मैं अब वाशिंगटन क्यों जा रहा हूं, लेकिन इसका निश्चित रूप से युद्ध विराम से कोई लेना-देना नहीं है। इससे कहीं ज्यादा बड़ा। चाहे जानबूझ कर हो या अनजाने में, इमैनुएल हमेशा गलत ही बोलते हैं। देखते रहिए!ट्रंप के इस बयान से संकेत मिल रहे हैं कि इज़रायल-ईरान युद्ध में अब अमेरिका भी सीधा हिस्सा बन सकता है। वैसे इस बार जी-7 का एजेंडा मौजूदा वैश्विक हालात को देखते हुए पूरी तरह विफल नजर आ रहा है। इस बार बैठक के एजेंडे में वैश्विक शांति और सुरक्षा, आर्थिक स्थिरता, विकास और डिजिटल विकासशील जैसे मुद्दों पर चर्चा होनी है। लेकिन एक तरफ रूस और यूक्रेन के बीच जंग छिड़ी है, इजरायल ने गज़ा में कत्लेआम मचाया है और अब ईरान के साथ भी जंग छेड़ दी है। इस बैठक की शुरुआत करते हुए कनाडा के पीएम मार्क कार्नी ने कहा था कि, आज हम जिस वक्त जी-7 मीटिंग कर रहे हैं तब दुनिया में काफी हलचल है। देश बंटे हुए हैं। अमेरिका, जर्मनी, फ्रांस, जापान, यूनाइटेड किंगडम और इटली के नेता एक साथ बैठे हैं। दुनिया हमारी तरफ देख रही है। अगले दो दिन हम खुलकर चर्चा करेंगे।लेकिन जिस तरह ट्रंप पहले चले गए, मैक्रों उन पर तंज कस रहे हैं, उससे नजर आ रहा है कि बैठक में न खुलकर चर्चा हो रही है, न सदस्य देशों में एकता दिखाई दे रही है। वैसे जी-7 नेताओं ने इजरायल और ईरान के हालात पर जो बयान जारी किया है, उसमें कहा है कि च्हम, जी-7 के नेता, मध्य-पूर्व में शांति और स्थिरता के लिए अपनी प्रतिबद्धता दोहराते हैं। जी-7 नेताओं ने कहा है कि इजराइल को अपनी रक्षा करने का अधिकार है, इस बयान में ईरान को क्षेत्रीय अस्थिरता और आतंक का असल स्रोत कहा गया है। जी-7 नेताओं ने कहा, हम लगातार कहते रहे हैं कि ईरान परमाणु हथियार कभी हासिल नहीं कर सकता है। ईरानी संकट के समाधान से मध्य-पूर्व में युद्ध की स्थिति में व्यापक कमी आएगी, जिसमें गज़ा में युद्धविराम भी शामिल है।इस बयान को गौर से देखें तो झोल ही झोल नजर आएगा। एक तरफ जी-7 शांति की बात करता है, दूसरी तरफ दो देशों से युद्ध कर रहे इजरायल का साथ दे रहा है और कह रहा है कि इजरायल को रक्षा का अधिकार है। अब सवाल ये है कि अगर इजरायल को रक्षा का अधिकार है, तो वही अधिकार ईरान या फिलीस्तीन को क्यों नहीं है। ईरानी संकट के समाधान की बात जी-7 कर रहा है, यानी सीधे-सीधे ईरान को घुटने टेकने की नसीहत दे रहा है और इसे गज़ा के युद्ध विराम से जोड़ने का दिखावा कर रहा है। अगर जी-7 को वैश्विक शांति की इतनी ही चिंता थी तो अब तक इजरायल को गज़ा को तबाह करने से क्यों नहीं रोका गया।जी-7 के देशों को शायद यह गुमान है कि उनके पास दुनिया की जीडीपी का 28.4 प्रतिशत हिस्सा है तो वह सारे देशों को अपने मुताबिक नचा सकता है। लेकिन ये समूह आपस में ही बिखरा हुआ दिख रहा है। ट्रंप की तरफ से शुरु किए गए टैरिफ युद्ध की चपेट में दुनिया के कई देश आ चुके हैं।

# प्रबंधन से ज्यादा जरूरी है आपदा रोकना

**अहमदाबाद या उत्तराखंड हादसे से लेकर कोविड के नाम पर तालाबंदी के जरिए देश भर के करोड़ों प्रवासी मजदूरों के जीवन में तबाही लाने जैसे अधिकांश मामलों में मुख्य भूमिका सरकार की दिखती है या उसकी तरफ से दी गई ढील की है**





अहमदाबाद या उत्तराखंड हादसे से लेकर कोविड के नाम पर तालाबंदी के जरिए देश भर के करोड़ों प्रवासी मजदूरों के जीवन में तबाही लाने जैसे अधिकांश मामलों में मुख्य भूमिका सरकार की दिखती है या उसकी तरफ से दी गई ढील की है। अगर सिंगल इंजन के विमानों को दुर्गम पहाड़ियों वाले उत्तराखंड में ऑटो की तरह पैसेंजर ढोते सब लोग देख लेते हैं तो यह सरकार को क्यों नहीं दिखता।

सभी राज्यों और केंद्रशासित प्रदेशों के राहत आयुक्तों और आपदा प्रबंधन के मुखिया लोगों के बीच जब केन्द्रीय गृह मंत्री अमित शाह आपदा प्रबंधन में भारत को दुनिया का अगुआ और मोदी राज के दस वर्षों में यह उपलब्धि हासिल करने का दावा कर रहे थे तब डरावने विमान हादसे से बिखरे मलबे और मानव अंगों को समेटने और पहचानने का काम पूरा नहीं हुआ था और जिस किसी ने भी प्रत्यक्ष या वीडियो वगैरह के जरिए राहत एजेंसियों के लोगों को लगन और धैर्य से काम करते देखा होगा वह एक बार गृह मंत्री के दावे पर भरोसा कर लेगा। वैसे यह अलग बात है कि इसी अमित शाह ने इसी दुर्घटना को लेकर जैसा कैजुअल बयान दिया था उसकी काफी आलोचना हुई थी।आपदा प्रबंधन वाले लोगों के काम की मुश्किल इस बात से भी समझी जा सकती थी कि जब शायद ही कोई शव साबुत मिला हो तब टुकड़ों के आधार पर उसकी पहचान करके घरवालों को सही व्यक्ति की लाश सौंपना असंभव बन गया। लगभग आधे शव ही पहचाने जा सके। हजारों हजार रुपए देकर यात्रा करने वाले यात्रियों और आकाश से आने वाली मौत से अनजान डाक्टर बनने का सपना लेकर आगे बढ़ रहे हास्टल वाले बच्चों के परिवार वालों को अगर शव सौंपना संभव न हो तब सफलता-विफलता और दुनिया में सर्वश्रेष्ठ बनने का दावा क्यों नहीं करना चाहिए यह समझ तो इतने जिम्मेदार नेता में होनी चाहिए।

अब यह दुर्घटना या इसके ठीक बाद हुई उत्तराखंड में हेलीकाप्टर दुर्घटना या पुणे में पुल टूटने की घटना या बेंगलुरु में भगदड़ या कुम्भ की भगदड़ या हाथरस की भगदड़ या फिर बाढ़ और प्राकृतिक आपदाओ या कोविड जैसी महामारी के बीच हमारी इन आपदा प्रबंधन एजेंसियों के कामकाज पर नजर डालेंगे तो रिकार्ड फिफ्टी-फिफ्टी का ही मिलेगा। इन पर होने वाले खर्च को जोड़ेंगे तो हिसाब और महंगा लगेगा। इनकी जरूरत और इनकी कार्यकुशलता की मांग तो लगातार बढ़ती जा रही है। लेकिन गृह मंत्री का यह दावा राजनैतिक लगता है कि एजेंसियों ने मोदी राज में नुकसान को न्यूनतम या कम करने की जगह शून्य करने में सफलता पाई है। वे यह कहने से भी नहीं चूके कि आपदा एक वैश्विक समस्या है क्योंकि जलवायु परिवर्तन और वैश्विक तापमान में वृद्धि के चलते इनकाक्रम बढ़ गया है। इस बात में सच्चाई हो सकती है लेकिन सारी आपदाओं को प्रकृति और जलवायु के बदलाओं के मत्थे मढ़ना ठीक नहीं है। असल में उस बदलाव और बिगड़ाव के लिए हमी दोषी हैं, हमारी सरकारों की नीतियां दोषी हैं।अपने यहां अहमदाबाद या उत्तराखंड हादसे से लेकर कोविड के नाम पर तालाबंदी के जरिए देश भर के करोड़ों प्रवासी मजदूरों के जीवन में तबाही लाने जैसे अधिकांश मामलों में मुख्य भूमिका सरकार की दिखती है या उसकी तरफ से दी गई ढील की है। अगर सिंगल इंजन के विमानों को दुर्गम पहाड़ियों वाले उत्तराखंड में ऑटो की तरह पैसेंजर ढोते सब लोग देख लेते हैं तो यह सरकार को क्यों नहीं दिखता। उसके साथ दलालों और पैसों की लूट करने वाली कंपनियों का रिश्ता क्यों नहीं दिखता। हवाई यातायात ही नहीं, सड़क और रेल परिवहन जितना लूटने लगे है उनमें सुविधाओं और सुरक्षा की उतनी ही कमी क्यों आती जा रही है। सड़े गले पुल पर ट्रैफिक न जाए यह देखना किसका जिम्मा है? लोगों के बड़े जमावड़े की इजाजत देते समय कायदे कानून को क्यों बिसरा दिया जाता है? ऐसी दुर्घटनाएं बार-बार हो रही हैं और एनडीआरएफ के जवानों की बहादुरी और कर्तव्यपरायणता के बावजूद बड़ी संख्या में मौत हो जाती है। ऐसी जगह सरकार किसके पक्ष में होती है यह बताया न भी जाए तो इतना जरूर होता है कि वह नुकसान को कम से कम बताकर अपनी जिम्मेवारी से बचना चाहती है।इस बात का सबसे अच्छा उदाहरण पहलगाम कांड और हमारी सैनिक कार्रवाई की गहमागहमी के बीच कोविड से हुई मौतों का आंकड़ा जारी करना है। यह काम गृह मंत्रालय का ही था और जन्म तथा मृत्यु के आंकड़े जारी करने का रूटीन काम भी कई साल बाद किया गया। इस सरकारी आंकड़े से पता चला कि अकेले 2021 में कोविड से मौत के आंकड़े तीन लाख नहीं बीस लाख से ज्यादा है- पहले बताए जाने वाले आंकड़े से लगभग सात गुना। गुजरात जैसे राज्य में आंकड़ों का फासला साठ गुना लगता है तो उत्तर प्रदेश में भी सात के कई गुना ज्यादा। इस बीच कोविड प्रबंधन में दुनिया भर में झण्डा फहराने जैसे न जाने कितने दावे किए गए। इन मौतों को लेकर सारे चैनल और अखबार सरकार की भक्ति में न थे लेकिन हिन्दू की रिपोर्टों को अनदेखा किया गया तो भास्कर को डांटकर चुप करा दिया गया। अंग्रेजी मीडिया की खबरों से सरकार को ज्यादा चिंता नहीं होती। याद कीजिए, दानिश सिद्दीकी द्वारा लाश से पटी सीमापुरी श्मशान की तस्वीरों पर क्या कहा गया या भास्कर को किस तरह माफी मांगने पर मजबूर किया गया। अफ़गान युद्ध में फोटोग्राफी करते वक्त जान गंवाने वाले दानिश को तब शासक दल के प्रवक्ता गिद्ध कहते थे।

ऐसा ही मामला हाल में हुए कुम्भ हादसे में मरने वालों और उनके परिजनों के साथ हुए व्यवहार का है। कुम्भ को सदी का ही नहीं सदा का सर्वश्रेष्ठ आयोजन बताने और इस भगदड़ को दुर्घटना बताने वाले मामले की पोल बीबीसी के कुछ पत्रकारों ने खोली जब साफ हुआ कि मुआवजे किस भेदभावपूर्ण तरीके से बंटे, कम लोगों को दिए गए और अधिकांश को नहीं मिले।मौत का आंकड़ा भी सरकारी दावे से कई गुना है। कहीं नकदी तो कहीं बैंक ट्रांसफर क्यों किया गया? यह साफ नहीं है। लेकिन इस बीच उत्तर प्रदेश सरकार ने हाथरस भगदड़ के मुख्य जिम्मेदार को किस तरह बेदाग बचा लिया यह खबर कुम्भ भगदड़ जितनी चर्चा भी नहीं पा सका। उस बाबा पर प्राथमिकी तक दर्ज नहीं हुई और पूछताछ भी औपचारिकतावश हुई। कोविड वाले लाकडाउन में तो प्रवासी मजदूरों की दुर्गति किसी बाबा के चलते न होकर सरकार के गलत फैसले से हुई जिसमें मोदी और शाह सभी शामिल थे। इसलिए साफ लगता है कि दावे जो किए जाए, आपदा प्रबंधन एजेंसियों का काम जितना सुधारा हो आपदा लाने वाले ज्यादा गैर जिम्मेदार हुए हैं, नैतिकता गायब हुई है और फैसलों में कामकाज सुधारने और अच्छे प्रबंधन की जगह दूसरी वजहें प्रभावी होती जा रही हैं।

## न्यूज फ्लैश

### 20 जून से 10 जुलाई 2025 तक किया जाएगा नि :शुल्क खाद्यान्न का वितरण

**गौतम बुद्ध नगर।** जिला पूर्ति अधिकारी गौतम बुद्ध नगर ओमहरि उपाध्याय ने जनपद के समस्त अंत्योदय एवं पात्र गृहस्थी कार्डधारकों को बताया कि माह जुलाई, 2025 के सापेक्ष आवंटित खाद्यान्न तथा अंत्योदय कार्डधारकों को त्रैमास अप्रैल, मई एवं जून 2025 के सापेक्ष चीनी का वितरण हेतु राष्ट्रीय खाद्य सुरक्षा अधिनियम-2013 के तहत 20 जून से 10 जुलाई 2025 के मध्य संपन्न कराया जाएगा। उन्होंने बताया कि उक्त अवधि में आवश्यक वस्तुओं का वितरण प्रातः 06.00 बजे से रात्रि 09.00 बजे तक ई-पॉस मशीन के माध्यम से आधार प्रमाणीकरण के उपरांत किया जाएगा।

उन्होंने बताया कि समस्त अंत्योदय एवं पात्र गृहस्थी कार्डधारकों को खाद्यान्न गेहूं, चावल का वितरण निःशुल्क किया जाएगा, जिसमें अंत्योदय कार्डधारकों को 14 किग्रा0 गेहूँ एवं 21 किग्रा0 चावल एवं पात्र गृहस्थी कार्डधारकों को कार्ड में सम्मिलित प्रति यूनिट 02 किग्रा0 गेहूं व 03 किग्रा0 चावल विक्रेता द्वारा निःशुल्क वितरण किया जाएगा। उन्होंने बताया कि अंत्योदय कार्ड धारकों को त्रैमास अप्रैल, मई एवं जून 2025 के सापेक्ष 3 किलोग्राम चीनी प्रति कार्ड 18 प्रति किलोग्राम की दर से 54 में वितरित की जाएगी।

उन्होंने बताया कि जनपद गौतम बुद्ध नगर के अतिरिक्त उत्तर प्रदेश के अन्य जनपदों/राज्यों के निवासी अंत्योदय एवं पात्र गृहस्थी कार्ड धारक, जिनके द्वारा गौतम बुद्ध नगर के उचित दर विक्रेताओं के यहां से वन नेशन वन राशन कार्ड योजना के तहत पोर्टेबिलिटी के आधार पर खाद्यान्न अपनी सुविधा एवं सुगमता अनुसार किसी भी उचित दर दुकान से प्राप्त किया जा सकेगा। उन्होंने बताया कि संबंधित नोडल अधिकारी द्वारा उचित दर दुकान पर उपलब्ध खाद्यान्न आदि का भौतिक सत्यापन करने के उपरांत अपनी उपस्थिति में दुकान पर खाद्यान्न आदि का वितरण सुनिश्चित कराया जाएगा।

अंत्योदय एवं पात्र गृहस्थी कार्ड धारकों को गेहूं, चावल वितरण की अंतिम तिथि 10.07.2025 होगी, जिस दिन आधार प्रमाणीकरण के माध्यम से आवश्यक वस्तुओं को प्राप्त न कर सकने वाले उपभोक्ताओं हेतु मोबाइल ओ.टी.पी. वेरीफिकेशन के माध्यम से निःशुल्क वितरण संपन्न किया जा सकेगा एवं विक्रेता द्वारा ई-पॉस मशीन से निकलने वाली वितरण पर्चियों पर गेहूँ, चावल का मूल्य शून्य होना स्पष्ट रूप से प्रदर्शित किया जाएगा तथा संबंधित उचित दर विक्रेता द्वारा कार्डधारक को उक्त पर्ची उपलब्ध करायी जायेगी। प्रत्येक दशा में यह सुनिश्चित किया जाए की कोई भी पात्र लाभार्थी खाद्यान्न प्राप्ति से वंचित न रहे।

उन्होंने राष्ट्रीय खाद्य सुरक्षा अधिनियम-2013 की सूची में सम्मिलित समस्त उपभोक्ताओं को बताया कि वह सम्बन्धित उचित दर विक्रेताओं से अपनी-अपनी आवश्यक वस्तुएं प्राप्त करें। यदि उन्हें आवश्यक वस्तुए प्राप्त करने में कोई समस्या उत्पन्न हो तो, उसके निराकरण हेतु अपनी तहसील में सम्बन्धित उपजिलाधिकारी, जिला पूर्ति अधिकारी एवं क्षेत्रीय खाद्य अधिकारी / पूर्ति निरीक्षक से अथवा क्रियाशील कॉल सेंटर एवं टोल फ्री नम्बर-1967 एवं 1800-1800-150 पर समस्या दर्ज करा सकते है।

### योग सप्ताह के चतुर्थ दिन जिला कारागार, अनाथालय, वृद्ध आश्रम व पुलिस लाइन में कराया गया योगाभ्यास



**लोक प्रेरणा**
**गौतम बुद्ध नगर।** आयुष मंत्रालय भारत सरकार के निर्देश पर एवं डीएम मनीष कुमार वर्मा के नेतृत्व में "एक पृथ्वी एक स्वास्थ्य के लिए योग" थीम पर आधारित 11वें अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस के उपलक्ष में 15 जून से 21 जून 2025 तक योग सप्ताह मनाया जा रहा है।

इसी श्रृंखला में आज योग सप्ताह के चतुर्थ जिला कारागार, अनाथालयों, वृद्ध आश्रम एवं पुलिस लाइन सूरजपुर में आयुष विभाग के अधिकारी एवं कर्मचारी, योग संस्थाओं के प्रतिनिधि तथा आम जनमानस की उपस्थिति में योगाभ्यास कार्यक्रम संपन्न हुआ। योग प्रशिक्षकों द्वारा कॉमन योग प्रोटोकॉल के अनुसार योगाभ्यास कराया गया तथा संवाद के माध्यम से योग से होने वाले लाभों से परिचित भी कराया।

क्षेत्रीय आयुर्वेदिक एवं यूनानी अधिकारी गौतम बुद्ध नगर डॉक्टर धर्मेंद्र कुमार केम ने बताया कि इसी प्रकार 19 जून 2025 को प्रातः 7:00 बजे से 08:00 बजे तक कलेक्ट्रेट सूरजपुर, विकास भवन एवं कारपोरेट कार्यालयों में भी योग सप्ताह के तहत योगाभ्यास कराया जाएगा।

### कोरोना संक्रमित छह नए मरीजों की पुष्टि

**नोएडा।** स्वास्थ्य विभाग ने बुधवार को कोरोना संक्रमित छह नए मरीजों की पुष्टि की। अब कुल मरीजों की संख्या 439 हो गई है। नए मरीजों का इलाज होम आइसोलेशन में शुरू कर दिया गया है। नए मरीजों में से चार में ही कोरोना संक्रमण के सभी लक्षण हैं। दो मरीज को सर्दी और जुकाम है। पहले से ही दो मरीजों का इलाज अस्पताल में चल रहा है। अब तक 350 से अधिक मरीज स्वस्थ हो चुके हैं। साढ़े तीन महीने की एक कोरोना संक्रमित बच्ची की मौत दो हफ्ते पहले हुई थी। उसका इलाज दिल्ली के अस्पताल में चल रहा था।
जिला निगरानी अधिकारी डॉ. टीकम सिंह ने बताया कि नए मरीजों में से किसी की भी हालत गंभीर नहीं है। कोरोना संक्रमित मिले सभी मरीजों में कोई भी गंभीर रूप से बीमार नहीं हुआ।

# महिला सशक्तिकरण योजनाओं की समीक्षा बैठक सम्पन्न

## प्रत्येक पात्र महिला तक लाभ पहुंचे, योजनाओं के शत-प्रतिशत क्रियान्वयन के निर्देश

**लोक प्रेरणा**
**गौतम बुद्ध नगर।** नारी सुरक्षा, नारी सम्मान, नारी स्वावलंबन एवं महिला सशक्तिकरण के उद्देश्य से संचालित योजनाओं की प्रगति की समीक्षा हेतु आज शक्ति सदन गेस्ट हाउस, सेक्टर-38, नोएडा में एक महत्वपूर्ण विभागीय समीक्षा बैठक का आयोजन किया गया। बैठक की अध्यक्षता उत्तर प्रदेश महिला कल्याण निगम की माननीय अध्यक्ष एवं राज्य मंत्री (दर्जा प्राप्त) कमलावती सिंह ने की।

बैठक में जिला प्रोबेशन विभाग, बेसिक शिक्षा विभाग, समाज कल्याण विभाग, दिव्यांगजन सशक्तिकरण विभाग, अल्पसंख्यक कल्याण विभाग, जिला कार्यक्रम विभाग सहित अन्य संबंधित विभागों के अधिकारी उपस्थित रहे।



बैठक के दौरान माननीय अध्यक्ष ने निर्देशित किया कि प्रदेश सरकार द्वारा महिलाओं के कल्याणार्थ संचालित योजनाओं का लाभ प्रत्येक पात्र महिला तक पहुंचना सुनिश्चित किया जाए। उन्होंने अधिकारियों से कहा कि इन योजनाओं का जनपद स्तर पर व्यापक प्रचार-प्रसार किया जाए तथा शिविरों का आयोजन कर महिलाओं को योजनाओं से लाभान्वित किया जाए।

उन्होंने यह भी स्पष्ट किया कि शासन द्वारा निर्धारित लक्ष्यों की शत-प्रतिशत प्राप्ति के लिए अधिकारीगण दृढ़ संकल्प एवं समर्पित भाव से कार्य करें।

बैठक के दौरान सभी विभागीय अधिकारियों ने अपने-अपने विभागों में संचालित योजनाओं की अद्यतन प्रगति रिपोर्ट प्रस्तुत की एवं महिला सशक्तिकरण के क्षेत्र में किए जा रहे प्रयासों से अवगत कराया।

इस अवसर पर जिला प्रोबेशन अधिकारी गौतमबुद्ध नगर मनोज कुमार पुष्कर द्वारा माननीय अध्यक्ष को आश्वस्त किया गया कि बैठक में दिए गए सभी दिशा-निर्देशों का पूर्णतः पालन संबंधित अधिकारियों द्वारा किया जाएगा।

# प्रमुख सचिव ने की औद्योगिक विकास प्राधिकरणों की समीक्षा

## फैक्ट्री एक्ट में कंपनियों का पंजीकरण कराने पर दिया जोर

**लोक प्रेरणा**
**ग्रेटर नोएडा।** उत्तर प्रदेश के औद्योगिक विकास विभाग के प्रमुख सचिव आलोक कुमार ने बुधवार को ग्रेटर नोएडा प्राधिकरण के बोर्ड रूम में नोएडा, ग्रेटर नोएडा, यीडा, यूपीसीडा सहित अन्य औद्योगिक विकास प्राधिकरणों की समीक्षा की। प्रमुख सचिव ने कंपनियों को फैक्ट्री एक्ट के तहत पंजीकरण कराने पर जोर दिया। फैक्ट्री एक्ट में कंपनियों का पंजीकरण कराने की धीमी प्रक्रिया पर असंतोष जाहिर किया। उन्होंने प्राधिकरणों को श्रम एवं कारखाना विभाग के साथ शिविर



लगाकर पंजीकरण कराने के निर्देश दिए, ताकि उद्यमियों को परेशान न होना पड़े और शिविर में आकर पंजीकरण की प्रक्रिया पूरी करा सकें। उन्होंने श्रम विभाग को इस बाबत निर्देश भी दिए। प्रमुख सचिव ने सभी प्राधिकरणों को तय समयसीमा में पंजीकरण की प्रक्रिया पूरी कराने को कहा है। समीक्षा बैठक के दौरान प्रमुख सचिव ने कहा कि औद्योगिक भूखंड लेकर बैठे आवंटियों पर सख्ती करें। अगर वे निर्माण जल्द शुरू नहीं करते हैं तो उनका आवंटन निरस्त करें। उन भूखंडों को किसी और उद्यमी को आवंटित करें, ताकि उस भूखंड पर उद्योग लग सके और निवेश व रोजगार की मंशा पूरी हो सके। इस बैठक में ग्रेटर नोएडा प्राधिकरण के सीईओ एनजी रवि कुमार, एसीईओ सुनील कुमार सिंह, एसीईओ श्रीलक्ष्मी वीएस, एसीईओ प्रेरणा सिंह, महाप्रबंधक वित्त विनोद कुमार, महाप्रबंधक एके सिंह, ओएसडी एनके सिंह, ओएसडी गिरीश कुमार झा और रामनयन सिंह सहित अन्य अधिकारीगण व उद्यमी मित्र मौजूद रहे।

### सोसायटी में छत पर टावर लगाने का विरोध



**ग्रेटर नोएडा।** ग्रेटर नोएडा वेस्ट की निराला एस्टेट सोसायटी में छत पर टावर लगाया जा रहा है। टावर लगाने का विरोध सोसायटी के लोगों ने शुरू कर दिया है। आरोप है कि टावर लगाने से लोगों की सुरक्षा का खतरा होगा। कई बार मेंटेनेंस में शिकायत की गई है, लेकिन सुनवाई नहीं हुई है। सोसायटी के लोग टावर लगाने का लगातार विरोध कर रहे हैं।

एक नंबर में लग रहा है टावर

सोसायटी में प्रवेश करते ही पहले टावर में यह टावर छत पर लगाया जा रहा है। निवासियों का कहना है कि सोसायटी की छत पर टावर लगाना पूरी तरीके से गलत है। टावर लगाने के लिए छत पर निर्माण सामग्री रख दी गई है। लगातार काम चल रहा है। गड्ढे भी बना दिए गए हैं। लोगों का कहना है कि यह अवैध काम किसी भी कीमत पर नहीं होने दिया जाएगा।

ग्रेटर नोएडा प्राधिकरण से की शिकायत

छत पर टावर लगने के मामले में लोगों ने विरोध जताने के साथ ही ग्रेटर नोएडा प्राधिकरण से शिकायत की है। लोगों का कहना है कि शिकायत तो कर दी गई है, लेकिन अभी उस पर कोई सुनवाई नहीं हुई है। लोगों को उम्मीद है कि प्राधिकरण इस मामले में संज्ञान लेगा और निवासियों को राहत मिलेगी।

ऐसा पहला मामला आया सामने

ग्रेटर नोएडा वेस्ट की सोसायटी में टावर लगने के विरोध का पहला मामला सामने आया है। सोसायटी के लोगों का कहना है कि मेंटेनेंस टीम की इसमें पूरी मिली भगत है। छत पर जिस तरीके से टावर लगाया जा रहा है वह पूरी तरीके से अवैध है।

# भारतीय वायु सेना के पूर्व अधिकारी के साथ एक करोड़ दो हजार रुपए की ठगी

**ग्रेटर नोएडा।** साइबर अपराधियों ने मनी लॉन्ड्रिंग में फंसाने की धमकी देकर भारतीय वायु सेना के पूर्व अधिकारी के साथ एक करोड़ दो हजार रुपए की ठगी कर ली। पांच से अधिक खातों में ठगी की रकम ट्रांसफर हुई है। डिजिटल अरेस्ट कर ठगी की घटना को अंजाम दिया गया।

जिन खातों में ठगी की रकम ट्रांसफर हुई है पुलिस उन खातों की जांच कर रही है। इस मामले में साइबर क्राइम थाने की पुलिस ने अज्ञात ठगों के खिलाफ धोखाधड़ी और आईटी ऐक्ट की धारा में केस दर्ज किया है। ट्राइ का कर्मचारी बनकर की बात साइबर क्राइम थाने में दी शिकायत में जेवर निवासी 59 साल के मिश्री लाल ने बताया कि वह भारतीय वायु सेना के पूर्व अधिकारी हैं। 17 मई को मिश्री लाल के पास राजेश शर्मा नाम के व्यक्ति की अनजान नंबर से कॉल आई।

कथित राजेश शर्मा ने खुद को ट्राई का कर्मचारी बताया। ट्राई के कथित



कर्मचारी द्वारा शिकायतकर्ता को बताया कि गया कि उसके आधार कार्ड और मोबाइल नंबर का इस्तेमाल मनिलॉड्रिंग केस में हुआ है। मामला वित्त मंत्रालय का जुड़ा हुआ बताया गया।

कोलाबा पुलिस स्टेशन कॉल ट्रांसफर मिश्री लाल कुछ समझ पाते कॉल कोलाबा पुलिस स्टेशन मुंबई के अधिकारियों को ट्रांसफर कर दी गई। यहां की पुलिस ने मिश्री लाल के ऊपर लगे आरोपी की पुष्टि की और गिरफ्तारी का डर दिखाया। संपत्ति भी जब्त करने की बात कथित पुलिस अधिकारियों द्वारा कही गई। वीडियो कॉल के जरिए पूछताछ करने का विकल्प शिकायतकर्ता को दिया गया। इसके बाद शिकायतकर्ता के वॉट्सऐप पर वित्त मंत्रालय की ओर से जारी किए गए कई दस्तावेजों को भेजा गया। इसमें आरोपों और गिरफ्तारी का जिक्र था।

जांच का हवाला देकर रकम कराई ट्रांसफर वायु सेना के अधिकारी से कहा गया कि वह विभिन्न सरकारी एजेंसियों की निगरानी में है। एजेंसियां वीडियो कॉल के जरिए ही उसपर नजर रख रही हैं। कथित पुलिस अधिकारियों ने इस दौरान शिकायतकर्ता से केस के संबंध में किसी से बात न करने की हिदायत दी।

ऐसा नहीं करने पर तुरंत गिरफ्तारी का डर दिखाया गया। इसके बाद जांच का हवाला देते हुए ठगों ने मिश्री लाल से उसके खातों में जमा पूरी रकम ट्रांसफर करने को कहा गया।

# ग्रेटर नोएडा में सपा की पीडीए जन पंचायत

## महंगाई-बेरोजगारी और भ्रष्टाचार को लेकर भाजपा सरकार पर जमकर हमला। जिलाध्यक्ष सुधीर भाटी बोले - जनता की समस्याओं से मुंह मोड़ रही है सरकार, अब पीडीए ही है उम्मीद की किरण

**ग्रेटर नोएडा।** ग्रेटर नोएडा के कासना गांव में बुधवार को समाजवादी पार्टी द्वारा एक महत्वपूर्ण पीडीए जन पंचायत का आयोजन किया गया। यह पंचायत युवा नेता उमेश राणा के संयोजन में आयोजित की गई, जिसमें सैकड़ों की संख्या में लोग शामिल हुए।

सभा को संबोधित करते हुए सपा जिलाध्यक्ष सुधीर भाटी ने केंद्र और प्रदेश की भाजपा सरकार पर जमकर हमला बोला। उन्होंने कहा कि ह्लभाजपा शासन में महंगाई, बेरोजगारी और भ्रष्टाचार अपने चरम पर है। रोजमर्रा की चीजों के दाम लगातार बढ़ रहे हैं, युवा रोजगार के लिए भटक रहे हैं और सरकारी दफ्तरों में भ्रष्टाचार आम हो गया है।

सुधीर भाटी ने कहा कि भाजपा सरकार दलित, पिछड़े, अल्पसंख्यकों और महिलाओं के अधिकारों का हनन कर रही है और दमनकारी नीतियों से जनता को परेशान कर रही है।

इस मौके पर सपा के राष्ट्रीय प्रवक्ता राजकुमार भाटी ने भी भाजपा पर हमला बोलते हुए कहा कि ह्लसपा सरकार के समय प्रदेश में अभूतपूर्व विकास हुआ था, लेकिन भाजपा सरकार के आने के बाद विकास ठप हो गया है। भाजपा केवल ध्यान भटकाने की राजनीति कर रही है।

सभा में मौजूद वरिष्ठ सपा नेता डॉ. विकास जतन भाटी ने कहा कि ह्लभाजपा देश की एकता और भाईचारे को खत्म करने का काम कर रही है। अब जनता पीडीए के साथ आ रही है क्योंकि वह बदलाव चाहती है।

इस जन पंचायत में वीर सिंह यादव, लोकेश भाटी, सीपी सोलंकी, मुरारीलाल गौतम, सत्यप्रकाश नागर और विपिन कसाना समेत कई अन्य वरिष्ठ नेता और कार्यकर्ता मौजूद रहे।

# डिप्टी सीएम केशव प्रसाद मौर्य ने गिनाईं केंद्र सरकार की 11 साल की उपलब्धियां

## आकिलपुर गांव में जनसभा को किया संबोधित, हजारों की भीड़ रही मौजूद, आयुष्मान कार्ड भी वितरित

**लोक प्रेरणा**
**ग्रेटर नोएडा।** उत्तर प्रदेश के डिप्टी सीएम केशव प्रसाद मौर्य बुधवार को दादरी विधानसभा के ग्राम आकिलपुर पहुंचे, जहां उन्होंने केंद्र सरकार की 11 वर्षों की उपलब्धियों को लेकर एक विशाल जनसभा को संबोधित किया। जनसभा में हजारों की संख्या में ग्रामीण व पार्टी कार्यकर्ता शामिल हुए। इस दौरान उन्होंने बुजुर्गों को आयुष्मान कार्ड वितरित किए और अधिकारियों को निर्देश दिया कि अभियान चलाकर और अधिक लोगों के कार्ड बनवाए जाएं।

डिप्टी सीएम ने कहा कि ह्ल2014 से पहले देश निराशा में डूबा हुआ था, भ्रष्टाचार और घोटालों में जकड़ा था। पर जब देशवासियों ने कमल का बटन दबाकर नरेंद्र मोदी को प्रधानमंत्री बनाया, तभी से भारत ने विकास की नई ऊंचाइयों को छुआ ह्व उन्होंने बताया कि भारत पहले विश्व की 13वीं अर्थव्यवस्था था, आज चौथी बन चुका है और 2027 तक तीसरी बनने की ओर अग्रसर है।

उन्होंने धारा 370 हटाने, महिलाओं को 33% आरक्षण, स्वच्छता अभियान, शौचालय निर्माण, आवास योजना, किसान सम्मान निधि जैसे कार्यों को मोदी सरकार की उपलब्धियों के रूप में गिनाया।




उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री मोदी ने आतंकवादियों को सर्जिकल स्ट्राइक के माध्यम से करारा जवाब दिया है। डिप्टी सीएम ने मंच से घोषणा की कि कोई भी व्यक्ति बिना इलाज के न रहे, इसके लिए अधिकारी आयुष्मान कार्ड बनवाने का विशेष अभियान चलाएं।

इस अवसर पर भाजपा के क्षेत्रीय अध्यक्ष सतेन्द्र शिशोदिया ने कहा कि मोदी और योगी के नेतृत्व में देश और प्रदेश मजबूती से आगे बढ़ रहे हैं। सांसद डॉ. महेश शर्मा ने जेवर एयरपोर्ट और खुर्जा पावर प्लांट का जिक्र करते हुए कहा कि इससे क्षेत्र में 24 घंटे बिजली मिलेगी और आर्थिक विकास को गति मिलेगी। विधायक मास्टर तेजपाल नागर ने कहा कि मोदी सरकार की योजनाओं से हर वर्ग को लाभ मिल रहा है।

सभा को एमएलसी श्रीचंद शर्मा, एमएलसी नरेन्द्र भाटी, जिलाध्यक्ष अभिषेक शर्मा सहित कई नेताओं ने भी संबोधित किया।

सभा में प्रमुख रूप से क्षेत्रीय उपाध्यक्ष मान सिंह गोस्वामी, जिला उपाध्यक्ष देवा भाटी, सतेन्द्र नागर, जिला महामंत्री धर्मेन्द्र कोरी, राकेश राणा, गीता पंडित, मनोज शिशोदिया, मीडिया प्रभारी कर्मवीर आर्य, दीपक नागर, वीरेन्द्र भाटी, विमल पुंडीर, मनोज चौधरी, संजय चैची, हरेन्द्र नागर, धीर राणा, राजीव सिंघल, सांसद प्रतिनिधि बलराज भाटी, अर्पित तिवारी, संगीता रावल, पंकज रावल, विजय रावल, महेंद्र नागर, अरुण शर्मा, अमन कौशिक, अनुज कुमार, अरुण यादव सहित सैकड़ों कार्यकर्ता व स्थानीय ग्रामीण बड़ी संख्या में मौजूद रहे।

# कुख्यात रणदीप भाटी गैंग के दो गुर्गे गिरफ्तार, सीधे-साधे लोगों की जमीनों पर करते थे कब्जा

**लोक प्रेरणा**
**नोएडा।** जमीनों पर अवैध कब्जे और ठगी के मामलों में सक्रिय कुख्यात गैंगस्टर रणदीप भाटी के गिरोह पर एसटीएफ ने शिकंजा कसना शुरू कर दिया है। उत्तर प्रदेश विशेष कार्यबल (एसटीएफ) की नोएडा यूनिट ने बीती रात गिरोह के दो सक्रिय सदस्यों–सोनू पुत्र संजय (निवासी ग्राम मोमनाथल) और वीरेंद्र पोसवाल पुत्र रघुबीर पोसवाल को गिरफ्तार कर लिया है।

एसटीएफ के एसपी राजकुमार मिश्रा ने बताया कि भरत लाल चौबे पुत्र के.पी. चौबे द्वारा मुख्यमंत्री को दिए गए शिकायत पत्र के आधार पर जांच शुरू की गई थी। अपर पुलिस महानिदेशक, कानून व्यवस्था के आदेश पर एसटीएफ को जिम्मेदारी सौंपी गई थी। निरीक्षक सचिन कुमार की अगुवाई में की गई जांच के बाद गिरफ्तारी की गई।

पीड़ित भरत लाल चौबे ने बताया कि उन्होंने वर्ष 2018 में ग्राम मोमनाथल के खसरा संख्या 313 से 200 वर्गमीटर जमीन अजब सिंह नागर से खरीदी थी, जिस पर दो दुकानें भी बनाई गई थीं। कुछ माह पूर्व बदमाशों ने दुकान का ताला तोड़कर उनमें फैजान नामक कबाड़ी को जबरन बैठा दिया।

जांच में सामने आया कि अजब सिंह नागर ने यह जमीन 2014 में श्यामलाल नामक किसान से खरीदी थी, और उस पर प्लॉटिंग कर कई लोगों को बेचा था। भरत लाल और एक अन्य पीड़ित विकास जिंदल के कब्जे वाली दुकानों पर भी आरोपियों ने जबरन कब्जा कर लिया।

पीड़ित ने यह भी बताया कि 19 सितंबर 2024 को भूपेंद्र, सोनू और अन्य ने फर्जी तरीके से दो रजिस्ट्रियां–106 व 105 गज की–वीरेंद्र पोसवाल के नाम से करवाईं और इन्हीं रजिस्ट्रियों के आधार पर एनपीसीएल से बिजली का कनेक्शन भी ले लिया। बाद में विकास जिंदल और भरत लाल की दुकानों पर जबरन कब्जा कर लिया गया।




एसटीएफ जांच में यह भी पता चला कि मुख्य आरोपी भूपेंद्र मोमनाथल रणदीप भाटी गैंग का सक्रिय सदस्य है। उसके खिलाफ पहले से कई आपराधिक मामले दर्ज हैं, और उस पर गैंगस्टर एक्ट में भी कार्रवाई हो चुकी है। पुलिस द्वारा कुर्क की गई उसकी संपत्ति पर भी उसने दोबारा कब्जा कर फैक्ट्री चला रखी है।

पुलिस को यह भी जानकारी मिली कि गिरफ्तार सोनू विभिन्न राज्यों के कुख्यात अपराधियों को अपने यहां पनाह देता है। अक्टूबर 2023 में हरियाणा के झज्जर जिले में तीन लोगों पर गोली चलाने वाला कुख्यात अपराधी हुल्ली उर्फ राहुल भी काफी समय तक सोनू के यहां छिपा रहा। उस पर हरियाणा और दिल्ली में कई गंभीर मुकदमे दर्ज हैं।

बताया गया कि सोनू का पिता संजय मोमनाथल भी आपराधिक गतिविधियों में लिप्त रहा है। गिरफ्तार सोनू और भूपेंद्र उसी के बेटे हैं और इस पूरे गिरोह का संचालन भूपेंद्र करता है। फिलहाल सोनू और वीरेंद्र को न्यायालय में पेश किया जा रहा है, जबकि भूपेंद्र और अन्य फरार अभियुक्तों की तलाश में छापेमारी जारी है।

लोक प्रेरणा
Email- lokprerna@gmail.com

## प्रधानाचार्य परिषद पीलीभीत ने नवागत जिला विद्यालय निरीक्षक का किया स्वागत



**लोक प्रेरणा**
**पीलीभीत।** उत्तर प्रदेश प्रधानाचार्य परिषद पीलीभीत द्वारा आज नवागत जिला विद्यालय निरीक्षक राजीव कुमार का औपचारिक स्वागत किया गया। इस अवसर पर जनपद के विभिन्न माध्यमिक विद्यालयों के प्रधानाचार्यों ने उन्हें गुलदस्ता भेंट कर अभिनंदन किया।
स्वागत कार्यक्रम में जिला विद्यालय निरीक्षक ने स्पष्ट किया कि किसी भी प्रधानाचार्य को कार्यालय के बार-बार चक्कर नहीं लगाने पड़ेंगे। सभी प्रशासनिक और शैक्षिक समस्याओं के त्वरित एवं पारदर्शी समाधान का आश्वासन दिया गया।
इस अवसर पर प्रांतीय उपाध्यक्ष राजेंद्र प्रसाद द्विवेदी, जिला अध्यक्ष अखलाक हसन खां, जिला मंत्री योगेश कुमार, जिला कोषाध्यक्ष सुरेंद्र गंगवार, जावेद अहमद, फिरोज अहमद, रोहिताश गंगवार, अजय चौहान, नरेंद्र सिंह, उपासना शर्मा, राजवीर सिंह, मंगलेश पांडे सहित अनेक प्रधानाचार्य उपस्थित रहे।समारोह में सभी प्रधानाचार्यों ने जिला विद्यालय निरीक्षक को पूर्ण सहयोग देने की बात कही और आशा जताई कि उनके कार्यकाल में जनपद की शैक्षिक व्यवस्था अधिक सशक्त होगी।

# औचक निरीक्षण में कई कर्मचारी मिले गैरहाजिर, डीएम ने दिए वेतन कटौती के आदेश

## अनुशासनहीनता पर होगी सख्त कार्रवाई, स्पष्टीकरण भी तलब

**लोक प्रेरणा**
**पीलीभीत।** जनपद पीलीभीत के जिलाधिकारी ज्ञानेन्द्र सिंह ने बुधवार सुबह 10:05 बजे सहायक चकबंदी कार्यालय सदर, बन्दोबस्त चकबंदी कार्यालय तथा श्रम प्रवर्तन कार्यालय का औचक निरीक्षण किया। निरीक्षण के दौरान कई कर्मचारियों की अनुपस्थिति सामने आने पर जिलाधिकारी ने नाराजगी व्यक्त करते हुए वेतन कटौती और स्पष्टीकरण के निर्देश दिए।
सहायक चकबंदी कार्यालय में 14 कर्मचारी अनुपस्थित पाए गए, जिनमें पेशकार संजीव कुमार, अनुसेवक आशुतोष राना, चकबंदी कर्ता/लेखपाल ओमप्रकाश सिंह, उरविन्द सिंह, उमेश कुमार मौर्य, तुषार गुप्ता, प्रियांशु राणा, छत्र सिंह, दिलीप कुमार, विशन सिंह, राजेन्द्र सिंह, नसीम अहमद, नरेश सिंह (मानचित्रकार) और मो. आरिफ



(अनुरेखक) शामिल हैं। जिलाधिकारी ने इन सभी का एक दिन का वेतन "नो वर्क, नो पे" के आधार पर काटने के निर्देश दिए। बन्दोबस्त चकबंदी कार्यालय में चकबंदी अधिकारी एवं कनिष्ठ सहायक कंचन राना अनुपस्थित पाए गए। दोनों के एक-एक दिन का वेतन काटने और चकबंदी अधिकारी से स्पष्टीकरण मांगने के निर्देश जारी किए गए।
श्रम प्रवर्तन कार्यालय के निरीक्षण में श्रम प्रवर्तन अधिकारी घनश्याम वर्मा, सहायक लेखाकार कुमोद कुमार आर्य, कम्प्यूटर ऑपरेटर दुर्गेश कुमार और तेज बहादुर की भी अनुपस्थिति पाई गई। इन सभी का भी एक दिन का वेतन काटने तथा श्रम प्रवर्तन अधिकारी से स्पष्टीकरण तलब करने के आदेश दिए गए। निरीक्षण के दौरान जिलाधिकारी ने उपस्थिति रजिस्टर, साफ-सफाई और कार्यालयों की सामान्य व्यवस्था का भी अवलोकन किया और अधिकारियों को चेतावनी दी कि शासकीय कार्यों में लापरवाही को कतई बर्दाश्त नहीं किया जाएगा।

# विधायक ने बाघ व सांड हमले के पीड़ित परिवारों को दिया चैक

**लोक प्रेरणा**
**पीलीभीत।** बरखेड़ा विधायक स्वामी प्रवक्तानंद बुधवार को तहसील प्रशासन के साथ न्यूरिया थाना क्षेत्र के चांट डांग बलदेवपुर में बीते 7 जून को सांड हमले में मारे गए परशुराम पुत्र कालीचरण व 9 जून को बाघ हमले में मारे गए थाना क्षेत्र के मेवातपुर निवासी मुकेश पुत्र मंगली प्रसाद के घर पहुंचे। और शोक संवेदना व्यक्त की। इस दौरान उन्होंने दोनों परिवारों को ढाढस बंधाया और प्रशासनिक अधिकारियों



के साथ सरकार की ओर से दी जाने वाली आर्थिक सहायता के रूप में सांड हमले में मारे गए परशुराम के परिजनों को चार लाख रुपए का चैक साथ ही बाघ हमले में मारे गए मुकेश कुमार के परिजनों को 5 लाख रुपए का चैक दिया। साथ ही विधायक स्वामी प्रवक्तानंद ने पीड़ित परिवारों को समय समय पर हर संभव मदद करने का आश्वासन दिया।इस दौरान एसडीएम सदर आशुतोष गुप्ता तहसीलदार आर्ची गुप्ता व अन्य प्रशासनिक अधिकारी मौजूद रहे।
साथ ही पीड़ित परिवार का दुख बांटने पहुंचे विधायक स्वामी प्रवक्तानंद के आने की सूचना पर बड़ी संख्या में ग्रामीण इकट्ठा हो गए। ग्रामीणों ने बाघ हमले की जानकारी देते हुए बताया कि वन विभाग लगातार लापरवाही कर रहा है और इतनी बड़ी घटना होने के बावजूद क्षेत्र में लगातार बाघ की चलकदमी देखी जा रही है। और वन विभाग की टीम द्वारा बाघ को पकड़ने का प्रयास तक नहीं किया जा रहा है। जिस पर विधायक ने जिलाधिकारी को फोन कर बाघ को ट्रेस कर ट्रेंकुलाइज करने के लिए वन विभाग को निर्देशित करने को कहा जिससे ग्रामीणों की समस्या का जल्द से जल्द समाधान हो सके।

## भैंस नहलाने में विवाद, कुल्हाड़ी से भतीजे पर हमला,

**लोक प्रेरणा**
**चित्रकूट,।** हैंडपंप में भैंस नहलाने को लेकर चाचा ने भतीजे पर कुल्हाड़ी से हमला कर दिया।
उसे गंभीर हालत में प्रयागराज रेफर किया गया है। प्रयागराज ले जाते समय रास्ते में उसकी सांसें थम गईं। मारपीट में आरोपी को भी चोटें आईं। मृतक की मां ने आरोपी चाचा और उसकी पत्नी पर रिपोर्ट दर्ज कराई है।

## एक जनपद, एक उत्पाद योजना के तहत 10 दिवसीय प्रशिक्षण के लिए 19 व 20 जून को साक्षात्कार

**लोक प्रेरणा**
**पीलीभीत।** एक जनपद, एक उत्पादह्व (डऊडढ) योजना के तहत कौशल विकास एवं उद्यमिता प्रशिक्षण कार्यक्रम के लिए साक्षात्कार प्रक्रिया आगामी 19 और 20 जून को आयोजित की जाएगी। जिला उद्योग प्रोत्साहन तथा उद्यमिता विकास केंद्र, उपायुक्त उद्योग कार्यालय, निकट अमरिया बस स्टैण्ड, पीलीभीत में यह साक्षात्कार प्रातः 11 बजे से प्रारंभ होगा।यह प्रशिक्षण कार्यक्रम वुडेन उत्पाद (लकड़ी शिल्प) ट्रेड के अंतर्गत दस दिवसीय अवधि का होगा। इसमें भाग लेने के लिए उन अभ्यर्थियों को आमंत्रित किया गया है, जिन्होंने 1 अप्रैल 2025 से 18 जून 2025 के बीच पोर्टल पर आवेदन किया है।
साक्षात्कार में भाग लेने वाले अभ्यर्थियों को आधार कार्ड, बैंक पासबुक की छायाप्रति, शैक्षिक प्रमाण-पत्र, जाति प्रमाण-पत्र, आयु प्रमाण-पत्र सहित सभी आवश्यक दस्तावेजों की मूल प्रतियां एवं छायाप्रतियाँ साथ लाना अनिवार्य होगा। मूल प्रमाण-पत्र प्रस्तुत न करने पर साक्षात्कार में भाग नहीं लेने दिया जाएगा, जिसकी पूरी जिम्मेदारी स्वयं अभ्यर्थी की होगी।
इस योजना का उद्देश्य परंपरागत एवं स्थानीय उत्पादों को बढ़ावा देना और युवाओं को स्व-रोजगार के लिए प्रशिक्षण प्रदान करना है।

## बेटी से छींटाकशी पर पिता ने युवक को पीटकर मार डाला

**लोक प्रेरणा**
**जालौन, ।** डकोर कोतवाली क्षेत्र के ग्राम सिमरिया में हैडपंप पर पानी भरने गई विवाहित बेटी से युवक ने छींटाकशी कर दी। इस पर बेटी के पिता ने युवक को लाठी से पीट दिया। इससे उसकी मौत हो गई। सूचना पर पहुंचे सीओ व कोतवाल ने आरोपी को गिरफ्तार कर पूछताछ शुरू कर दी।
डकोर कोतवाली क्षेत्र के ग्राम सिमरिया निवासी राकेश की विवाहिता पुत्री ससुरालियों से चल रहे किसी विवाद को लेकर करीब तीन माह से अपने पिता के घर रह रही है। बताया गया कि बुधवार को वह गांव के हैंडपंप पर पानी भरने गई थी। इसी दौरान वहीं का निवासी कल्लू (28) पुत्र चंद्रशेखर राजपूत नशे की हालत में पहुंच गया और युवती से छींटाकशी कर दी। विरोध करने पर गाली गलौज शुरू कर दी। घटना से आहत युवती घर पहुंची और पिता को पूरी बात बताई। गुस्से में आए पिता राकेश ने हैंडपंप के पास ही कल्लू को पड़कर लाठी से पीट दिया।
इससे युवक बेहोश होकर वहीं गिर गया। काफी देर तक उसे कोई उठाना नहीं आया और वह पड़ा रहा। इससे उसकी मौत हो गई। इस दौरान गांव के लोगों ने पुलिस को सूचना दी। सूचना मिलते ही मौके पर पुलिस व सदर सीओ अर्चना सिंह मौके पर पहुंचीं और घटनास्थल का मुआयना कर शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया। वहीं पुलिस ने आरोपी को गिरफ्तार कर पूछताछ शुरू कर दी।

## सावधान, हैकर्स के निशाने पर आपका मोबाइल

**लोक प्रेरणा**
**बाराबंकी :** एक दिन पूर्व नकली एपीके लिंक डालकर मोबाइल हैक करने की घटना ने कान खड़े कर दिए हैं। अब कोई भी इस तरह के साइबर हमले का शिकार कभी भी हो सकता है। साइबर अपराधों की कड़ी में एक और प्रयोग जुड़ गया है, जिससे बचाव का उपाय बस जागरुक होना ही है। वरना नुकसान का कोई अनुमान नहीं है।
डिजिटल युग में जहां मोबाइल फोन जिंदगी का अहम हिस्सा है। साइबर अपराधी इसे ही निशाना बना रहे हैं। इन दिनों एक नई तरह की मोबाइल हैकिंग तेजी से सामने आ रही है, जिसमें हैकर एक नकली एपीके फाइल का लिंक भेजकर यूजर का फोन हैक कर लेते हैं। एपीके यानी एंड्रायड पैकेज किट एक प्रकार की फाइल होती है जिससे एंड्रॉयड फोन में कोई भी ऐप इंस्टॉल किया जाता है। हैकर इस तकनीक का गलत इस्तेमाल कर नकली या वायरस युक्त ऐप तैयार करते हैं और उसका लिंक मोबाइल यूजर्स को सोशल मीडिया, व्हाट्सएप, ईमेल या एसएमएस के जरिए भेजते हैं।
जैसे ही यूजर इस लिंक पर क्लिक कर उस फाइल को डाउनलोड और इंस्टॉल करता है, हैकर को उस फोन की पूरी एक्सेस यानी नियंत्रण मिल जाता है। इसके जरिए वह बैंकिंग ऐप, गैलरी, कॉन्टैक्ट्स, कैमरा, माइक्रोफोन तक की निगरानी कर सकते हैं। जैसा कि एक दिन पूर्व असंद्रा थाना क्षेत्र में कुछ मोबाइल हैक कर अश्लील कंटेंट भेजे गए। शिकायत की पुलिस जांच कर रही है।

# गांधी सभागार में सम्पन्न हुआ किसान दिवस, डीएम ने समस्याओं के त्वरित समाधान के दिए निर्देश

## यूरिया, खाद, टोल व राशन से संबंधित शिकायतों पर हुआ विचार

**लोक प्रेरणा**
**पीलीभीत।** जिलाधिकारी ज्ञानेन्द्र सिंह की अध्यक्षता में बुधवार को गांधी सभागार में किसान दिवस का आयोजन सम्पन्न हुआ। इस अवसर पर जिले भर से आए कृषकों ने विभिन्न समस्याओं को अधिकारियों के समक्ष रखा, जिनके समाधान के लिए तत्काल निर्देश दिए गए।
कार्यक्रम में प्रधानमंत्री किसान सम्मान निधि, कृषि यंत्र अनुदान योजना एवं पीएम-कुसुम योजना की जानकारी किसानों को दी गई। विभिन्न विभागों के अधिकारियों ने उपस्थित किसानों को सरकारी योजनाओं का लाभ उठाने के लिए प्रेरित किया।



कृषक नेमचंद, ग्राम भौरियाई (ब्लॉक मरौरी) ने बताया कि उसकी पत्नी लक्ष्मी देवी के राशन कार्ड में अन्य सदस्य का नाम जोड़ने का आवेदन लंबित है। इस पर जिलाधिकारी ने उचित कार्रवाई के निर्देश दिए।
भारतीय किसान यूनियन (अराजनैतिक) के जिला अध्यक्ष मंजीत सिंह ने सहकारी समितियों में डीएपी व यूरिया न मिलने की शिकायत की, जिस पर जिला कृषि अधिकारी ने जानकारी दी कि जनपद में खाद्य सामग्री पर्याप्त मात्रा में उपलब्ध है।
बीसलपुर के ग्राम अकबरगंज सिमरा निवासी मेघनाथ ने बताया कि नेशनल हाईवे पर टोल प्लाजा निर्माण से उसकी बोरिंग बाधित हो रही है और मुआवजे की आवश्यकता है। जिलाधिकारी ने इस संबंध में राजस्व अधिकारियों को निर्देशित किया कि समस्या का समाधान शीघ्र सुनिश्चित किया जाए। इस अवसर पर मुख्य विकास अधिकारी राजेन्द्र कुमार श्रीवास, उप वनाधिकारी अंजनी कुमार श्रीवास्तव, उप कृषि निदेशक राममिलन सिंह परिहार, जिला कृषि अधिकारी नरेन्द्र पाल, अधिशासी अभियंता विद्युत पंकज कुमार भारती, अग्रणी जिला प्रबंधक राजकुमार सेठ एवं जिला पंचायत राज अधिकारी रोहित भारती सहित विभिन्न विभागों के अधिकारी उपस्थित रहे।

## संदिग्ध हालात में किशोरी की मौत, जीजा पर दुष्कर्म और गर्भपात कराकर तेजाब पिलाने का आरोप

**लोक प्रेरणा**
**मझगईः** थाना क्षेत्र के एक गांव की 17 वर्षीय किशोरी की बुधवार की शाम संदिग्ध हालत में मौत हो गई। परिवार वालों का कहना है कि वह अपनी बीमार बड़ी बहन की देखभाल करने कई महीने पहले अपने जीजा के घर गई थी। आरोप है कि जीजा ने उसके साथ शारीरिक संबंध बनाए। उसके गर्भवती होने पर गर्भपात कराया। दवा के बहाने तेजाब पिला दिया, जिससे उसकी हालत बिगड़ गई और जिला अस्पताल में उपचार के दौरान उसकी मौत हो गई। मृतका के पिता की तहरीर पर पुलिस ने शव पोस्टमार्टम के लिए भेजा है।
थाना क्षेत्र के एक गांव निवासी ग्रामीण ने बताया कि उन्होंने अपनी बड़ी पुत्री की शादी दो साल पहले थाना फूलबेहड़ क्षेत्र के एक गांव निवासी अखिलेश कुमार के साथ की थी। शादी के कुछ समय बाद पुत्री की अचानक तबीयत खराब हो गई। दामाद अखिलेश के कहने पर उन्होंने बीमार पुत्री की देखभाल के लिए छोटी पुत्री रेखा को भेज दिया था। आरोप ही की कुछ दिन बाद अखिलेश ने छोटी पुत्री को डरा धमकाया और जबरदस्ती उसके साथ शारीरिक संबंध बनाए। कुछ समय बाद छोटी बेटी की तबीयत खराब हुई तो उसे डॉक्टर को दिखाया। अल्ट्रासाउंड से पता चला कि बेटी माह की गर्भवती है।
रेखा की अभी शादी नहीं हुई थी। इस वजह से पीड़ित पक्ष व आरोपी अखिलेश के के बीच समझौता हुआ कि उसकी छोटी पुत्री दामाद के घर पर ही रहेगी। आपसी सहमति न बन पाने के कारण बड़ी पुत्री मायके आ गई। इसी बात का फायदा उठाकर दामाद अखिलेश व उसके ससुर नेतराम, सास गीता देवी व देवर जसवंत ने मिलकर रेखा के गर्भपात करा दिया। डॉक्टर ने दवा दी है ऐसा बोलकर आरोपियों ने पुत्री को तेजाब पिला दिया, जिसके बाद उसकी तबीयत काफी ज्यादा बिगड़ गई। वह अचानक पुत्री का हाल जानने दामाद के घर पहुंचे तो पुत्री ने आप बीती बताई। जब उन्होंने अपने दामाद और उसके परिवार के लोगों से विरोध किया तो आरोपियों ने मायके ले जाकर इलाज करवाने को कहा। इस पर वह करीब दस दिन पहले पुत्री को ले आए और उसे जिला अस्पताल में भर्ती कराया, जहां उसकी बुधवार को मौत हो गई। पीड़ित पिता ने आरोपियों के खिलाफ पुलिस को तहरीर दी है। पुलिस ने शव पोस्टमार्टम के लिए भेजा है। उधर किशोरी की मौत से उसके परिवार में कोहराम मचा हुआ है।
पिता की तहरीर पर शव का पोस्टमार्टम कराया जा रहा है। पोस्टमार्टम रिपोर्ट के आधार पर आगे की कार्रवाई की जाएगी। फिलहाल पुलिस प्रकरण की गंभीरता से जांच कर रही है। - राजू राव प्रभारी निरीक्षक थाना

## गोला रेंज में दो शावको के साथ खेतों में घूमते दिखाई दी बाघिन,

**बांकेगंज/कुकरा, ।** वन रेंज गोला के अंतर्गत ग्राम पंचायत हजरतपुर के बलारपुर गांव में सरदार पाला सिंह के फार्म के आसपास गन्ने के खेतों में बाघिन दो शावकों के साथ शाम चार बजे घूमते दिखाई दी, जिससे लोगों में दहशत फैल गई। इससे पहले मजरा लौकिहा में सुनीता देवी पत्नी रामचंद्र के घर पर रात्रि 12.बजे बाघ ने अचानक घर में घुसकर बछड़े पर हमला कर मौत के घाट उतार दिया था। बलारपुर निवासी सरदार पाला सिंह ने बताया कि पहले भी बाघ के द्वारा कई पशुओं पर हमले किए जा चुके हैं, जिसमें वन विभाग के कोई भी आला अधिकारी संज्ञान लेना मुनासिब नहीं समझते हैं। बलारपुर निवासी सिक्खों का कहना है कि वन विभाग टीम किसी बड़ी घटना का इंतजार कर रही है। क्षेत्र में घरों के आसपास बाघ घूमने की सूचना वन रेंज गोला को दी गई।सूचना पर आनन फानन में घटनास्थल पर पहुंचे रेंजर गोला संजीव कुमार तिवारी, वन दरोगा अंकित बाबू, अजय भार्गव, अजीत कुमार श्रीवास्तव, नरेश कुमार, शैलेंद्र कुमार, अफजाल खान, वाचर गामा, नवल, सुधीर, छोटे, राकेश कुमार सहित वन टीम ने मौका मुआयना कर बाघिन और दो बच्चों को खेतों से खदेड़ कर जंगल की तरफ भगा दिया है।

## बाराबंकी में किसानों की जमीन पर जबरन खनन, विरोध

### एसडीएम बोले- जांच के बाद होगी सख्त कार्रवाई

**सतरिख, बाराबंकी, ।** थाना क्षेत्र के अख्तियारपुर गांव में खनन माफिया की दबंगई सामने आई है। ग्रामीणों का आरोप है कि खनन कारोबारी उनके विरोध के बावजूद निजी खेतों से जबरन खनन कर मिट्टी ले जा रहे थे। पुलिस को सूचना मिलने पर खनन कार्य को बंद कराया गया, लेकिन तब तक काफी नुकसान हो चुका था। गांव के किसानों रंजीत कुमार, गंगाराम और हरिश्चंद्र ने बताया कि उन्होंने अपनी जमीन न तो बेची और न ही खनन की अनुमति दी है, इसके बावजूद उनकी भूमि से जबरदस्ती खनन कराया गया। जब ग्रामीणों ने विरोध किया, तो उन्हें धमकाया गया और रात के अंधेरे में अवैध खनन जारी रहा। ग्रामीणों ने यह भी आरोप लगाया कि यह पूरा काम राजस्व व पुलिस विभाग की मिलीभगत से किया जा रहा है। उन्होंने बताया कि तेज रफ्तार डंपरों से न सिर्फ सड़क पर धूल उड़ रही है, बल्कि आए दिन हादसे भी हो रहे हैं। दुकानदारों और राहगीरों को मिट्टी की धूल से भारी परेशानी हो रही है। ग्रामीणों ने बताया कि खनन न केवल बिना अनुमति किया जा रहा है, बल्कि तय समय से पहले और रात में चोरी-छिपे कराया जा रहा है।

# आजमगढ़ में थानेदार की पिटाई : मां-बहन की गालियां देकर इंस्पेक्टर को लाठी-डंडों से पीटा, वीडियो वायरल होने के बाद 17 आरोपी गिरफ्तार

**लोक प्रेरणा**
आजमगढ़ जिले के बरदह थाना क्षेत्र में एक थानेदार की पिटाई का वीडियो वायरल हुआ है, जिसमें बड़ी संख्या में लोग लाठी-डंडों से थानेदार की पिटाई कर रहे हैं और मां-बहन की गालियां भी दे रहे हैं। यह घटना 6 जून की है, जब बरदह थाना क्षेत्र के बर्रा गांव में दो पक्षों के बीच हुए विवाद के बाद पुलिस पहुंची थी। मामले के अनुसार, थानेदार राजीव कुमार सिंह की बड़ी संख्या में राजभर समाज के लोगों ने पिटाई कर दी, जिसमें वे गंभीर रूप से घायल हो गए। घटना के



बाद पुलिस ने मामले की जांच शुरू की और 17 आरोपियों को गिरफ्तार किया है, जिनमें फूलचंद, सर्वेश, लकी, गौतम, आकाश, सिंकू, विपिन, चंद्रेश, ऋतिक, राकेश, विशाल, मनोज, शर्मिला, शिवमूरत, संगम, मंकू और ऋषभ प्रमुख हैं।

**पुलिस की कार्रवाई**
पुलिस ने आरोपियों के कब्जे से दो डंडा और एक बोरी में ईंट के टुकड़े भी बरामद किए हैं। पुलिस का कहना है कि जल्द ही बाकी आरोपियों को भी गिरफ्तार कर लिया जाएगा।
हालांकि, घटना के 12 दिन बीत जाने के बाद भी मुख्य आरोपी पुलिस की पकड़ से दूर हैं। पुलिस इस मामले में आगे की कार्रवाई कर रही है और आरोपियों के खिलाफ कड़ी कार्रवाई करने की तैयारी कर रही है। पुलिस का कहना है कि वह इस मामले में किसी भी तरह की ढील नहीं देगी और आरोपियों को जल्द ही सलाखों के पीछे भेजा जाएगा।

**वीडियो वायरल होने के बाद बढ़ा दबाव**
वीडियो वायरल होने के बाद इस मामले में दबाव बढ़ गया है और पुलिस पर आरोपियों के खिलाफ कड़ी कार्रवाई करने का दबाव है। पुलिस इस मामले में अपनी कार्रवाई को लेकर पूरी तरह से गंभीर है और आरोपियों को जल्द ही गिरफ्तार करने का दावा कर रही है।

# नगर पालिका ने खाली कराया सपा कार्यालय धरने पर बैठे नेता हिरासत में

## ईओ आवास में सालों से चल रहा था पार्टी कार्यालय। जलकल प्रभारी का कब्जा भी हटाया गया

**लोक प्रेरणा**
**पीलीभीत।** नकटादाना चौराहा स्थित नगर पालिका ईओ आवास में लंबे समय से संचालित समाजवादी पार्टी कार्यालय को आखिरकार बुधवार को प्रशासन ने खाली कराने की कार्यवाही शुरू कर दी। सुबह-सुबह पुलिस बल और नगर पालिका अधिकारी पहुंचे और सपा कार्यालय की पहचान मिटाकर भवन पर "ईओ आवास" लिखवा दिया।जब तक सपा के नेता मौके पर पहुंचे, तब तक रंगाई-पुताई का काम शुरू हो चुका था। बाद में सपा जिलाध्यक्ष जगदेव सिंह जग्गा की अगुवाई में कार्यकर्ता पहुंचे और





नारेबाजी करते हुए धरने पर बैठ गए। पुलिस ने सभी को हिरासत में लेकर पुलिस लाइन भेज दिया। हिरासत के दौरान सपा नेताओं की सिटी मजिस्ट्रेट और सीओ सिटी से तीखी बहस भी हुई।
जानकारी के मुताबिक, नगर पालिका के अधिशासी अधिकारी संजीव कुमार ने एक दिन पहले ही नोटिस चस्पा कर इस भवन को पालिका की संपत्ति बताते हुए कब्जे में लेने की सूचना दी थी। सपा नेताओं ने नोटिस का जवाब भी भेजा था, लेकिन बुधवार सुबह से ही प्रशासनिक अमला सक्रिय हो गया। भवन उस समय बंद था और



उस पर ताला लगा हुआ था। नगर पालिका कर्मचारियों ने भवन पर सपा कार्यालय से जुड़े नाम और चिह्न हटा दिए और रंगाई करा दी। भवन के अंदर सपा से संबंधित सामान अभी भी मौजूद है, जिसके लिए अलग से नोटिस जारी किया जाएगा। ईओ आवास से सटे एक अन्य भवन पर भी पालिका ने कब्जा लिया। यह भवन जलकल प्रभारी तारिक हसन खां के कब्जे में था। प्रशासन ने इसे भी अवैध कब्जा मानते हुए नोटिस चस्पा किया और भवन को खाली करा लिया। हालांकि, जलकल प्रभारी का कहना है कि उन्होंने यह भवन पहले ही सरेंडर कर दिया था और उन्हें किसी तरह का नोटिस नहीं दिया गया।

# अपनी हत्या की आशंका के चलते चलाई थी गोली, हत्यारोपी को भेजा जेल

**लोक प्रेरणा**
**बदायूं, :** सिविल लाइन कोतवाली क्षेत्र में डीएम रोड स्थित पवन बैंकट लॉन के पास युवक की हत्या करने के आरोपी को पुलिस ने गिरफ्तार करके जेल भेजा है। उसने 15 जून की सुबह साढ़े 4 बजे गोली मारकर युवक की हत्या की थी। जिसके बाद कुर्मी समाज के लोगों ने मंगलवार को प्रदर्शन किया था। समाजवादी पार्टी के मुखिया अखिलेश यादव का वीडियो सामने आया था। पुलिस पर लगातार दवाब बन रहा था।
सुबह टहलने जाने के दौरान डीएम रोड पर शौर्य ठाकुर पुत्र जुगेंद्र पाल सिंह नाम के युवक ने गोली मारकर सिविल लाइन कोतवाली क्षेत्र के गांव बदरपुर निवासी कर्तव्य पटेल पुत्र भूपेंद्र सिंह की हत्या कर दी गई थी। मृतक के भाई हिमांशु पटेल की तहरीर पर आरोपी के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज की गई थी।
तब से आरोपी फरार चल रहा था। उसकी गिरफ्तारी के लिए एसएसपी ने टीमें गठित की थीं। मृतक के परिजनों ने जनप्रतिनिधि पर आरोपी को संरक्षण देने का आरोप लगाया था। फिर अखिलेश यादव का वीडियो सामने आया, बदायूं सांसद आदित्य यादव ने सोशल साइट्स एक्स पर पोस्ट शेयर की थी। पुलिस ने आरोपी को घोंचा मोड़ से गिरफ्तार होना बताया है। उसकी निशानदेही पर पुलिस ने तमंचा, एक खोखा व एक जिंदा कारतूस बरामद कर लिया। पुलिस की पूछताछ में आरोपी ने बताया कि 15 जून को वह अपने घर के बाहर कुत्ते को टहला रहा था। इसी दौरान दो बाइकों से उत्कर्ष मिश्रा अपने दोस्त कर्तव्य पटेल, अजय पटेल और रजत यादव के साथ उसके पास आए थे। शौर्य ठाकुर की उनसे बहस हुई थी। शौर्य को लगा कि वह लोग उसे मारने आए हैं। जिसके चलते वह अपने घर पर गया और तमंचा निकाल लाया। उसने दो फायर किए थे। एक गोली कर्तव्य पटेल को लग गई थी।

लोक प्रेरणा
Email- lokprerna@gmail.com

# एनआरएलएम का उद्देश्य गरीबो व गरीब महिलाओं को मजबूत बनानाः संदीप कुमार

## मुख्यमंत्री युवा उधमी योजना एव आजीविका मिशन के तहत सरकारी योजनाओं का लाभ पहुचना

**लोक प्रेरणा**
**मसोली बाराबंकी।** मुख्यमंत्री युवा उधमी योजना एव आजीविका मिशन के तहत सरकारी योजनाओं का लाभ युवाओं एव महिलाओं तक पहुंचाने के उद्देश्य से बुधवार को खण्ड विकास अधिकारी संदीप कुमार श्रीवास्तव की अध्यक्षता मे बैंक अधिकारियों की समीक्षा बैठक सम्पन हुई। बैठक मे विभिन्न रोजगारों से जोड़ने और उन्हें आत्मनिर्भर बनाने पर चर्चा हुई। ब्लाक सभागार मे आयोजित बैठक मे उपस्थित बैंक अधिकारियो से रूबरू होते हुए खण्ड विकास अधिकारी संदीप कुमार श्रीवास्तव ने कहा कि एनआरएलएम का उद्देश्य गरीबों, विशेषकर महिलाओं के लिए मजबूत संस्थानों का निर्माण करके गरीबी में कमी लाना है और इन संस्थानों को वित्तीय सेवाओं और आजीविका सेवाओं की एक श्रृंखला तक पहुँच प्रदान करना है जिसमे वित्तीय सहायता प्रदान करना बैंक की जिम्मेदारी है उन्होंने विकास खण्ड के 57 सीसीएल पेंडिग होने पर बैंक के अधिकारियो से जल्द से जल्द ऋण प्रदान करने के निर्देश दिये। आर्यावरत ग्रामीण बैंक शाखा दादरा मे 17, बैंक आफ इंडिया



शाखा रसौली मे 9 व यूनियन बैंक ऑफ इंडिया शाखा बांसा मे 8 आवेदन पेंडिग होने पर शीघ्र ऋण स्वीकृत करने के निर्देश दिये।बैठक मे खण्ड विकास अधिकारी संदीप कुमार श्रीवास्तव ने मुख्यमंत्री युवा उधमी योजना पर समीक्षा करते हुए कहा कि यह योजना मुख्यमंत्री की ड्रीम प्रोजेक्ट योजना है जिसमे हीलाहवाली नही होनी चाहिए उन्होंने कहा कि युवाओं को स्वयं का व्यवसाय शुरू करने के लिए यह एक महत्वाकांक्षी योजना है। इस योजना के तहत, सरकार युवाओं को 5 लाख रुपये तक का ब्याज मुक्त ऋण दे रही है योजना के तहत, बैंक ऋण प्रदान करने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाते हैं। हालांकि, कुछ मामलों में, बैंकों द्वारा ऋण देने में आनाकानी की शिकायतें आ रही हैं मुख्यमंत्री उद्यमी योजना युवाओं को सशक्त बनाने और राज्य में आर्थिक विकास को बढ़ावा देने का एक महत्वपूर्ण साधन है। इसलिए, बैंकों को इस योजना के तहत ऋण प्रदान करने में कोई आनाकानी नहीं होनी चाहिए। बैठक मे सहायक विकास अधिकारी आई एस बी मदन गोपाल कनौजिया, बीबीएम जितेंद्र कुमार अनिल कुमार सहित बैंक के अधिकारी एव कर्मचारी मौजूद रहे।

## इस वर्ष कांवड़ियों के लिए निगम द्वारा चलाई जाएंगी 350 बसें

**लोक प्रेरणा**
**साहिबाबाद।** इस बार कांवड़ियों के लिए परिवहन निगम सड़क पर 350 बसें उतारेगा। हरिद्वार और ऋषिकेश के लिए सावन में बसों में यात्रियों की संख्या में दोगुना से भी अधिक इजाफा होता



है। ऐसे में जिला प्रशासन के साथ ही परिवहन निगम ने इसकी तैयारियां शुरू कर दी हैं।
गाजियाबाद रीजन के क्षेत्रीय प्रबंधक केसरी नंदन चौधरी ने बताया कि गत वर्ष 320 बसें लगाई गई थीं लेकिन लोगों की भीड़ अधिक रही। ऐसे में इस बार 30 बसें और बढ़ाई गई हैं। कांवड़ियों की सुविधा को देखते हुए यह फैसला लिया गया है। गाजियाबाद रीजन के अंतर्गत सात बस डिपो आते हैं। इसमें मुख्य रूप से खुर्जा, बुलंदशहर, सिकंदराबाद, हापुड़, लोनी, साहिबाबाद, कौशांबी और गाजियाबाद शामिल हैं। किस डिपो से कितनी बसों का संचालन होगा इसकी सूची तैयार कर इसे सभी एआरएम को भेजकर तैयारियां शुरू करने को कहा गया है। सबसे अधिक बसें कौशांबी डिपो से 60 और साहिबाबाद डिपो की 55 चलाई जाएंगी। वहीं, गाजियाबाद बस अड्डा के साहिबाबाद डिपो में शिफ्ट होने के कारण इस बार मेरठ जाने वाली बसें जो हर बार सावन के दौरान कमलानेहरू नगर से चलती थीं इस बार कौशांबी डिपो से ही चलेंगी।

## एक बाइक छोड़कर दूसरी बाइक लेकर हुआ फरार हुए अज्ञात चोर

**लोक प्रेरणा**
**जैदपुर बाराबंकी।** दुकान से घर खाने खाने गये दूकान की मोटर साइकिल चोरी करने में असलता देख, चोर बाजार में मोटर साइकिल छोड़ हुआ फरार ,जबकि बाजार कटरा के मो० नाजिर की मोटर साइकिल चोरी होने की बात सामने? आ रही है। पुलिस द्वारा जांच पड़ताल जारी है। जानकारी के अनुसार कस्बे के चिकना महल के बिजात हसन पुत्र सरवर हसन डीलक्स मोटर यूपी 41 एई 3572 से दुकान से घर खाना खाने आये थे लगभग दो बजे घर के पास ही मोटर साइकिल थी और वो मस्जिद में नमाज पढ़ने लगे। नमाज के बाद जब वो बाहर आये तो मोटर साइकिल गायब होने से पैर तले जमीन खिसक गयी। इस पास लगे कैमरे में देखा गया कि एक व्यक्ति मोटरसाइकिल लेकर जा रहा है। लोगों के अनुसार वो व्यक्ति जैदपुर व आस पास का नहीं है। पीड़ित इस बात की सुचना देने पुलिस को जा रहा था कि लोगों ने बताया कि मोटरसाइकिल बाजार में खड़ी है। जबकि बाजार से मो० नाजिर पुत्र नूर अहमद की मोटर साइकिल डीलक्स यूपी 32 एसटी 7284 के चोरी होने का मामला सामने आया है। जिसकी सूचना पुलिस को मिलने पर जैदपुर पुलिस द्वारा सीसीकैमरे में आये फोटो को खंगालने के साथ जांच पड़ताल शुरू कर दी गयी है।

## मसौली पुलिस की लापरवाही, अभी तक नही दर्ज हुई चोरी की रिपोर्ट, मुख्यमंत्री से गुहार

लोक प्रेरणा
मसौली बाराबंकी। चोरी की रिपोर्ट दर्ज कराने के लिए दर दर की ठोकर खाने के बाद भी न पसीजी मसौली पुलिस की शिकायत मुख्यमंत्री से करने के बाद आखिरकार पुलिस को चोरी का मुकदमा दर्ज करना पड़ा। मसौली थाना क्षेत्र के ग्राम कुरथरा मजरे त्रिलोकपुर निवासी रेखा पत्नी तिवारी रावत ने प्रदेश के मुखिया योगी आदित्यनाथ को शिकायती पत्र देते हुए बताया कि गत 26 मार्च को हम सभी लोग अपने खेत काम करने गये थे । घर का दरवाजा बंद था तथा जीना खुला हुआ था। खेत मे काम करने के बाद शाम को आये तो देखा कि घर के कमरे में रखा बक्सा खुला था और उसमें एक प्लास्टिक के डिब्बे में रखी एक जोड़ी चांदी के पायल, एक चांदी की कमर करधनी, एक सोने का मंगलसूत्र एक ठप्पे का, दो सोने की टप्स गायब थी। काफी तलाश किया गया लेकिन पता नहीं सका चला, थोड़ी देर बाद जानकारी मिली कि पड़ोसी सनी पुत्र राजेश, हीरो पुत्र चंदे, रिंकी पत्नी हीरो ने छत के रास्ते घर में आकर चोरी किया है। जब मैने रिकी से पूछा तो उसने मेरी चुराई हुई टप्स वापस कर कहा कि मुझे यह छत पर कंडे में मिली है। पीड़िता ने मसौली पुलिस को चोरी की नामजद तहरीर दी लेकिन कोई कार्यवाही न होने पर पीड़िता रिपोर्ट दर्ज कराने के लिए दर दर भटकती रही आखिरकार मुख्यमंत्री से गुहार लगाने पर मसौली पुलिस ने मुकदमा दर्ज कर जांच शुरू की है।

## फहीम बने हज वेलफेयर सोसायटी के प्रदेश मीडिया प्रभारी

**लोक प्रेरणा**
**बाराबंकी।** जनपद बाराबंकी के फतेहपुर निवासी वरिष्ठ समाजसेवी एवं पत्रकार फहीम अहमद सिद्दीकी को ऑल इण्डिया हज वेलफेयर सोसायटी की उत्तरप्रदेश इकाई का प्रदेश मीडिया प्रभारी के पद पर नियुक्त किया गया है।आपकी नियुक्ति प्रदेश अध्यक्ष मोहम्मद असजद नोमानी की सहमति से की गई है। उनके मिडी प्रभारी बनने से फतेहपुर क्षेत्र में खुशी की लहर दौड पडी।

# रेड क्रॉस गाजियाबाद द्वारा क्षय रोगियों को पुष्टाहार का वितरण

## रेड क्रॉस और रोटरी का नाम टी. बी. उन्मूलन में हमेशा याद रहेगा

**लोक प्रेरणा**
**गाजियाबाद।** प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के आह्वान पर टी. बी. मुक्त भारत आंदोलन को सफल बनाने के लिए रेड क्रॉस और रोटरी का गठबंधन नित नए आयाम स्थापित कर रहा है। गाजियाबाद में रेडक्रॉस सोसाइटी गाजियाबाद के तत्वाधान में रोटरी क्लब गाजियाबाद ग्रेटर नेक्स्ट के सौजन्य से 25 पात्र चयनित क्षय रोगियों को मासिक पुष्टाहार पोटली का वितरण कियाह्न इस कार्यक्रम में रोटरी डिस्ट्रिक्ट 3012 के पूर्व डिस्ट्रिक्ट गवर्नर रो. अशोक अग्रवाल जी ने रेड क्रॉस और रोटरी द्वारा चल रहे इस सामूहिक प्रयास के लिए दोनों संस्थाओं को धन्यवाद दिया और सभी उपस्थित रोगियों को स्वस्थ रहने का मंत्र देते हुए नियमित रूप से दवाई लेने के साथ-साथ स्वास्थ्य के प्रति सजग रहने के लिए प्रोत्साहित किया। अशोक अग्रवाल



जी ने कहा कि कार्यक्रम में सम्मिलित होने पर मैं गौरवान्वित महसूस कर रहा हूं और आने वाले रोटरी वर्ष में भी इस भयंकर बीमारी को सामूल नष्ट करने के लिए जो भी अधिक से अधिक संभव हो सकेगा वो प्रयास किया जाएगा ।
रेडक्रॉस सभापति डॉ सुभाष गुप्ता ने वार्ता में बताया कि आज अशोक अग्रवाल जी के पधारने पर जनपद गाजियाबाद में टी. बी. के विरुद्ध युद्ध में और मजबूती मिलेगीह्न
आज के कार्यक्रम को सफल बनाने में विपिन अग्रवाल, सुरेंद्र शर्मा, आर. डी. शर्मा, नरेंद्र शर्मा, एम. सी. गौड़, एच. के. जोशी, गीता शर्मा, सरिता
अर्पिता, मंजू राघव, अनीता शर्मा के अतिरिक्त स्वास्थ्य विभाग से डॉ अशोक कुमार, संजय यादव व गौड़ का पूरा-पूरा सहयोग मिला तथा स्वस्थ जनपद का संकल्प लेते हुए सभी ने रेड क्रॉस की सदस्यता ग्रहण करने की अच्छा जाहिर की।

# शहर विधायक संजीव शर्मा ने गांव मवई में इंटरलॉकिंग टाइल्स लगाने और नालियों के निर्माण कार्य का शुभारंभ किया

## इंटरलॉकिंग टाइल्स लगाने और नालियों का निर्माण विधायक निधि से होगा

**लोक प्रेरणा**
**गाजियाबाद** । विधायक संजीव शर्मा जबसे शहर विधायक बने हैं, तभी से शहर में विकास कार्यो की आंधी चल रही है। हर रोज नए-नए विकास कार्यो के उदघाटन हो रहे हैं। विकास की इस कडी में बुधवार को गांव मवई में इंटरलॉकिंग टाइल्स लगाने और नालियों के निर्माण कार्य का शुभारंभ हुआ। शहर विधायक संजीव शर्मा ने क्षेत्रवासियों के साथ पूजा-अर्चना कर व नारियल फोडकर इंटरलॉकिंग टाइल्स



लगाने और नालियों के निर्माण कार्य का शुभारंभ किया। शहर विधायक संजीव शर्मा के मीडिया सलाहकार अजय चोपड़ा ने बताया कि वार्ड 58 के गांव मवई में विधायक निधि से तेजस के मकान से देवकीनंदन के मकान तक इंटरलॉकिंग टाइल्स लगाने और नालियों के निर्माण कार्य कराया जा रहा है। निर्माण कार्य का शुभारंभ विधायक संजीव शर्मा ने किया। क्षेत्रवासियों ने उनका जोरदार स्वागत किया और कहा कि यह उनके लिए गर्व की बात है कि उन्हें संजीव शर्मा जैसा जन प्रतिनिधि मिला, जो दिन-रात शहर का विकास कराने में लगे हैं। वे खुद लोगों के घर पहुंचते हैं और उनसे पूछते हैं कि कोई परेशानी तो नहीं है। कोई परेशानी होने पर उसे बताया जाता है तो उसका तुरंत निराकरण कराते हैं। विधायक संजीव शर्मा ने सभी क्षेत्रवासियों का आभार व्यक्त किया और कहा कि आप सबने अपने अमूल्य वोट से विजयी बनाया है तो आप सभी के भरोसे पर खरा उतरने के लिए वे सदैव तत्पर रहेंगे।

## पति की मौत के बाद पत्नी ने हड़पे फ्लैट बिक्री के बयाने के 6.30 लाख, मुकदमा दर्ज

**लोक प्रेरणा**
**इंदिरापुरम।** दिल्ली के गीता कॉलोनी निवासी प्रशांत चौधरी ने मध्य प्रदेश के ग्वालियर की रहने वाली प्रियल गुप्ता और उनके पिता राकेश गुप्ता के खिलाफ इंदिरापुरम थाने में मुकदमा दर्ज करवाया है। उन्होंने पिता-पुत्री पर फ्लैट खरीदने के लिए दिए गए बयाने की रकम 6.30 लाख रुपये हड़पने का आरोप लगाया है। साथ ही पुलिस से शिकायत करते हुए ब्याज समेत रकम दिलाने की मांग की है।
दर्ज मुकदमे में प्रशांत चौधरी ने बताया कि उन्होंने सात सितंबर 2024 को प्रियल के पति सौरभ गुप्ता से नीतिखंड स्थित उनका फ्लैट खरीदने का सौदा 63 लाख रुपये में किया था। सौदा होते ही उन्होंने सौरभ गुप्ता के बैंक खाते में अग्रिम राशि बतौर 6.30 लाख रुपये जमा करा दिए। बताया कि 27 अक्तूबर 2024 को सौरभ ने उसी फ्लैट में आत्महत्या कर ली। इसके बाद प्रियल ने सौरभ के बैंक खाते से रकम अपने खाते में स्थानांतरित करवा ली। आरोप है कि तब से प्रियल और उनके पिता राकेश उन्हें गुमराह करते हुए रकम वापस नहीं कर रहे हैं।एसीपी इंदिरापुरम अभिषेक श्रीवास्तव ने बताया कि मामले की जांच की जा रही है। दूसरे पक्ष से भी संपर्क कर जानकारी की जा रही है। तथ्यों के आधार पर आगे की कार्रवाई की जाएगी।

# अपराधियों पर सख्त कठोर कार्यवाही करेंः एसपी अर्पित

## पुलिस लाइन्स सभागार में अपराध गोष्ठी एवं सैनिक सम्मेलन कर सम्बन्धित को दिये निर्देश

**लोक प्रेरणा**
**बाराबंकी।** गुरुवार को पुलिस अधीक्षक अर्पित विजयवर्गीय द्वारा पुलिस लाइन्स सभागार में अपराध व कानून व्यवस्था के सम्बन्ध में गोष्ठी की गई। गोष्ठी में पुलिस अधीक्षक द्वारा प्रतिभाग कर कानून व्यवस्था के दृष्टिगत आवश्यक दिशा- निर्देश दिये गए। अपराध गोष्ठी के दौरान पुलिस अधीक्षक बाराबंकी द्वारा समस्त थानों द्वारा माल निस्तारण के सम्बन्ध में की जा रही कार्यवाही, विवेचनाओं के निस्तारण कानून व्यवस्था के सम्बन्ध में समीक्षा की गई साथ ही गम्भीर अपराधों/महिला सम्बन्धी अपराध के घटित होने पर तत्काल मौके पर जाने एवं आवश्यक कार्यवाही किये जाने, एफ.आई.आर. का शत-प्रतिशत पंजीकरण किये जाने व संगठित गिरोह बनाकर अपराध करने वाले अपराधियों के विरुद्ध 14(1) गैंगस्टर अधिनियम के तहत कार्यवाही किए जाने, गौ तस्करी व अन्य अपराध जैसे- चोरी/नकबजनी/लूट/हत्या व आई.जी.आर.एस. पोर्टल की शिकायतों तथा अन्य लम्बित



शिकायत प्रार्थना पत्र का गुणवत्ता पूर्वक निस्तारण किये जाने, वेरीफिकेशन सम्बन्धित प्रकरण शीघ्र निस्तारित करने, शातिर अपराधियों पर सतर्क दृष्टि रखने, भूमि विवाद के प्रकरणों को राजस्व विभाग से सामन्जस्य स्थापित कर मौके पर जाकर निस्तारित कराने, यूपी-112 के कर्मचारियों की सतर्कता परखने एवं उनका रिस्पान्स टाईम सुधारे जाने, विवेचनाओं की गुणवत्ता को सुधारे जाने, किरायेदारों/नौकरों के सत्यापन की कार्यवाही किये जाने, थाने के अभिलेखों को अद्यावधिक किये जाने हेतु निर्देशित किया गया।
किसी भी कार्यालय या थाने पर आने वाले आगुन्तकों के साथ अत्यन्त शालीनता का व्यवहार किया जाये तथा उसकी समस्याओं का निस्तारण थाने स्तर पर ही किये जाने के सम्बन्ध में निर्देशित किया गया। साथ ही पुलिस अधीक्षक द्वारा पुलिस लाइन सभागार में ही सैनिक सम्मेलन कर पुलिसकर्मियों की समस्याएं सुनी गयी तथा उनकी समस्या के निस्तारण हेतु सम्बधित को आवश्यक दिशा निर्देश दिये गए।

## डीएम ने पीएचसी का किया निरक्षण, गंदगी देख भड़के, दिए आदेश



**लोक प्रेरणा**
**सिद्धौर बाराबंकी।** डीएम शशांक त्रिपाठी ने बुधवार को पीएचसी मोतिकपुर और सेमरावां का औचक निरीक्षण किया। परिसर में गंदगी देखकर उन्होंने तत्काल सफाई कराने के निर्देश दिए। गुरुवार को दिन में करीब दो बजे उनका काफिला कोठी से निकलकर पीएचसी सेमरावां पहुंचा। जिलाधिकारी ने यहां एमओ कक्ष, इंजेक्शन रूम आदि को देखा। परिसर में व्याप्त गंदगी को देखकर इसकी साफ सफाई के निर्देश दिए। उनके निरीक्षण तक अस्पताल में 16 मरीजों के पर्चे भी बन चुके थे। परिसर में स्थित डॉक्टर, एएनएम आवास देखा। उसकी सफाई कराने के निर्देश दिए है। स्टाफ की कमी को लेकर जल्द ही तैनाती का आश्वासन भी दिया।वही एक सप्ताह के भीतर पीएचसी जाने वाली सड़क पटरी को साफ करने के निर्देश दिए। परिसर के आस पास गंदगी व उगी घास को साफ कराने के निर्देश बीडीओ सिद्धौर डॉ विनय कुमार मिश्र को दिए। इस मौके पर सीएमओ डॉक्टर अवधेश यादव, डॉ अजय कुमार, प्रभारी फामेर्सी मो. शरीफ, स्टॉप नर्स अजीत कुमार थे। इसके बाद डीएम का काफिला मोतिकपुर पीएचसी पहुंचा। जहां पर उन्होंने साफ सफाई व्यवस्था का जायजा लेते हुए पुरानी जर्जर बिल्डिंग का भी निरीक्षण किया। इस मौके पर सचिन रवि प्रकाश अवस्थी व हरिराम आदि लोग मौजूद थे।

## जानलेवा हमले के दोषी को 10 वर्ष का कारावास

**फिरोजाबाद।** न्यायालय ने बुधवार को जानलेवा हमले के दोषी को 10 वर्ष के कारावास की सजा सुनाई है। उस पर अर्थ दंड लगाया है। अर्थ दंड न देने पर उसे अतिरिक्त सजा भुगतनी होगी।
थाना फरिहा क्षेत्र में कुछ लोगों ने सहीम को गोली मारकर घायल कर दिया था। वह 26 जनवरी को अपने दोस्त कुलदीप के साथ बाइक से अपने गांव खेड़िया आ रहा था।
रास्ते में हमलावरों ने उनकी बाइक रोक घटना को अंजाम दिया। घायल के भाई ने मामले में नसीम उर्फ कंजा, श्यामदार, नियामत, जफत खान, नूरे हसन व पप्पू के खिलाफ मुकदमा दर्ज कराया था। पुलिस ने विवेचना के बाद न्यायालय में चार लोगों के खिलाफ आरोप पत्र दाखिल किया। मुकदमा अपर सत्र न्यायाधीश कोर्ट संख्या 7 जितेंद्र गुप्ता की अदालत में चला। अभियोजन की तरफ से मुकदमे की पैरवी विशेष लोक अभियोजक नारायण सक्सेना ने की। मुकदमे के दौरान न्यायालय में कई गवाहों ने गवाही दी। कई साक्ष्य न्यायालय के सामने पेश किए गए। गवाहों की गवाही तथा

# एसपी अर्पित के आदेश पर जनपद के थानों में हुआ ग्रामीणों से सीधा सवांद

**लोक प्रेरणा**
**बाराबंकी।** पुलिस अधीक्षक द्वारा ग्रामीणों से सीधा संवाद स्थापित करने हेतु शुरू की गयी एक नई पहल पर जनपद के सभी थानों की एक-एक ग्राम पंचायत में किया गया चौपाल का आयोजन। जनपद के तेजतर्रार एसपी द्वारा ग्रामीणों से सीधा संवाद स्थापित करने हेतु एक नई पहल की शुरूआत की गयी है, जिसमें सप्ताह के प्रत्येक बुधवार को जनपद के सभी थानों की एक-एक ग्राम पंचायत में चौपाल का आयोजन किया जा रहा है। चौपाल का उद्देश्य ग्रामीणों से सीधा संवाद स्थापित करते हुए उनकी समस्याओं को सुनकर मौके पर ही प्राथमिक स्तर पर निस्तारित किया जाना है जिससे पुलिस के प्रति जनता में विश्वास बढ़े और जनसंवाद का स्तर उच्चकोटि का हो सके। इसी क्रम में जनपद के



सभी थानों में राजस्व एवं पुलिस के अधिकारी/कर्मचारीगण तथा स्थानीय जनप्रतिनिधि के उपस्थिति में ग्राम वासियों के बीच चौपाल का आयोजन कर उनकी समस्या को सुना गया एवं मौके पर ग्रामीणों की समस्याएं जैसे भूमि विवाद, पैसे की लेन-देन, चकमार्ग,नाली सम्बन्धी आदि शिकायतों को मौके पर ही प्राथमिक स्तर पर निस्तारण कराया गया। उक्त कार्यवाही की जनता द्वारा सराहना की गयी। बाराबंकी पुलिस द्वारा ग्राम अपराध रजिस्टर में अंकित विवादित मामलों का अवलोकन कर उनके बारे में जानकारी की गयी एवं मामले की वर्तमान स्थिति के बारे में अन्य जानकारी प्राप्त की गयी। साथ ही शस्त्र धारकों व हिस्ट्रीशीटर के बारे में भी जानकारी ली गई। चौपाल में उपस्थित ग्राम वासियों को ग्राम चौपाल के योजना के महत्व एवं साइबर क्राइम, यातायात जागरूकता से अवगत कराते हुए सतर्क रहने एवं विभिन्न हेल्पलाइन नंबर 1090/112/1076/108/1930 के बारे में स्पष्ट रूप से अवगत कराया गया।

**इन थानों में हुआ ग्रामीणों की समस्याएं हल**

थाना देवा क्षेत्रान्तर्गत ग्राम मोहम्मदपुर में दो पक्षों के मध्य नाली से सम्बन्धित करीब 03 वर्ष पुराने विवाद को राजस्व विभाग की मदद से निस्तारित कराया गया। थाना बड्डूपुर क्षेत्रान्तर्गत ग्राम गोपालपुर में दो पक्षों के मध्य नाली से सम्बन्धित 02 वर्ष पुराने विवाद को राजस्व विभाग की मदद से निस्तारित कराया गया। थाना सतरिख क्षेत्रान्तर्गत ग्राम भिटौली में दो पक्षों के मध्य चकमार्ग से सम्बन्धित करीब 02 वर्ष पुराने विवाद व नाद रखने सम्बन्धी 06 माह पुराने विवाद को राजस्व विभाग की मदद से निस्तारित कराया गया। थाना दरियाबाद क्षेत्रान्तर्गत ग्राम सैदखानपुर में दो पक्षों के मध्य पैसे के लेन-देन सम्बन्धी 8 माह पुराने विवाद व दो पक्षों के मध्य रास्ते से सम्बन्धित करीब 51 वर्ष पुराने विवाद को राजस्व विभाग की मदद से निस्तारित कराया गया। थाना लोनीकटरा क्षेत्रान्तर्गत ग्राम ककरी में दो पक्षों के मध्य नाली का पानी रोकने से सम्बन्धित विवाद को राजस्व विभाग की मदद से निस्तारित कराया गया।

# पत्नी से अभद्र टिप्पणी का विरोध करबे पर रिश्तेदारों ने पति को पीटा

लोक प्रेरणा
जैदपुर बाराबंकी। दुकान से लौट रहे व्यापारी पर हमला पत्नी से अभद्र टिप्पणी का विरोध करने पर रिश्तेदारों ने लाठी-डंडों से पीटा, थाने में शिकायत की मामला थाना क्षेत्र में एक व्यापारी पर उसके रिश्तेदारों ने जानलेवा हमला किया है। घटना मंगलवार शाम 7 बजे जैदपुर हरख मार्ग के बलछत गांव के पास की है। ज्ञात होकि हाजी दरोगा मार्केट में दुकान चलाने वाले सोहराब अपनी दुकान बंद कर बाइक से घर लौट रहे थे। इसी दौरान पाटमऊ गांव के कुछ लोगों ने उन पर हमला कर दिया। हमलावरों ने लाठी-डंडों से सोहराब को पीटा, जिससे उनके सिर पर गंभीर चोटें आईं।पीड़ित सोहराब ने बताया कि पाटमाऊ के रहने वाले उनके रिश्तेदार कुरैशी, एकराम का पुत्र जुनेद और कुछ अन्य लोग उनकी पत्नी पर अभद्र टिप्पणी करते थे। जब सोहराब ने इसका विरोध किया, तो विपक्षी नाराज हो गए और उन्होंने यह हमला किया। पीड़ित सोहराब ने जैदपुर थाने में लिखित शिकायत दर्ज कराई है। थाना प्रभारी संतोष कुमार सिंह ने कहा कि शिकायती पत्र मिल गया है और जांच के बाद कानूनी कार्रवाई की जाएगी।



